CMYK

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम :23°C
न्यूनतम: 11°C

मुरादाबाद, बुधवार 26 नवम्बर 2025 मुरादाबाद संस्करण: वर्ष 23 अंक 102 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com मार्गशीर्ष शुक्ल पक्ष 6 विक्रमी सम्वत् 2082 4 जमादिउल उखरा 1447 हिजरी नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



दुनिया के लिए मार्गदर्शक है भारत का संविधान: बिरला पेज 2



टी-20 विश्वकप: 15 फरवरी को होगी भारत-पाकिस्तान की भिड़ंत खेल टाइम्स



यूपी विधानसभा चुनावों में ओवैसी का अखिलेश यादव से मुलाकात का वादा सम्पादकीय



पाकिस्तान ने की आधी रात अफगानिस्तान में तीन एयरस्ट्राइक, 10 की मौत पेज 12

# हिरासत में हिंसा और मौत सिस्टम पर धब्बा: सुप्रीम कोर्ट

## शीर्ष अदालत की सख्त टिप्पणी: देश नहीं करेगा बर्दाश्त

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने कड़ी टिप्पणी करते हुए कहा कि पुलिस हिरासत में हिंसा और मौतें हमारी व्यवस्था पर एक 'बड़ा दाग' है और देश अब इसे किसी भी हालत में बर्दाश्त नहीं करेगा।

सुप्रीम कोर्ट एक मामले का स्वत: संज्ञान लेते हुए सुनवाई कर रहा है, जो देशभर के पुलिस थानों में सीसीटीवी के ठीक से न चलने से जुड़ा है। अदालत ने इस दौरान राजस्थान में आठ महीनों में 11 हिरासत में मौतों पर गहरी चिंता जताई। दो जजों की बेंच न्यायमूर्ति विक्रम नाथ और संदीप मेहता ने मामले में कहा कि देश अब ऐसी घटनाओं को बर्दाश्त नहीं करेगा। यह सिस्टम पर धब्बा है। हिरासत में मौतें नहीं हो सकतीं। वहीं सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कहा कि हिरासत में मौत को कोई भी व्यक्ति सही नहीं ठहरा सकता, लेकिन कोर्ट इस बात से नाराज हुआ कि केंद्र सरकार ने अब तक अपनी अनुपालन रिपोर्ट दाखिल नहीं की है। अदालत ने इस पर तीखा सवाल किया और पूछा कि केंद्र सरकार इस अदालत को हल्के में क्यों ले रही है? इसके बाद केंद्र ने तीन हफ्ते के भीतर हलफनामा देने का वादा किया।

**सुप्रीम कोर्ट ने राजस्थान में आठ महीनों में 11 हिरासत में मौतों पर गहरी चिंता जताई**



## आर्मी अफसर की बर्खास्तगी सही, अपील खारिज

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को आर्मी के एक पूर्व ईसाई अफसर की उस याचिका को खारिज कर दिया, जिसमें उसने अपनी बर्खास्तगी को चुनौती दी थी।

अफसर पर आरोप था कि उसने अपने तैनाती स्थल पर रेजिमेंट की धार्मिक गतिविधियों में भाग लेने से इन्कार किया था। इसके बाद आर्मी ने उसे बर्खास्त कर दिया। सीजेआई सूर्यकांत और जस्टिस जॉयमाल्या बागची की बेंच ने अफसर को आर्मी के लिए मिस फिट माना और हाईकोर्ट के फैसले को बरकरार रखा। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि यह

■ **कहा- आप सेना के लायक नहीं, धार्मिक आदेश न मानने पर सेना से निकाले गए थे**

आचरण गंभीर अनुशासनहीनता है और सेना जैसी संस्था में इसे बर्दाश्त नहीं किया जा सकता। यह मामला 2017 का है। अफसर सैमुअल कमलेसन 3तक कैवेलरी रेजिमेंट में लेफ्टिनेंट बने। उनकी यूनिट में मंदिर और गुरुद्वारा था, जहां हर हफ्ते धार्मिक परेड होती थी। वे अपने सैनिकों के साथ वहां तक जाते थे, लेकिन मंदिर के सबसे अंदर वाले हिस्से में पूजा, हवन या आरती के दौरान जाने से मना करते थे। उनका कहना था कि उनकी ईसाई मान्यता इसकी अनुमति नहीं देती और उनसे किसी देवी-देवता की पूजा करवाना गलत है।

### महाराष्ट्र स्थानीय निकाय चुनाव मामले की सुनवाई टली

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय नेमहाराष्ट्र स्थानीय निकाय चुनावों से संबंधित मामले की सुनवाई को शुक्रवार तक के लिए स्थगित कर दिया। राज्य सरकार ने आरक्षण की 50 प्रतिशत सीमा से जुड़े मुद्दों पर राज्य चुनाव आयोग के साथ परामर्श जारी रहने का हवाला देते हुए समय मांगा था। मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत और न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची की पीठ को आयोग ने बताया कि 242 नगर परिषदों और 42 नगर पंचायतों के चुनाव के लिए दो दिसम्बर की तारीख पहले ही अधिसूचित की जा चुकी है।

## संक्षिप्त समाचार

### ज्वालामुखी विस्फोट के कारण प. एशिया की कई उड़ानें रद्द

**नई दिल्ली।** इथोपिया में हेली गुब्बी ज्वालामुखी विस्फोट से निकले राख के बादलों की वजह से भारत से पश्चिम एशियाई शहरों को जाने वाली कई उड़ानें रद्द करनी पड़ी हैं। टाटा समूह की विमान सेवा कंपनी एयर इंडिया ने मंगलवार को बताया कि उसने सोमवार और मंगलवार को अबतक कुल 13 उड़ानें रद्द की हैं। अकासा एयर ने भी बताया कि उसने सोमवार और मंगलवार को जेद्दा, कुवैत और अबु धाबी को जाने वाली अपनी सभी उड़ानें रद्द कर दी हैं। एयर इंडिया ने बताया कि सोमवार को सात उड़ानें रद्द कीं। इनमें अमेरिका के नेवार्क से दिल्ली, न्यूयॉर्क से दिल्ली, दुबई से हैदराबाद, कतर के दोहा से मुंबई, दुबई से चेन्नई, दम्मम से मुंबई और दोहा से दिल्ली की उड़ानें शामिल हैं। एयरलाइंस ने मंगलवार को चेन्नई-मुंबई, हैदराबाद- दिल्ली, मुंबई-हैदराबाद, हैदराबाद-मुंबई, मुंबई-कोलकाता और कोलकाता मुंबई उड़ानें रद्द की हैं। एयरलाइंस ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर बताया कि वह जो विमान ज्वालामुखी से निकले राख के बादलों वाले इलाकों से होकर गुजरे हैं उनकी जांच की जा रही है। उसने बताया कि प्रभावित यात्रियों को ग्राउंड टीम हरसंभव सहायता मुहैया कराई जा रही है।

### ज्वालामुखी विस्फोट के कारण फिलहाल चिंता की बात नहीं

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने मंगलवार को कहा कि वह इथोपिया में हेली गुब्बी ज्वालामुखी के फटने के बाद स्थिति पर लगातार नजर रख रही है और फिलहाल उड़ानों को लेकर चिंता की बात नहीं है। नागरिक उड्डयन मंत्रालय ने मंगलवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट में बताया कि ज्वालामुखी से निकले राख के बादल पूर्व दिशा में बढ़ रहे हैं। ऐसे में एटीसी, मौसम विभाग, विमान सेवा कंपनियों और अंतर्राष्ट्रीय विमानन एजेंसियों के साथ वह भी निर्बाध समन्वय सुनिश्चित कर रहा है। भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण (एएआई) ने पायलटों के लिए जरूरी नोटिस जारी किया है।

### राजस्थान-मप्र के 16 शहरों में तापमान 10 डिग्री से नीचे

**नई दिल्ली।** देश के पहाड़ी राज्यों में बर्फबारी और सर्द हवाओं से मैदानी राज्यों में ठिठुरन बढ़ने लगी है। राजस्थान में सोमवार को कोटा, उदयपुर समेत कई जिलों में दिन के तापमान में 2 डिग्री सेल्सियस तक गिरावट हुई। 10 शहरों में न्यूनतम तापमान 10 डिग्री से कम रहा। फतेहपुर में सबसे कम, 5.8 डिग्री तापमान दर्ज हुआ। मध्य प्रदेश में भी सर्द हवाओं ने ठिठुरन बढ़ा दी है। नौगांव, राजगढ़, नरसिंहपुर और रीवा में सोमवार को तापमान 8 से 10 डिग्री के बीच रहा। भोपाल सहित कई जिलों में लगातार तीसरे दिन बादल छाए रहे। मौसम विभाग ने राज्य में अगले चार दिन तक शीतलहर से राहत की संभावना जताई है। इधर, बिहार में सर्दी के साथ घने कोहरे का असर बढ़ गया है। बीते दिन, पटना, खगड़िया, गोपालगंज, सारण, बेगूसराय समेत 10 शहरों में सुबह-सुबह घना कोहरा देखने को मिला।

### अयोध्या में राम मंदिर में ध्वजारोहण की प्रक्रिया हुई पूरी

# सदियों के घाव अब भर रहे हैं: मोदी

**कहा- हमारा बहुत पुराना सपना अब पूरा हुआ, हम ऐसा समाज बनाएं, जहां कोई गरीब न हो**

**बटन दबते ही मंदिर के शीर्ष पर फहराया ध्वज, मोदी हुए भावुक, आंसू पोछते दिखे साधु- संत**

अयोध्या, वार्ता

**राम मंदिर** में ध्वजारोहण की प्रक्रिया पूरी हुई। इस मौके पर पीएम मोदी ने अपार जनसमूह को संबोधित करते हुए कहा कि हमारा बहुत पुराना सपना अब पूरा हुआ। सदियों पुराने घाव थे अब वह धीरे-धीरे भरने शुरू हुए। पीएम ने कहा कि हम ऐसा समाज बनाएं, जहां कोई गरीब न हो। कोई पीड़ित न हो। यह ध्वज युगों-युगों तक श्री राम के आदेशों और प्रेरणाओं को मानव मात्र तक पहुंचाएगा।

उन्होंने हर दानवीर, श्रमवीर, कारीगर, योजनाकार, वास्तुकार का अभिनंदन किया। यही वह नगरी है, जहां से श्रीराम ने अपना जीवन पथ शुरू किया था। विकसित भारत बनाने के लिए समाज की सामूहिक शक्ति की आवश्यकता है। यहां सप्त मंदिर बने हैं। यहां निषाद राज का मंदिर बना है, जो साधन नहीं साध्य और उसकी भावनाओं को पूजती है। यहां जटायु जी और गिलहरी की भी मूर्ति है, जो बड़े संकल्प की सिद्धि के लिए हर छोटे से छोटे प्रयास को दिखाती है। पीएम मोदी के बटन दबाते ही झंडा धीरे-धीरे ऊपर चढ़ता हुआ मंदिर के शीर्ष पर विराजमान हो गया। जैसे-जैसे झंडा ऊपर चढ़ता गया पीएम मोदी टकटकी लगाए उसे देखते रहे। पीएम मोदी इन पलों में भावुक नजर आए। ध्वजारोहण के समय सामने की कतार में साधु-संत बैठे हुए थे। वह भी भावुकता में अपने आंसू पोछते हुए नजर आए। इस कार्यक्रम में देश-दुनिया के करीब आठ हजार लोग आमंत्रित किए गए थे। निर्धारित शुभ मुहूर्त में प्रधानमंत्री ने राम मंदिर के मुख्य शिखर पर धर्मध्वज फहराया। जैसे ही केसरिया ध्वज पवन के संग लहराया, पूरा परिसर 'जय श्री राम' के उद्घोष से गूंज उठा। क्षण भर में वातावरण आध्यात्मिक ऊर्जा से भर गया और श्रद्धालुओं की भावनाएं उमंग में बदल गईं। धर्मध्वज फहराने से पहले वैदिक मंत्रोच्चार के बीच व्यापक पूजन-अर्चन सम्पन्न हुआ। यज्ञकुंडों से उठती आहुतियों की सुगंध और नगाड़ों की गूंज ने समारोह को भव्यता प्रदान की। पीएम ने ध्वजारोहण कर राष्ट्र को सनातन परंपरा की अखंडता, आस्था और सांस्कृतिक स्वाभिमान का संदेश दिया। इस अवसर पर देश-दुनिया से आए संत-महंत, विशिष्ट अतिथि और हजारों श्रद्धालु मौजूद रहे। सुरक्षा के कड़े इंतजामों के बीच राम नगरी उत्सव के रंग में डूबी रही। मंदिर परिसर से लेकर सरयू तट तक हर ओर दीप, पुष्प और रंगोलियों से सजा माहौल इस ऐतिहासिक उत्सव का साक्षात अनुभव करा रहा था। इस मौके पर सर संघचालक मोहन भागवत ने कहा कि आज हम सबके लिए सार्थकता का दिन है। इसके लिए जितने लोगों ने प्राण न्योछावर किए, उनकी आत्मा तृप्त हुई होगी। अशोक जी को वहां पर शांति मिली होगी। आज मंदिर का ध्वजारोहण हो गया। राम राज्य का ध्वज जो कभी अयोध्या में फहराता था, आज वह फहरा गया है। इस भगवा ध्वज पर रघुकुल का प्रतीक कोविदार वृक्ष है। यह वृक्ष रघुकुल की सत्ता का प्रतीक है। यह वह वृक्ष है जिसके लिए कहा जाता है, कि वृक्ष सबके लिए छाया देते हैं, स्वंय धूप में खड़े रहकर, फल भी दूसरों के लिए देते हैं। जाते जितनी कठिनाईयां हों, सूर्य भगवान उस संकल्प का प्रतीक है। इसमें सिर्फ एक ही पहिया है। जैसे सपना उन लोगों ने देखा था, बिल्कुल वैसा ही या यूं कहें कि उससे भी भव्य मंदिर बन गया है। सीएम योगी आदित्यनाथ के संबोधन में एक नई उर्जा दिखाई दी।



**ये भारतीय सभ्यता के पुनर्जागरण का ध्वज**

आज अयोध्या नगरी भारत की सांस्कृतिक चेतना के एक और उत्कर्ष-बिंदु की साक्षी बन रही है। श्रीराम जन्मभूमि मंदिर के शिखर ध्वजारोहण उत्सव का यह क्षण अद्वितीय और अलौकिक है। ये धर्म ध्वजा केवल एक ध्वज नहीं, ये भारतीय सभ्यता के पुनर्जागरण का ध्वज है। ये ध्वज संघर्ष से सृजन की गाथा है, सदियों से चले आ रहे स्वप्नों का साकार स्वरूप है, संतों की साधना और समाज की सहभागिता की सार्थक परिणीति है..

\- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी

# चुनाव आयोग अब बीजेपी आयोग बन गया: ममता बनर्जी

**बोनगांव।** पश्चिम बंगाल की सीएम ममता बनर्जी ने मंगलवार को कहा कि चुनाव आयोग अब निष्पक्ष नहीं रहा। यह 'बीजेपी आयोग' बन गया है। उन्होंने कहा कि अगर उन्हें बंगाल में चुनौती दी गई, तो वे पूरे देश में बीजेपी की नींव हिला देंगी।

ममता बोनगांव में एंटी-एसआईआर रैली को संबोधित कर रही थीं। ममता ने दावा किया कि यदि राज्य के मतुआ-बहुल क्षेत्रों में रहने वाले लोग नागरिकता (संशोधन) अधिनियम: सीएए के तहत स्वयं को विदेशी घोषित करते हैं, तो उन्हें तुरंत वोटर लिस्ट से हटा दिया जाएगा। इधर टीएमसी के 10 सांसद 28 नवम्बर को चुनाव आयोग से मिलेंगे। इसके लिए मंगलवार को पार्टी सांसद डेरेक ओ ब्रायन ने चीफ इलेक्शन कमिश्नर (सीईसी) ज्ञानेश कुमार को लेटर लिखकर सभी 10 सांसदों के नाम भेजे हैं। ममता ने पूछा- अगर एसआईआर का मकसद अवैध बांग्लादेशियों को हटाना है, तो बीजेपी शासित राज्यों में एसआईआर क्यों कराया जा रहा है? क्या बीजेपी यह स्वीकार कर रही है कि उसके 'डबल इंजन' वाले राज्यों में भी घुसपैठिए मौजूद हैं? अगर बांग्लादेशी समस्या है, तो आप मध्य प्रदेश और उत्तर प्रदेश में एसआईआर क्यों चला रहे हैं? एक बार एसआईआर के बाद आई ड्राफ्ट वोटर लिस्ट सामने आ जाएगी, तब लोग समझ जाएंगे कि चुनाव आयोग और बीजेपी ने कितना बड़ा 'विनाश' किया है। मुझे बांग्लादेश एक देश के रूप में बहुत पसंद है, क्योंकि हमारी भाषा एक जैसी है। मैं बीरभूम से हूं, लेकिन एक दिन वे मुझे बांग्लादेशी कहेंगे। प्रधानमंत्री मोदी को 2024 में इसी वोटर लिस्ट के आधार पर वोट मिले थे। अगर आपका नाम हटा दिया जाता है, तो केंद्र सरकार को भी हटा देना चाहिए। इतनी जल्दी में एसआईआर क्यों चलाया जा रहा है? जब तक मैं यहां हूं, मैं उन्हें आपको बाहर (वोटर लिस्ट से) नहीं निकालने दूंगी। कोई भी आपको बाहर नहीं निकाल सकता।



■ **कहा: यह निष्पक्ष संस्था नहीं, 10 टीएमसी सांसद 28 नवम्बर को इलेक्शन कमीशन से मिलेंगे**

### तृणमूल नेताओं से मिलने पर चुनाव आयुक्त ने जताई सहमति

**नई दिल्ली।** मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने पश्चिम बंगाल में एसआईआर मामले में बढ़ते तनाव को लेकर तृणमूल कांग्रेस के नेताओं से मिलने के लिए सहमति जताई है। यह मुलाकात 28 नवम्बर को पूर्वाह्न 11 बजे होगी। श्री कुमार ने यह फैसला आगामी चुनावों से पहले राजनीतिक दलों से मिलकर उनकी चिंताओं को दूर करने की कोशिशों के तहत लिया है।

# विधानसभा में सीएम सरमा बोले- सिंगर जुबीन का मर्डर हुआ

**गुवाहाटी।** असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने मंगलवार को विधानसभा में बताया कि सिंगर जुबीन गर्ग की मौत कोई हादसा नहीं, बल्कि हत्या थी। सरमा ने कहा कि यह गैर इरादतन हत्या या आपराधिक साजिश नहीं, बल्कि साफ-साफ मर्डर था। सीएम ने दावा किया कि एक आरोपी ने सिंगर की जान ली। वहीं अन्य लोगों ने हत्या में उसकी मदद की।

असम विधानसभा में विपक्षी पार्टियां जुबीन की मौत पर चर्चा के लिए स्थगन प्रस्ताव लेकर आई थीं। जिस पर सीएम सरमा ने विधानसभा में शीतकालीन सत्र के पहले दिन जवाब दिया। सीएम ने बताया कि एसआईटी ने अब तक इस मामले में सात लोगों को गिरफ्तार किया है, 252 गवाहों से पूछताछ की है और 29 सामान जब्त किए हैं। सीएम ने बताया कि गिरफ्तार आरोपियों में 4 से 5 लोगों पर हत्या का मामला दर्ज किया गया है। 52 साल के सिंगर-म्यूजिशियन जुबीन की 19 सितम्बर को सिंगापुर में समुद्र में तैरते समय संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई थी। वे नॉर्थ ईस्ट इंडिया फेस्टिवल (एनईआईएफ) में भाग लेने गए थे। उनकी मौत के खिलाफ राज्य भर में 60 से अधिक मामले दर्ज हुए थे। जुबीन की मौत मामले में पुलिस ने एनईआईएफ इवेंट के आयोजक श्यामकानु महंत, जुबीन के चचेरे भाई और पुलिस अधिकारी संदीपन गर्ग, मैनेजर सिद्धार्थ शर्मा, उनके बैंड के दो मेंबर- शेखर ज्योति गोस्वामी और अमृतप्रभा महंत को गिरफ्तार किया है। जुबीन के निजी सुरक्षा अधिकारियों- नंदेश्वर बोरा और प्रबीन बैश्य को भी गिरफ्तार कर लिया गया, जब पुलिस को उनके खातों से 1.1 करोड़ रुपये से अधिक के बड़े वित्तीय लेनदेन का पता चला। गिरफ्तार किए गए सभी सात लोग अभी न्यायिक हिरासत में हैं।



■ **मौत हादसा नहीं, एक आरोपी ने जान ली**

■ **बाकियों ने मदद की, अब तक सात गिरफ्तार**

# अब भारत खरीदार नहीं, तकनीक का निर्माता: रक्षा मंत्री

## राजनाथ बोले: देश में स्वदेशीकरण आंदोलन चल रहा है, भारत की समुद्री शक्ति में हुई बढ़त

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** दिल्ली में आयोजित भारतीय नौसेना के सेमिनार 'स्वावलंबन 2025' में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने देश की बढ़ती आत्मनिर्भरता और बदलते रक्षा ढांचे पर बड़ा बयान दिया। उन्होंने कहा कि भारत अब केवल हथियार खरीदने वाला देश नहीं, बल्कि तकनीक बनाने, विकसित करने और निर्यात करने वाली ताकत बन रहा है। उनके मुताबिक देश में चल रहा स्वदेशीकरण आंदोलन सिर्फ नीतियों का परिणाम नहीं, बल्कि वैज्ञानिकों, इनोवेटर्स, स्टार्टअप्स और युवाओं की कड़ी मेहनत का प्रमाण है।

राजनाथ सिंह ने कहा कि भारत रक्षा क्षेत्र में आयातक नहीं, बल्कि निर्माता और अगुआ बनते हुए दुनिया को नई दिशा दिखा रहा है। उन्होंने बताया कि इनोवेशन और प्रोटोटाइप्स ने यह साबित कर दिया है कि भारत अब तकनीक का उपभोक्ता नहीं, बल्कि निर्यातक बनने की राह पर मजबूती से आगे बढ़ चुका है। उन्होंने कहा कि यह परिवर्तन वास्तविक स्वावलंबन की ओर बढ़ते राष्ट्रीय संकल्प का संकेत है। रक्षा मंत्री ने कहा कि भारत को विदेशी रक्षा उपकरणों पर निर्भरता कम करनी होगी। उन्होंने बताया कि किसी भी बड़े उपकरण को विदेश से खरीदना सिर्फ तत्काल लागत का मामला नहीं होता, बल्कि उसके रखरखाव, मरम्मत और स्पेयर पार्ट्स की दीर्घकालिक लागत भी देश को झेलनी पड़ती है। इसीलिए उन्होंने मजबूत और आत्मनिर्भर आपूर्ति श्रृंखला की जरूरत पर जोर दिया। उनके अनुसार भारत की सुरक्षा प्रणाली तभी मजबूत होगी, जब उसका तकनीकी ढांचा पूरी तरह भारत में विकसित और संचालित हो। स्वावलंबन 2025 में बोलते हुए सिंह ने कहा कि भारत आज समुद्री शक्ति के रूप में उभर रहा है और इसमें नौसेना के साथ देश के इनोवेटर्स का भी बड़ा योगदान है। उन्होंने कहा कि आज दुनिया में बहु-उपयोगी तकनीक का महत्व तेजी से बढ़ रहा है और भारत के युवा इनोवेटर्स इसी दिशा में नई ऊंचाइयों को छू रहे हैं। सिंह ने कहा कि वह जब भी इन युवा शोधकर्ताओं और स्टार्टअप्स से मिलते हैं, तो उनके अंदर समस्याओं को हल करने का आत्मविश्वास दिखाई देता है, जो उभरते भारत की पहचान है।



■ **भारत रक्षा क्षेत्र में आयातक नहीं, बल्कि निर्माता और अगुआ बनते हुए दुनिया को नई दिशा दिखा रहा**

# एसआईआर का मकसद इंडिया गठबंधन के वोट काटना: कांग्रेस

नई दिल्ली, वार्ता

कांग्रेस को चिंता है कि यूपी में चल रहे स्पेशल इंटेंसिव रीविजन (एसआईआर) की वजह से 2024 में इंडिया ब्लॉक द्वारा जीती गई हर पार्लियामेंट्री सीट पर लगभग 50,000 वोट कम हो जाएंगे। कांग्रेस और समाजवादी पार्टी के नेतृत्व वाले ब्लॉक ने 2024 के लोकसभा चुनाव में राज्य की कुल 80 लोकसभा सीटों में से 43 जीती थीं।

इनमें कांग्रेस ने 6 और सपा ने 37 सीटें जीती थीं, जिससे बीजेपी को बड़ा झटका लगा था, जिससे 2019 के मुकाबले इसकी सीट 62 से घटकर 33 रह गई थी। राज्य में 2026 में लोकल बॉडी इलेक्शन और 2027 में असेंबली इलेक्शन होंगे जो बीजेपी और इंडिया ब्लॉक दोनों के लिए अहम होंगे। हालांकि कांग्रेस डर है कि यूपी में चल रहे स्पेशल इंटेंसिव रीवीजन के जरिए विपक्ष के वोटर्स की संख्या कम



**■ यूपी में एसआईआर के जरिये विपक्ष के वोटर्स की संख्या कम की जाएगी**

की जाएगी, जैसा कि बिहार में किया गया था, जहां इंडिया ब्लॉक हाल ही में एनडीए से चुनाव हार गया था। कांग्रेस के यूपी इंचार्ज अविनाश पांडे ने बताया कि यह बीजेपी की प्लानिंग है। उन्होंने बिहार में विपक्ष के हजारों वोट कम कर दिए। हमने बिहार में एसआईआर से जुड़े कई सवाल उठाए थे, लेकिन चुनाव आयोग ने इस पर कोई सफाई नहीं दी। अब वही एसआईआर उत्तर प्रदेश में जल्दबाजी में लागू किया जा रहा है। इस काम का असली मकसद 2024 में इंडिया ब्लॉक द्वारा जीती गई लोकसभा सीटों पर विपक्ष के बड़े वोट कम करना है। यह 2027 के चुनावों को ध्यान में रखकर किया जा रहा है। बीजेपी ने पहले से ही एक छोटी वोटर लिस्ट तैयार कर ली थी और इसलिए वोटरों और जमीन पर बीएलओ दोनों को होने वाली एडमिनिस्ट्रेटिव दिक्कतों की परवाह किए बिना उत्तर प्रदेश में एसआईआर को जल्दबाजी में लागू कर रही थी।

## आरएसएस शुरू से ही रहा संविधान पर हमलावर

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने कहा है कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) शुरु से ही संविधान विरोधी रहा है और इसीलिए इसे अपनाए जाने के तत्काल बाद से ही उसने संविधान पर हमला शुरु कर दिया था। कांग्रेस संचार विभाग के प्रभारी जयराम रमेश ने मंगलवार को सोशल मीडिया एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि 76 साल पहले आज ही के दिन जब संविधान सभा के अध्यक्ष डा. भीमराव अम्बेडकर ने सभा के समक्ष भारतीय संविधान का मसौदा पेश किया था और इस मौके पर अत्यधिक ओजस्वी भाषण दिया था, जिसे आज भी याद किया जाता है। लेकिन इसके अगले ही दिन आरएसएस ने संविधान पर तीखा हमला शुरु कर दिया था और उसका यह हमला आज भी जारी है। रमेश ने कहा कि डा. आंबेडकर ने संविधान सभा में संविधान के मसौदे को औपचारिक रूप से अपनाने का प्रस्ताव रखा था। इस भाषण में उन्होंने कांग्रेस के अनुशासन की तारीफ की और कहा कि उसके कारण ही यह व्यवस्थित संविधान तैयार हो सका है। इस मौके पर दिया गया उनका समापन भाषण निस्संदेह 20वीं सदी में दुनिया के किसी भी व्यक्ति द्वारा दिए गए सबसे महान भाषणों में से एक है।

## संक्षिप्त समाचार

### दुनिया के लिए मार्गदर्शक है भारत का संविधान: बिरला

**नई दिल्ली।** लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने संविधान को देश की आत्मा करार देते हुए कहा है कि भारत का संविधान दुनिया के अन्य देशों के लिए भी मार्गदर्शक है। श्री बिरला ने संविधान दिवस के उपलक्ष्य में जयपुर स्थित मणिपाल विश्वविद्यालय में आयोजित कार्यक्रम में युवाओं से संवैधानिक जागरूकता का आह्वान करते हुए कहा कि संविधान को जानो, अपनाओ और संविधान के अनुसार जियो। उन्होंने कहा कि हमारे देश में बोली, भाषा, खानपान सहित अनेक विविधताएं हैं, लेकिन देश की समस्त विविधताओं को एक करने का काम हमारा संविधान करता है। हर विद्यालय- महाविद्यालय के शिक्षण पाठ्यक्रम में संविधान का अध्ययन होना चाहिए।

### यूपीएस में शामिल होने के इच्छुक कर्मचारी जल्द करें आवेदन

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने एकीकृत पेंशन योजना (यूपीएस) में शामिल होने के इच्छुक पात्र कर्मचारियों से जल्द आवेदन करने की अपील की है। राष्ट्रीय पेंशन योजना (एनपीएस) के अंतर्गत पात्र कर्मचारियों और सेवानिवृत्त लोगों के लिए यूपीएस चुनने की अंतिम तिथि 30 नवम्बर 2025 है। यूपीएस का विकल्प चुनने के बाद वे एनपीएस में भी वापस जा सकते हैं। केंद्रीय वित्त मंत्रालय ने मंगलवार को एक प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा कि यूपीएस में जाने की अंतिम तिथि नजदीक आने के मद्देनजर सभी संबंधित एनपीएस सबस्क्राइबर सीआरए प्रणाली के माध्यम से अपना यूपीएस अनुरोध ऑनलाइन प्रस्तुत कर सकते हैं। उन्हें 30 नवम्बर तक अपने संबंधित नोडल कार्यालय में विधिवत भरा हुआ आवेदन पत्र जमा करना होगा।

# उदित राज ने भीम रैली की अनुमति न देने पर उठाए सवाल

नई दिल्ली, वार्ता

दलित, ओबीसी, अल्पसंख्यकऔर आदिवासी संगठनों के डोमा परिसंघ के अध्यक्ष डा. उदित राज ने कहा है कि उनके परिसंघ की 30 नवम्बर को यहां रामलीला मैदान में होने वाली भीम रैली की बाकायदा अनुमति ली गई थी, लेकिन अब रैली में भारी भीड़ जुटने की संभावना का हवाला देते हुए इस अनुमति को रद्द कर दिया गया है।

डा. उदित राज ने कहा कि वे पहले करीब ऐसे बीस कार्यक्रम वह कर चुके हैं, लेकिन कभी भारी भीड़ जुटने का कारण बताकर अनुमति रद्द नहीं की गई, लेकिन लगता है डा. अंबेडकर

**■ अंबेडकर और भीम शब्द से बीजेपी को नफरत**

और भीम शब्द से भाजपा को घृणा और अंदरूनी नफ़रत है। दूसरा कारण संविधान और वोट बचाने जैसे मुद्दे से भाजपा की भारी असहमति है। मोदी सरकार को संविधान बचाने, आरक्षण सीमा 50 प्रतिशत से बढ़ाने, वोट चोरी रोकने एवं बैलेट पेपर से चुनाव, जाति जनगणना, वक्फ़ बोर्ड में हस्तक्षेप रोकना, निजीकरण पर रोक, समान शिक्षा, धार्मिक आजादी, किसानों को न्यूनतम मूल्य की गारंटी, आदिवासियों को जल, जंगल तथा जमीन से वंचित करने से रोकने, पुरानी पेंशन बहाली आदि से नफ़रत है।

### अयोध्या में राम मंदिर पर हुए कार्यक्रम में बोले सीएम योगी

# ध्वजारोहण मात्र यज्ञ नहीं, नए युग की शुरुआत

अयोध्या, वार्ता

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने यहां मंगलवार को राम मंदिर के शिखर पर ध्वजारोहण समारोह के दौरान कहा कि ध्वजारोहण यज्ञ की पूर्णाहूति नहीं, बल्कि नए युग का शुभारंभ है।

प्रभु श्रीराम का भव्य मंदिर 140 करोड़ भारतीयों की आस्था, सम्मान एवं आत्मगौरव का प्रतीक है। योगी ने अपनी बातों का आगाज सियावर रामचंद्र भगवान, माता जानकी, सरयू मैया की जय, भारत माता की जय और हर हर महादेव के उद्घोष के साथ किया। मुख्यमंत्री के साथ ही समूचा मंदिर परिसर जय-जयकार से गूंज उठा। मुख्यमंत्री ने भव्य मंदिर के निर्माण में योगदान देने वाले कर्मयोगियों का भी अभिनंदन किया। उन्होंने कहा



हम नए भारत का दर्शन कर रहे हैं, जहां विकास और विरासत का बेहत. रीन समन्वय है, यह इसे नई ऊंचाई प्रदान कर रहा

**■ ध्वजारोहण उस सत्य का उद्घोष है कि धर्म का प्रकाश अमर है और रामराज्य के मूल्य कालजई है**

कि आज का पावन दिन उन पूज्य संतों, योद्धाओं, श्रीरामभक्तों की अखंड साधना-संघर्ष को समर्पित है, जिन्होंने आंदोलन व संघर्ष के लिए जीवन को समर्पित किया। विवाह पंचमी का दिव्य संयोग इस उत्सव को और भी पावन बना रहा है। उन्होंने कहा कि ध्वजारोहण उस सत्य का उद्घोष है कि धर्म का प्रकाश अमर है और रामराज्य के मूल्य कालजई हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 2014 में जब नेतृत्व संभाला था, उसी दिन भारतवासियों के मन और हृदय में जिस संभावना, संकल्प व विश्वास का सूर्योदय हुआ, आज वही तपस्या, अनगिनत पीढ़ियों की प्रतीक्षा आपके कर कमलों के माध्यम से साकार होकर भव्य राम मंदिर के रूप में भारतवासियों एवं सनातन धर्मावलंबियों के समक्ष है। योगी ने कहा कि श्रीराम मंदिर पर फहराता केसरिया ध्वज धर्म, मर्यादा, सत्य- न्याय एवं राष्ट्रधर्म का भी प्रतीक है। यह विकसित भारत की संकल्पना का प्रतीक है। मुख्यमंत्री ने कहा कि संकल्प का कोई विकल्प नहीं होता। सभी ने 11 वर्ष में बदलते भारत को देखा है। हम नए भारत का दर्शन कर रहे हैं, जहां विकास और विरासत का बेहतरीन समन्वय है। यह इसे नई ऊंचाई प्रदान कर रहा है। 80 करोड़ लोगों को राशन, 50 करोड़ लोगों को निशुल्क स्वास्थ्य सुविधा, हर जरूरतमंद को आवास, हर व्यक्ति बिना भेदभाव शासन की योजनाओं का लाभ पा रहा है, तो यह रामराज्य की वह उद्घोषणा है, जिसका आधार विकसित भारत है।

## माघ मेले की सुरक्षा कड़ी बिना अनुमति ड्रोन उड़ाने पर रोक

**प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में लगने वाले माघ मेला की तैयारियां जोर-शोर से चल रही हैं। वही देश की राजधानी दिल्ली में हुए धमाकों के बाद प्रशासन और अधिक सतर्क हो गया है। इसी को ध्यान में रखते हुए मेला क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था को बेहद कड़ा कर दिया गया है। बिना अनुमति ड्रोन उड़ाने पर रोक रहेगी। माघ मेला 3 जनवरी से शुरू होकर 15 फरवरी तक चलेगा। मेला क्षेत्र के विभिन्न हिस्सों में बम डिस्पोजल स्क्वाड और डॉग स्क्वाड टीमें लगातार जांच कर रही हैं। बन रहे अस्थाई ढांचों और चल रहे निर्माण कार्यों की बारीकी से जांच की जा रही है। मेले के हर संवेदनशील स्थान पर सुरक्षा कर्मी पैनी नजर बनाए हुए हैं।

# राहुल-प्रियंका ने गुरु तेग बहादुर की शहीदी दिवस पर किया नमन

नई दिल्ली, वार्ता



कांग्रेस नेता राहुल गांधी और कांग्रेस महाचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने मंगलवार को गुरु तेग बहादुर साहिब की 350वें शहीदी पर्व पर उन्हें नमन करते हुए कहा कि उनका बलिदान सभी के लिए हमेशा प्रेरणादायक रहेगा।

गांधी ने सोशल मीडिया एक्स पर लिखा, सिख धर्म के नौवें गुरु, 'हिंद की चादर' श्री गुरु तेग बहादुर जी की शहीदी दिवस पर उन्हें सादर नमन। उनके आदर्श, मूल्य, त्याग और बलिदान मानवता के लिए सदैव प्रेरणाोत रहेंगे। कांग्रेस महासचिव वाड्रा ने कहा कि नौवें गुरु तेग बहादुर जी ने विश्व को शांति और मानवता का रास्ता दिखाया। श्रीमती वाड्रा ने सोशल मीडिया पर लिखा, सिख धर्म के नौवें गुरु श्री तेग बहादुर जी के शहीदी दिवस पर उन्हें सादर नमन। गुरु तेग बहादुर जी ने धर्म, मानवता, सेवा, त्याग, प्रेम और एकता का प्रकाश फैलाकर विश्व को रास्ता दिखाया। उन्होंने कहा कि उनकी प्रेरणा सदैव हम सबका मार्गदर्शन करेंगी।

### मोदी ने गुरु तेग बहादुर को किया नमन

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को गुरु तेग बहादुर को उनकी शहादत की 350वीं वर्षगांठ पर श्रद्धापूर्वक उन्हें नमन किया। मोदी ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि श्री गुरु तेग बहादुर जी की शहादत की 350वीं वर्षगांठ पर हम उनके अद्वितीय साहस और बलिदान को नमन करते हैं।

## अर्थ व्यापार

सेंसेक्स 84587.01
निफ्टी 25884.80

सोना रु. 127190
प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)

चांदी रु. 167000
प्रति किलो



# शेयर बाजारों में गिरावट जारी सेंसेक्स 314 अंक लुढ़का

मुंबई, वार्ता



विदेशों से मिले सकारात्मक संकेतों के बीच घरेलू शेयर बाजारों में मंगलवार को लगातार तीसरे दिन गिरावट देखी गई और बीएसई का 30 शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 313.70 अंक (0.37 प्रतिशत) टूटकर 84,587.01 अंक पर आ गया।

नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी-50 सूचकांक भी 74.70 अंक यानी 0.29 प्रतिशत गिरकर 25,884.80 अंक पर बंद हुआ। आईटी, एफएमसीजी, टिकाऊ उपभोक्ता उत्पाद, ऑटो, तेल एवं गैस और मीडिया सेक्टरों की कंपनियों में बिकवाली का जोर रहा। रियलिटी, बैंकिग, फार्मा, धातु और स्वास्थ्य सेक्टरों की कंपनियों में लिवाली देखी गई। दिग्गज कंपनियों के उलट मझौली और छोटी कंपनियों में निवेशकों ने विश्वास दिखाया।

निफ्टी मिडकैप-50 सूचकांक 0.56 प्रतिशत और स्मॉलकैप-100 सूचकांक 0.19 प्रतिशत की बढ़त में बंद हुआ। एनएसई में जिन 3,214 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, उनमें से 1,596 के शेयरों में तेजी और 1,540 में गिरावट रही जबकि 78 कंपनियों के शेयर दिन भर के उतार-चढ़ाव के बाद अंततः अपरिवर्तित रहे। सेंसेक्स की 30 कंपनियों में से 24 के शेयर लाल निशान में और अन्य छह के हरे निशान में बंद हुए। टाटा मोटर्स पैसेंजर व्हीकल्स में सबसे अधिक 1.62 फीसदी की गिरावट रही। ट्रेंट का शेयर 1.59 फीसदी, इंफोसिस का 1.25, पावरग्रिड का 0.99, एचडीएफसी बैंक का 0.92 और एचसीएल टेक्नोलॉजीज का 0.82 प्रतिशत टूट गया। कोटक महिंद्रा बैंक, बजाज फाइनेंस, महिंद्रा एंड महिंद्रा, आईसीआईसीआई बैंक, आईटीसी, टीसीएस, टाइटन और सनफार्मा के शेयर भी आधा फीसदी से ज्यादा लुढ़क गए। मारुति सुजुकी, एलएंडटी, हिदुस्तान यूनीलिवर और एक्सिस बैंक के शेयर भी लाल निशान में रहे।

# सोने में तूफानी तेजी, चांदी ने भी मारी छलांग

**नई दिल्ली।** शादियों के सीजन के बीच सर्राफा बाजार में सोने-चांदी की कीमतों में तूफानी तेजी आई है। मंगलवार को देश के अलग-अलग शहरों में सोना महंगा हुआ है। राजधानी में सोने की कीमत में 2120 रुपये प्रति ग्राम की बड़ी तेजी आई है।चांदी की कीमत में भी 4000 रुपये प्रति किलो का उछाल आया। 24 कैरेट सोने की कीमत 1910 रुपये प्रति 10 ग्राम तक महंगा हुआ, जिसके बाद इसका भाव 1,27,190 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गया। यूपी की राजधानी लखनऊ में 24 कैरेट सोने का भाव 2120 रुपये के उछाल के बाद 1,27,490 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गया। मेरठ में इसका भाव 1,27,500 रुपये प्रति 10 ग्राम रहा।

बाजार खुलने के साथ आज चांदी 4000 रुपये प्रति किलो महंगा हुआ है, जिसके बाद उसका भाव 1,67,000 रुपये प्रति किलो हो गया। सर्राफा बाजार में सोने-चांदी की बढ़ती कीमतों की एक वजह ये भी है कि अब यह निवेशकों की पसंद बन रही है। लोग ज्वैलरी में कम और निवेश के लिहाज से इसकी ज्यादा खरीदारी कर रहे हैं। एचएसबीसी ने अपनी थिंक फ्यूचर्स 2026 रिपोर्ट में कहा है कि गोल्ड की कीमतों में तेजी जारी रहने की संभावना है। इसकी वजह केंद्रीय बैंकों की तरफ से गोल्ड की खरीदारी है। इसके अलावा गोल्ड ईटीएफ में भी निवेश जारी रहेगा। इससे गोल्ड की कीमतों को सपोर्ट मिलेगा। एचएसबीसी की रिपोर्ट के मुताबिक गोल्ड की कीमतें अभी कंसालिडेशन के फेज में प्रति औंस +4,000 के करीब चल रही हैं। शॉर्ट टर्म में कंसालिडेशन कुछ समय तक जारी रह सकता है। उसके बाद गोल्ड के फिर से रफ्तार पकड़ने की उम्मीद है।

# चावल, चीनी में टिकाव, गेहूं नरम दालों, खाद्य तेलों में घट-बढ़

**नई दिल्ली।** दिल्ली थोक जिंस बाजारों में मंगलवार को चावल के भाव स्थिर रहे। चीनी में भी टिकाव रहा। आवक बढ़ने से गेहूं में नरमी देखी गई। दालों और खाद्य तेलों में उतार-चढ़ाव रहा। औसत दर्जे के चावल की औसत कीमत 3,854.80 रुपये प्रति क्विंटल पर लगभग स्थिर रही। गेहूं तीन रुपये सस्ता हुआ और 2,855.62 रुपये प्रति क्विंटल के भाव बिका।

आटे की कीमत पांच रुपये बढ़ गई। दालों में घट-बढ़ रही। उड़द दाल की औसत कीमत सात रुपये प्रति क्विंटल गिर गई। मूंग दाल भी 18 रुपये सस्ती हुई। चना दाल के भाव लगभग गत दिवस के स्तर पर ही रहे। मसूर दाल 11 रुपये और तुअर दाल नौ रुपये प्रति क्विंटल महंगी हुई। विदेशों में बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में पाम ऑयल का फरवरी वायदा 65 रिंगिट फिसलकर 3,990 रिंगिट प्रति टन पर आ गया। अमेरिकी सोया तेल का जनवरी वायदा भी 0.67 प्रतिशत टूटकर 50.18 डॉलर बोला गया। स्थानीय बाजारों में सरसों तेल औसतन नौ रुपये प्रति क्विंटल महंगा हुआ। मूंगफली तेल की कीमत भी 19 रुपये प्रति क्विंटल बढ़ गई। सोया तेल के भाव 22 रुपये और सूरजमुखी तेल के 37 रुपये प्रति क्विंटल टूट गए। वनस्पति 77 रुपये और पाम ऑयल 45 रुपये प्रति क्विंटल सस्ता हुआ। मीठे के बाजार में आज गुड़ औसतन तीन रुपये प्रति क्विंटल महंगा हुआ, जबकि चीनी की कीमत में टिकाव देखा गया। सरकारी वेबसाइट पर जारी खाद्यान्नों के दिन के औसत थोक भाव इस प्रकार रहे: दाल-दलहन: दाल चना 7868.92 रुपये, मसूर काली 8163.74 रुपये, मूंग दाल 10097.91 रुपये, उड़द दाल 10370.43 रुपये, तूअर दाल 10619.48 रुपये प्रति क्विंटल। अनाज: (भाव प्रति क्विंटल) गेहूं दड़ा 2855.62 रुपये और चावल 3854.80 रुपये प्रति क्विंटल। आटा (गेहूं) 3307.63 प्रति क्विंटल। चीनी.गुड़: चीनी एस 4323.02 रुपये और गुड़ 4988.45 रुपये प्रति क्विंटल बोले गए।



# कैप्टन सैंड्रिमा अशोक चुने गए बेस्ट ऑल-राउंड अधिकारी

## कमांडेंट की रोलिंग ट्रॉफी से सम्मानित, एमओबीसी का सफल समापन

**लखनऊ।** मेडिकल ऑफिसर्स बेसिक कोर्स (एमओबीसी)-254 के सफल समापन पर ऑफिसर्स ट्रेनिंग कॉलेज (ओटीसी), आर्मी मेडिकल कोर सेंटर एवं कॉलेज में मंगलवार को एक कोर्स समापन परेड आयोजित की गई। नौ सप्ताह के इस कोर्स में युवा आर्म्ड फोर्सेज मेडिकल और डेंटल ऑफिसर्स को इंटेंसिव काम्बैट मेडिकल सपोर्ट ट्रेनिंग दी जाती है, जिससे वे अपनी ड्यूटी अच्छे से कर सकें और इन युवा प्रोफेशनल्स को यूनिफॉर्म में मेडिकल और डेंटल ऑफिसर्स में बदला जा सके।

इस मौके पर कैप्टन सैंड्रिमा अशोक को कोर्स का बेस्ट ऑल राउंड ऑफिसर चुना गया और उन्हें कमांडेंट की रोलिंग ट्रॉफी दी गई। उन्हें फील्ड इवेंट्स में बेस्ट ऑफिसर चुने जाने के लिए भी मेजर लैशराम ज्योतिन सिंह, अशोक चक्र मेमोरियल ट्रॉफी दी गई। मध्य कमान के जनसंपर्क अधिकारी शांतनु प्रताप सिंह ने बताया कि ऑफिसर्स ने ट्रॉमा लाइफ सपोर्ट (एटीएलएस) प्रोवाइडर कोर्स में भी हिस्सा लिया। उन्हें लेटेस्ट टेक्नोलॉजी के बारे में सिखाया गया, जो आज की पीढ़ी के युद्धों को आकार दे रही है। उन्होंने बताया कि इस पाठ्यक्रम में त्रिसेवा प्रतिनिधित्व वाली 34 महिला अधिकारियों सहित 123 अधिकारी शामिल थे। परेड को सैन्य परंपराओं के साथ आयोजित किया गया। कोर्स समापन परेड की समीक्षा सेना चिकित्सा कोर केंद्र एवं कॉलेज के ऑफिसिएटिंग कमांडेंट मेजर जनरल कंवरजीत सिंह ने की। कार्यक्रम के दौरान 200 से अधिक गौरवान्वित माता-पिता और अधिकारियों के करीबियों के साथ बड़ी संख्या में सशस्त्र बल चिकित्सा सेवा अधिकारियों ने परेड देखी। युवा ऑफिसर्स को संबोधित करते हुए समीक्षा अधिकारी मेजर जनरल कंवरजीत सिंह ने मेडिकल ऑफिसर्स बेसिक कोर्स (एमओबीसी)-254 के ऑफिसर्स की तरफ से परेड के बहुत अच्छे संचालन के लिए ऑफिसर्स ट्रेनिंग कॉलेज के कमांडेंट और चीफ इंस्ट्रक्टर मेजर जनरल वीके पात्रा की तारीफ की। जनरल ऑफिसर ने कोर्स ऑफिसर्स को उनके शानदार टर्नआउट के लिए भी बधाई दी। उन्होंने ऑफिसर्स को ऑफिसर्स ट्रेनिंग कॉलेज में दिए गए ज्ञान को लगातार अपग्रेड करने और उस पर काम करने की भी सलाह दी।

# राजस्व सेवा के प्रशिक्षु अफसरों ने राष्ट्रपति मुर्मू से मुलाकात की

**नई दिल्ली।** भारतीय राजस्व सेवा (सीमा शुल्क और अप्रत्यक्ष कर) के 76वें बैच के प्रशिक्षु अधिकारियों ने मंगलवार को यहां राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मुलाकात की, जहां राष्ट्रपति ने उन्हें आशीर्वाद देते हुए सेवाकाल में नवोन्मेषी और आदर्श बने रहने की सलाह दी।

श्रीमती मुर्मू ने प्रशिक्षु अधिकारियों को संबोधित करते हुए कहा कि राष्ट्र निर्माण के लिए राजस्व संग्रह महत्वपूर्ण है, क्योंकि राजस्व ही बुनियादी ढांचे, शिक्षा, स्वास्थ्य और सामाजिक कल्याण का वित्तपोषक है। यही वित्त पोषण राष्ट्र-निर्माण प्रक्रिया में सक्रिय भागीदार बनता है इसलिए कर संग्रह की सुचारू प्रक्रिया होनी चाहिए, जिसमें करदाता को न्यूनतम असुविधा हो। उन्होंने कहा कि प्रशिक्षु अधिकारी राजस्व सेवा अधिकारी प्रशासक, जांचकर्ता, व्यापार के सुविधा प्रदाता और कानून के प्रवर्तक सहित कई रूप में अपनी भूमिकाएं निभाएंगे। राजस्व अधिकारी देश की आर्थिक सीमाओं के प्रहरी हैं। राजस्व अधिकारी तस्करी, वित्तीय धोखाधड़ी और अवैध व्यापार के खिलाफ देश की रक्षा करते हैं और वैध वाणिज्य और वैश्विक व्यापार साझेदारी को सुविधाजनक बनाते हैं।

## राष्ट्रीय संविधान दिवस समारोह आज

**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु की अध्यक्षता में बुधवार को यहां संविधान सदन के केंद्रीय कक्ष में राष्ट्रीय संविधान दिवस समारोह होगा, जिसमें प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के अलावा अन्य मंत्री शामिल होंगे। संसदीय कार्य मंत्रालय ने मंगलवार को बताया कि संविधान दिवस 2025 के उपलक्ष्य में राष्ट्रीय समारोह बुधवार को पूर्वाह्न 11:00 बजे संविधान सदन के केंद्रीय कक्ष में आयोजित किया जाएगा। यह अवसर भारत द्वारा संवैधानिक मूल्यों और लोकतांत्रिक परंपराओं के प्रति अपनी प्रतिबद्धता की पुनः पुष्टि का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रपति इस समारोह की अध्यक्षता करेंगी। उपराष्ट्रपति सी पी राधाकृष्णन, प्रधानमंत्री, लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला, केंद्रीय मंत्री और दोनों सदनों के सांसद इस कार्यक्रम में शामिल होंगे। कार्यक्रम के दौरान श्री बिरला और श्री राधाकृष्णन सभा को संबोधित करेंगे।

शाह टाइम्स क्लासीफाईड्स Sale

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

काम कोर्स उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज पावर, शीघ्रपतन, नपुसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

Cipzer
HEALTH WITH CARE
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

वैधानिक सूचना
पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले पूरी जांच-पड़ताल कर लें तथा उचित सलाह ले लें। कोई भी अभिदाता जो इस अखबार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संदर्भ में कोई राशि भेजता है, किसी चिकित्सीय सलाह पर कोई कार्यवाही या खर्च करता है या कोई वचन देता है, तो ऐसा वह स्वविवेक, बुद्धि तथा जोखिम पर करेंगे। कम्पनी, प्रकाशक या उसका कोई कर्मचारी विज्ञापनदाता या उसके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देते तथा ऐसे विज्ञापनों विश्वास करके किसी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि परिणाम के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

# मंडावर में युवक की मौत

## बिजनौर रोड पर दर्दनाक सड़क हादसा

**विशाल खटीक**

**मंडावर।** दर्दनाक हादसे में युवक की मौत हो गई।

प्राप्त समाचार के अनुसार बिजनौर मार्ग पर इनामपुरा तिराहे के पास आज देर शाम एक तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने बाइक सवार युवक को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि युवक की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। मृतक की शिनाख्त ग्राम जंदरपुर मडावली निवासी फुरकान (28 वर्ष) पुत्र अनीस के रूप में हुई है। हादसे की सूचना मिलते ही परिवार में चीख-पुकार मच गई। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए



जिला अस्पताल भेज दिया। पुलिस के अनुसार अभी तक परिजनों की ओर से कोई लिखित तहरीर नहीं दी गई है। तहरीर मिलते ही अज्ञात वाहन चालक के विरुद्ध संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की जाएगी। पुलिस ने बताया कि हादसे के बाद अज्ञात वाहन चालक मौके से फरार हो गया। पुलिस सीसीटीवी फुटेज और अन्य माध्यमों से वाहन व चालक की तलाश कर रही है।

गौरतलब है कि चालकों के द्वारा तेज रफ्तार से वाहन चलाने के कारण हादसे हो रहे है। ज्यादातर हादसों में बाइक सवार शिकार बन रहे है। सिर में चोट लगने की वजह से अक्सर मौत हो जाती है। शराब पीकर वाहन चलाने वालों की संख्या भी काफी ज्यादा है।

### सर्दी का सितम

# भीख मांगने वाले शख्स की मौत

## रैन बसेरे में नहीं सो रहे बेघर लोग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नगीना।** सोमवार को भीख मांगने वाले एक बुजुर्ग व्यक्ति की मौत हो गई। आशंका है कि ठंड लगने से उसकी जान गई है। पुलिस ने भिखारी के शव को कब्जे में ले लिया।

रेलवे स्टेशन के पास रह रहे भिखारियों ने जानकारी देते हुए बताया कि बिहार प्रांत का मृतक बुजुर्ग भिखारी पिछले एक वर्ष से रेलवे स्टेशन के सामने डाक बंगले के पास सड़क किनारे खुले में रहता चला आ रहा था, लेकिन सोमवार की रात उसका देहांत हो गया। मंगलवार की सुबह उसके स्वयं न उठने पर उसके साथी ने जब उसको जाकर उठाया तो वह मृत अवस्था में मिला और उसका शरीर अकड़ गया था। लोगों ने बिहारी भिखारी की मौत की सूचना पुलिस को दी।

सूचना पर कुछ देर बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने मृतक की जेब व कपड़ों से मृतक का पता लगाने का प्रयास किया, लेकिन उसकी शिनाख्त नहीं हो सकी। पुलिस द्वारा भिखारी का शव कब्जे में ले लिया गया।

### एक नजर

## घायल युवक की इलाज के दौरान मौत



**नगीना।** नगर के मौहल्ला पहाड़ी दरवाजा निवासी रागिब हबीब (38 वर्ष) कोतवाली देहात के गांव पेरुवाला में अपने साले के विवाह समारोह से गत 15 नवम्बर (शनिवार) की शाम को वापस अपने घर नगीना अपनी पत्नी रुखसाना व बेटे आकिब को बाइक से लेकर आ रहा था। जैसे ही वह कोतवाली देहात के पेट्रोल पंप के पास पहुंचा तो पीछे से आ रही तेज गति से आ रही कार ने उसे जोरदार टक्कर मार दी थी। कार चालक कार छोड़कर मौके से फरार हो गया था। घटना में रागिब की रीढ़ की हड्डी टूट गई थी। पत्नी व बेटा भी गंभीर रूप से घायल हो गए थे। पिछले नौ दिनों से मेरठ के अस्पताल में भर्ती रागिब का रविवार व सोमवार की रात करीब एक बजे देहांत हो गया। मृतक अपने मासूम तीन बच्चों व पत्नी को रोता बिलखता छोड़ गया है। मृतक रागिब का शव जैसे ही उसके घर पहुंचा तो घर में चीख पुकार मच गई जबकि मौहल्ले में शोक छा गया। हर किसी की आंखें नम थी।

## उस्मान अल्वी का रहे मदद



**बिजनौर।** चांदपुर के वरिष्ठ सपा नेता उस्मान अल्वी एसआईआर के काम में मतदाताओं की लगातार मदद कर रहे है। वह सुबह से लेकर रात तक मतदाताओं के फार्म भरवाते हुए जरूरी ओपचारिकताएं पूरी करा रहे है। उस्मान अल्वी का कहना है कि सभी नागरिकों को अपने फार्म समय से भरवा लेने चाहिए।

## गुरु का बलिदान दिवस मनाया

**कालागढ़।** नई कालोनी में आज गुरु तेग बहादुर का बलिदान दिवस श्रद्धा और गरिमा के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ आकाश कुमार के द्वारा गुरु तेग बहादुर के चित्र पर पुष्प अर्पित कर किया गया। उन्होंने दीप प्रज्वलित करते हुए कहा कि गुरु तेग बहादुर का त्याग केवल इतिहास नहीं, बल्कि मानवता के हृदय में जलती वह ज्योति है, जो हमें सत्य, साहस और धर्म की रक्षा का संदेश देती है। आकाश कुमार ने अत्यंत प्रेरणादायक भाषण प्रस्तुत किया। उन्होंने कहा कि गुरु तेग बहादुर का बलिदान न केवल धार्मिक स्वतंत्रता की रक्षा के लिए था, बल्कि पूरे विश्व को यह संदेश देता है कि सत्य के मार्ग में खड़ा व्यक्ति कभी अकेला नहीं होता। उसके साथ सदैव मानवता खड़ी रहती है।

# शेरबाज पठान ने उठाई आवाज

## राज्य निर्वाचन आयोग से समय सीमा बढ़ाने की मांग

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** कांग्रेस के पूर्व जिला अध्यक्ष शेरबाज पठान ने एसआईआर को लेकर जनता को हो रही परेशानी एवं उनके फार्म न भरे जाने के मद्देनजर निर्वाचन आयोग से इसकी समय सीमा बढ़ाने की मांग की है।

प्राप्त समाचार के अनुसार कांग्रेस के पूर्व जिला अध्यक्ष शेरबाज पठान बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ जिला अधिक. ारी जसजीत कौर से मिले। उन्होंने राज्य निर्वाचन आयोग को सम्बोधित ज्ञापन जिला प्रशासन को सौंपा। जिसमें कहा गया है कि एसआईआर के अंतर्गत फार्म जमा करने की प्रक्रिया में कई बड़ी कमियां है। जिससे जनता को परेशानी हो रही है। निर्धारित समय सीमा में सभी मतदाताओं के फार्म नहीं भरे जा सकते है।

उन्होंने कहा कि इसे देखते हुए कम से कम एक माह की समय सीमा बढ़ाई जाए। नगर पालिका क्षेत्र



में फार्म भरने योग्य नागरिकों की संख्या बहुत अधिक है। इतने कम समय में सभी परिवारों तक पहुंच कर सही ढंग से फार्म भरवाना व्यवहारिक रूप से असंभव है। आम नागरिकों में भी जानकारी का अभाव है। कुछ अफवाहों के चलते उनमें सरकारी कागजात जमा करने के प्रति डर का माहौल है। जिसकी वजह से वह फार्म भरने से हिचकिचा रहे है। सरकारी कर्मचारियों के द्वारा भी इस महत्वपूर्ण काम में पूरी कर्मठता और तत्परता से कार्य नहीं किया जा रहा है। जिसकी वजह से फार्मों के वितरण उन्हें संग्रह करने का काम काफी धीमी गति से चल रहा है। बूथ लेवल अधिकारी (बीएलओ) को प्रशिक्षण नहीं दिया गया है। वह घर-घर जाकर नागरिकों के फार्म भरने की प्रक्रिया पूरी नहीं करा पा रहे है। यह नागरिकों की मदद नहीं कर रहे है।

इस मौके पर पूर्व मंत्री श्रीमती ओमवती, पूर्व जिला उपाध्यक्ष मुनीष त्यागी, पूर्व जिला उपाध्यक्ष नजाकत अल्वी, शहर कांग्रेस अध्यक्ष हुमायूं बेग, नीरज चौधरी, कांग्रेस व्यापार प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष सरफराज मलिक, रामपाल सिंह, शक्ति राय, जसवेन्द्र सिंह, दयावती कश्यप, नवेश फरीदी, इकबाल अहमद, चितवंन शर्मा, मौहम्मद रफत, अनिल त्यागी, महेन्द्र कश्यप, मयाज सिद्दीकी, चौधरी रामपाल सिंह, दिलीप कुमार, मौहम्मद नौशाद, मौहम्मद जाकिर, बबलू सैनी, मौहम्मद सद्दाम अंसारी, डॉ. अजहर अंसारी, चौधरी अरजेन्द्र, भूपेन्द्र सिंह, चौधरी नरपाल सिंह, डॉ. राजीव सिंह, नईम फरीदी, नसीम अहमद, शाकिर अब्बासी, निजामुद्दीन, नौशाद अहमद उर्फ मुन्ना, गजेन्द्र सिंह आदि मौजूद थे।

## लाखों के जेवरात व नकदी गायब

**नहटौर।** ग्राम सीकरी बुजुर्ग में एक घर में अलमारी से 11 तोले सोने के जेवरात व 25 हजार रुपए की नगदी गायब होने पर हड़कंप मच गया। मामले की शिकायत पुलिस से की गई है।

प्राप्त समाचार के अनुसार मंगलवार की रात करीब आठ बजे ग्राम सीकरी बुजुर्ग निवासी सुप्रिया त्यागी पत्नी जयवर्धन त्यागी ने जानकारी देते हुए बताया कि उनके घर पर मरम्मत कार्य चल रहा है। कुछ मजदूर कार्य कर रहे है। उनके घर में रखी अलमारी की चाबी कई दिनों से मिल नहीं रही थी। उसकी काफी तलाश की जा रही थी। जिसके बाद उन्होंने देखा कि अलमारी के नीचे लॉकर में चाबी लगी हुई है। जिस चाबी को तलाश किया जा रहा था, वह चाबी लॉकर में लगी देख कुछ शक हुआ। जब उन्होंने अलमारी खोलकर देखी तो 11 तोले सोने के जेवरात व 25 हजार रुपए की नगदी गायब थी। जिसको देखकर हड़कंप मच गया। मामले की शिकायत पुलिस से कर कार्रवाई की मांग की गई है। कार्यवाहक प्रभारी निरीक्षक कुलजीत सिंह का कहना है कि मामले की जांच पड़ताल की जा रही है। पीड़ित परिवार मजदूरों पर शक जता रहा है। जांच के बाद ही स्थिति स्पष्ट हो पाएगी।

## लोक अदालत को लेकर बैठक



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

बिजनौर। राष्ट्रीय एवं राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के दिशा-निर्देशों के क्रम में आगामी 13 दिसंबर को आयोजित होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत की सफलता के लिए आज जिला जजी परिसर स्थित एडीआर भवन के सभागार में नोडल ऑफिसर (राष्ट्रीय लोक अदालत) अवधेश कुमार की अध्यक्षता में एक बैठक का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम का संचालन अपर जनपद न्यायाधीश/सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण श्रेय शुक्ला द्वारा किया गया। बैठक में उपस्थित अधिकारीगण से आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत में अधिक से अधिक वादों को चिन्हित कर उनका निस्तारण करने एवं राष्ट्रीय लोक अदालत का प्रचार प्रसार अपने स्तर से करने का आग्रह किया गया। उपजिलाधिकारी द्वारा अवगत कराया गया कि राजस्व विभाग से कुल 55319 वादों को चिन्हित किया गया है।

प्रबन्धक दूरसंचार विभाग द्वारा बताया गया कि दूरसंचार के कुल 512 वादों को चिन्हित किया गया है। प्रबन्धक अग्रणी बैंक द्वारा अवगत कराया गया कि बैंकों से कुल 24615 वादों को चिन्हित किया गया है। इस अवसर पर डिप्टी कलेक्टर/ जिला सूचना अधिकारी हर्ष चावला सहित विभिन्न विभागों से नियुक्त राष्ट्रीय लोक अदालत के लिए नोडल अधिकारीगण एवं विभिन्न बैंकों के प्रबन्धक गण मौजूद थे।

# जनपद से हजारों शिक्षक पहुंचे दिल्ली

## टीईटी अनिवार्यता एवं एनपीएस-यूपीएस है काले कानून : विजय बंधु

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** टीईटी अनिवार्यता एवं एनपीएस-यूपीएस व निजीकरण के विरोध में राष्ट्रीय अध्यक्ष विजय कुमार बंधु के नेतृत्व में दिल्ली जंतर मंतर पर लाखों शिक्षकों एवं कर्मचारियों ने अपना आक्रोश प्रदर्शित किया।

दिल्ली महारैली में जनपद से हजारों शिक्षकों एवं कर्मचारियों ने प्रतिभाग कर पुरानी पेंशन बहाली की मांग की। राष्ट्रीय अध्यक्ष विजय कुमार बंधु ने टीईटी अनिवार्यता एवं एनपीएस-यूपीएस व निजीकरण समाप्त करने की मांग की। जब तक ये काले कानून वापस नहीं होंगे, तब तक संघर्ष जारी रहेगा। इस अवसर पर प्रदेश उपाध्यक्ष एवं पश्चिमी जोन प्रभारी चंद्रहास सिंह ने कहा कि दिल्ली महारैली ऐतिहासिक रही। जिसमें सभी शिक्षकों को एवं कर्मचारियों ने प्रतिभाग कर अपनी ताकत महसूस करने का कार्य किया है।

महारैली का नेतृत्व अटेवा जिला अध्यक्ष उमेश कुमार राजपूत, उत्तर




प्रदेश पंचायती राज ग्रामीण सफाई कर्मचारी संघ के सम्पेषक दीपक कुमार, टेनीपाल र्मपाल सिंह, नो सिंह, डिप्लोमा फार्मासिस्ट संगठन के जिला अध्यक्ष राजेश कुमार रवि, सिंचाई संघ के जिला अध्यक्ष शूरवीर सिंह, राजकीय वाहन चालक महासंघ के जिला संरक्षक राजपाल सिंह, जिला अध्यक्ष सुनील दत्त शर्मा, जिला मंत्री हेमराज सिंह, क्षेत्रीय मंत्री मुरादाबाद मंडल संजीव कुमार, स्वास्थ्य परिवार कल्याण संघ के जिला अध्यक्ष फ्रैंक आस्क्रीन, जिला मंत्री नरेंद्र कुमार, कुमार इरिगेशन मिनिस्ट्रियल कर्मचारी संघ के जिला कोषाध्यक्ष वीरेंद्र कुमार, अटेवा जिला मंत्री सुभाष चंद्र यादव, जिला कोषाध्यक्ष विनीत कुमार गहलौत, आईटीआई कर्मचारी संघ के जिला अध्यक्ष दीपक गुप्ता, जिला मंत्री आशीष सक्सेना, करतार सिंह डॉ. सुनील कुमार, तेजपाल सिंह, संजय कुमार, भूपेंद्र पाल सिंह, रामनाथ सिंह, शिवराज सिंह, डॉ. मुकेश कुमार, डॉ. धर्मेंद्र यादव, सुभाष चंद, आफताब अहमद, मौहम्मद शादाब, रैम अहमद आदि ने किया।

# पीस पार्टी के जिलाध्यक्ष ने मजलिस की राजनीति को बताया बेहद खतरनाक



## खुले पत्र में खोली पोल

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** पीस पार्टी के जिला अध्यक्ष इफ्तखार हुसैन ने मजलिस के कार्यकर्ताओं व उसके राष्ट्रीय अध्यक्ष के समर्थकों और खुला पत्र लिख कर इस पार्टी की पोल खोल दी है।

पत्र में उन्होंने कहा है कि सबसे पहले यह साफ कर दूं कि मुझे ओवेसी से कोई व्यक्तिगत दुश्मनी नहीं है। न उनकी पार्टी एआईएमआईएम से कोई निजी रंजिश है। वे पढ़े-लिखे व बैरिस्टर हैं। संविधान की बात करते हैं और कई बार संसद में अच्छी बहस भी करते हैं। लेकिन मैं उनकी राजनीति की दिशा और तरीकों का सख्त विरोध करता हूं। क्योंकि आज देश नफरत और ध्रुवीकरण की आग में झुलस रहा है और जो समाज को बांटने का काम करेगा, वह चाहे किसी की भी पार्टी का हो, वह बेहद खतरनाक है। यह राजनीति मुल्क को बरबाद कर देगी। सांप्रदायिकता किसी की भी हो, चाहे हिंदू की या मुसलमान की, वह मुल्क और गरीबों की कब्र खोदती है। ओवेसी वही लकीर आगे खींच रहे हैं, जो बीजेपी और आरएसएस ने खींची है। दोनों तरफ नफरत की राजनीति और बीच में पिसती कौम व पीसता भारत है। तारीख के पन्ने पढ़ लीजिए। कौम की बर्बादी तब शुरू होती है, जब अक्ल की जगह, जज्बात हुकूमत करने लगते हैं। आज कुछ जज्बाती लोग उन्हें 'मसीहा' बना रहे हैं। लेकिन वक्त आने पर वहीं लोग आंसू बहाएंगे। क्योंकि इस खेल का सबसे बड़ा नुकसान पसमांदा, दलित, पिछड़े और गरीब मुसलमानों को ही उठाना पड़ेगा। भारत का आम आदमी मूल रूप से धर्मनिरपेक्ष है। भारत की जनता हिंदू-मुस्लिम की लड़ाई नहीं चाहती है। वह रोटी, शिक्षा, रोजगार, विकास और अमन की सियासत चाहती है। इस मुल्क का असली दर्द यही है। कुछ ताकतें चाहती हैं कि भारत में सिर्फ दो पार्टियां बचें। एक हिंदुओं की और एक मुसलमानों की, ताकि धर्मनिरपेक्ष भारत का ढांचा ढह जाए और सत्ता का खेल आसान हो जाए। लेकिन हम सच्चे भारतीय इस खतरनाक खेल का हिस्सा नहीं बनेंगे। क्योंकि यह मुल्क हमारी मां है और मां को किसी जहरीली सियासत की बलि नहीं चढ़ने देंगे। भारत का मुस्तकबिल बचाना है। अगर भारत को बचाना है, तो मौहब्बत, इंसानियत, अमन, एकता और भाईचारे की सियासत को मजबूत करें। हम न हिंदुत्व की साम्प्रदायिकता स्वीकार कर सकते हैं, न रजाकार स्टाइल की साम्प्रदायिकता। भारत की ताकत जब तक 'हम' रहेगा, कोई हमें तोड़ नहीं सकता है और जिस दिन 'हम' टूट कर 'मैं' बन गया, उस दिन भारत भी टूट जाएगा। चलो मिलकर वादा करें। हम नफरत को नहीं, मौहब्बत को वोट देंगे। हम सियासत को नहीं, इंसानियत को चुनेंगे। हम अपने भारत को जहरीली राजनीति का शिकार नहीं बनने देंगे। कयामत तक इस मुल्क में अमन, सौहार्द और भाईचारा जिंदा रहेगा।

उन्होंने कहा कि एक तरफ पीस पार्टी है जो हिंदू मुस्लिम भाईचारा पैदा करने की बात करती है। वह दोनों को साथ लेकर चलने का काम करती है। राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. अय्यूब ने एक ही नारा दिया है कि हिंदू व मुस्लिम साथ चलेगा, तो एकता का राज चलेगा। उन्होंने कहा कि हम इसी रास्ते पर चल रहे है। पीस पार्टी शांति व सद्भाव चाहती है। पीस पार्टी ने हमेशा हिन्दू व मुस्लिम एकता पर जोर दिया है। इसी एकता में ताकत है।

## बाइक व टेंपू की भिड़ंत में बाइक सवार घायल

**अफजलगढ़।** राष्ट्रीय राजमार्ग एनएच 74 पर टेंपू व बाइक की भिड़ंत में बाइक सवार नीचे गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को इलाज के लिए राहगीरों व 102 एम्बुलेंस दिनेश की मदद से अफजलगढ़ सीएचसी में भर्ती कराया। जहां पर प्राथमिक उपचार के बाद मरीज की गंभीर स्थिति को देखते हुए डॉ. मोहित ने हायर सेंटर रैफर कर दिया है। ग्राम निवासी मुनीर नगर पर्वतपुर ने बताया वह अपने घर से ग्राम भूतपुरी किसी कार्य से गया हुआ था। वापसी के दौरान जैसे ही कृष्णा कुमार की बाइक ग्राम भज्जावाला वाला उर्फ सलावतपुर गिरधरपुर पहुंची, तो अचानक बाइक अनियंत्रित होकर सामने खड़े टेंपू से टकरा गई। जिससे बाइक सवार नीचे गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को इलाज के लिए अफजलगढ़ सीएचसी में भर्ती कराया। जहां पर प्राथमिक उपचार के बाद डा. मोहित ने गंभीर स्थिति को देखते हुए उसको हायर सेंटर रैफर कर दिया। पुलिस का कहना है कि अगर तहरीर मिली तो जांच कर आवश्यक कार्यवाही की जाएगी।

# एसआईआर की आड़ में छीना जा रहा मताधिकार

## कांग्रेस जिलाध्यक्ष हैनरीता राजीव सिंह ने खोली अभियान की पोल

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** कांग्रेस की जिला अध्यक्ष हैनरीता राजीव सिंह ने कहा कि एसआईआर की आड़ में मताधिकार छीना जा रहा है। उन्होंने कहा कि यह बड़ी साजिश का हिस्सा है। जब तक जनता सड़कों पर उतर कर अत्याचार के विरोध में आवाज नहीं उठाएगी, तब तक उसका उत्पीड़न होता रहेगा। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी लगातार इस अन्याय के खिलाफ आवाज उठा रही है।

प्राप्त समाचार के अनुसार जिला कांग्रेस कार्यालय में पत्रकारों से वार्ता करते हुए जिला अध्यक्ष श्रीमती हैनरीता राजीव सिंह ने गरजते हुए कहा कि ये विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण (एसआईआर) नहीं, यह पहले से तय चाल है। नवविवाहित दुल्हनों से लेकर विदेश में पसीना बहा रहे हमारे नौजवानों तक के मताधिकार छीने जा रहे हैं। हम यह उत्पीड़न किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं करेंगे। बिना आवश्यक ट्रेनिंग के बीएलओ काम कर रहे हैं। ये प्रक्रिया नहीं, अंधाधुंध




उत्पीड़न है। मिनटों में लाखों फॉर्म डिजिटल करने का अमानवीय आदेश दिया गया है, चुनाव आयोग ने जो समय दिया है, वो हंसी का विषय है। बिजनौर जनपद में ही ज्यादा फॉर्म अभी तक लटके पड़े हैं। उन्होंने सवाल करते हुए कहा कि क्या कोई जादूगर बुलाया है, जो रातों-रात सब डिजिटल कर देगा। पारदर्शिता नाम की कोई चीज नहीं है। कोई नहीं बताता कि फॉर्म स्वीकार हुआ या फेंक दिया गया है। ये लोकतंत्र नहीं, तानाशाही का नया अध्याय है। जिला अध्यक्ष श्रीमती हैनरीता राजीव सिंह ने विदेश में दिन-रात मेहनत करने वाले हमारे भाई अपने मताधिकार से वंचित होने जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि क्या यही है भाजपा का 'सबका साथ, सबका विकास'।

उन्होंने कहा कि एसआईआर की समय सीमा तीस दिन नहीं, कम से कम 90 दिन बढ़ाई जाए। हर बीएलओ को दोबारा ट्रेनिंग दी जाए, वरना हम जनता के साथ सड़कों पर उतरेंगे। हर फॉर्म की स्टेटस तुरंत सार्वजनिक वेबसाइट पर डाली जाए और छुपाने की कोशिश बर्दाश्त नहीं करेंगे। हर विधानसभा में 24 घंटे चलने वाला कंट्रोल रूम खोला जाए। उन्होंने कहा कि हम हर बूथ, हर गली, हर घर तक लड़ाई लेकर जाएंगे। अंतिम मतदाता का अंतिम वोट बचाना हमारा संकल्प है। उन्होंने कहा कि सभी को एक मंच पर आ कर इस अत्याचार के खिलाफ आवाज उठानी होगी। उन्होंने कहा कि आज मता. धिकार छीना जा रहा है और कल दूसरे अधिकार छीने जाएंगे। भाजपा सरकार लोकतंत्र की हत्या कर रही है। पूरा देश देख रहा है कि क्या हो रहा है। उन्होंने कहा कि एक-एक कर सभी को शिकार बनाया जा रहा है।

इस अवसर पर पूर्व सांसद श्रीमती ओमवती देवी, पूर्व आईएएस आर.के. सिंह, वरिष्ठ नेता मौहम्मद आरिफ खान एड., हरिराज, अनिल त्यागी, काजी आतिफ, शादीलाल मारवाड़ी, सुधीर आदि अन्य वरिष्ठ कांग्रेस नेता उपस्थित थे।

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक समाचार पत्र
'शाह टाइम्स'
की शत-प्रतिशत गारंटी
खबरें छुपाता नहीं, छापता है
मोबाइल नम्बर:- 9927777377
samiullah.bijnor@gmail.com

# एजेंसी चौराहे पर बवाल के मामले में सारिका चौधरी को तीन माह की सजा

## 14 नामजदों को कोर्ट ने किया दोषमुक्त

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नहटौर।** करीब 15 वर्ष पूर्व बिजली आंदोलन के दौरान नहटौर के एजेंसी चौराहे पर हुए बवाल के मामले 15 वर्ष बाद कोर्ट ने 14 नामजदों को दोष मुक्त व इंडियन जस्टिस पार्टी की नेत्री सारिका चौधरी को तीन माह की सजा और 5000 रुपए का जुर्माना इसके अलावा कामरेड अतीक व सलीम को सजा और 6-6 माह की सजा व 6-6 हजार रुपए का जुर्माने की सजा सुनाई है।

प्राप्त समाचार के अनुसार मई 2010 में नहटौर में बिजली की समस्याओं को लेकर सारिका चौधरी के नेतृत्व में धरना प्रदर्शन चल रहा था। पुलिस ने सारिका चौधरी को हिरासत में ले लिया था। जिससे धरना प्रदर्शन कर रहे लोग भड़क गए थे और नहटौर के एजेंसी चौराहे पर पुलिस व प्रदर्शनकारियों के बीच भिड़ंत हो गई थी। काफी देर तक एजेंसी चौराहे पर बवाल हुआ था। पुलिस ने इस मामले में 17 लोगों के सारिका चौधरी, जहीनुद्दीन, कामरेड अतीक, सादिक चांद, नजमी, रियासत बॉन्टिस, मौहम्मद इमरान, रईस आकाशी, अंकुर जैन, राहुल वाल्मीकि, आबिद गुड्डू, सलीम, दिलशाद, गुलशाद, कासिम, निशात और जाहगीर जैदी के खिलाफ विभिन्न धाराओं में मुकदमे दर्ज किया था। सारिका चौधरी, कामरेड अतीक, निशात और सलीम को गिरफ्तार कर चालान कर दिया था। करीब 15 वर्षों से इस मामले में कोर्ट में सुनवाई चल रही थी। सुनवाई के दौरान निशात की मौत हो गई थी। एडवोकेट राकेश कुमार, जाकिर हुसैन, नबील अहमद ने इस मामले की परैवी की थी। मंगलवार को स्पेशल ईसी एक्ट में केस की अंतिम सुनवाई हुई। जिसमे न्यायधीश सुबोध सिंह ने 14 लोगों को दोष मुक्त और सारिका चौधरी को 3 माह की सजा व 5 हजार रुपए का जुर्माना व कामरेड अतीक व सलीम को 6-6 माह की सजा और 6-6 हजार रुपए का जुर्माने की सजा सुनाई है।

# भगवान बिरसा संदेश यात्रा का स्वागत

## पुष्प वर्षा कर यात्रा दल का जोरदार अभिनंदन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हल्दौर।** नगर के बालकिशनपुर चौराहे पर अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (अभाविप) कार्यकर्ताओं ने झारखंड से आई भगवान बिरसा संदेश यात्रा का उत्साहपूर्वक एवं भव्य स्वागत किया।

झारखंड से रवाना हुई यह विशेष संदेश यात्रा मंगलवार को मेरठ प्रांत के प्रांत संगठन मंत्री तरुण कुमार तथा बिजनौर विभाग के संगठन मंत्री सतेंद्र कुमार के नेतृत्व में हल्दौर पहुंची।

यात्रा के आगमन पर जिला संयोजक अनमोल चौधरी, अभय प्रताप सहित कार्यकर्ताओं ने पुष्प वर्षा कर अतिथियों व यात्रा दल का जोरदार अभिनंदन किया। प्रांत संगठन मंत्री तरुण कुमार ने कहा कि भगवान बिरसा मुंडा की विचारधारा और उनके संघर्षों को जन-जन तक पहुँचाने के उद्देश्य से यह यात्रा चलाई जा रही है।

उन्होंने बताया कि भगवान बिरसा ने जनजातीय समाज के अधिकारों, उनकी आस्थाओं, परंपराओं और स्वधर्म की रक्षा के लिए जो अद्वितीय योगदान दिया, उसी प्रेरणा को जागृत करने हेतु पूरे क्षेत्र में जनजागरण किया जा रहा है। स्वागत कार्यक्रम के बाद संदेश यात्रा अपने अगले गंतव्य के लिए प्रस्थान कर गई। इस अवसर पर दीपक लांबा, अमित कुमार, राजन कुमार सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## एक नजर

### जिला स्तरीय क्रिकेट टूर्नामेंट



**नजीबाबाद।** कौशिक स्पोर्ट्स अकादमी में जिला स्तरीय बॉक्स क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन किया गया। जिसमें 16 टीमों ने हिस्सा लिया। फाइनल मुकाबला सेवन स्टार (विक्की) और शिव रॉकर्स (शिव शर्मा) के बीच हुआ। इस रोचक मुकाबले में शिव की टीम ने शानदार जीत दर्ज करते हुए 16000 रुपए नगद पुरस्कार एवं ट्रॉफी प्राप्त की। विक्की की टीम ने सेकंड प्राइस जीता। मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार शिव शर्मा ने जीता। बेस्ट फिल्डर का खिताब विक्की ने हासिल किया। बेस्ट बॉलर का किताब वसीम खान ने प्राप्त किया। इस मौके पर साहनपुर के चेयरमैन मौहम्मद खुर्शीद मंसूरी, रचित अग्रवाल, केशव अग्रवाल, जोगिंदर सिंह अरोड़ा आदि मौजूद रहे। नगर पंचायत साहनपुर के अध्यक्ष खुर्शीद मंसूरी ने कहा कि बच्चों और युवाओं को मोबाइल की दुनिया से निकाल कर खेल-कूद की दुनिया में लाने के लिए समय-समय पर ऐसे आयोजन होते रहने चाहिए। जिससे युवाओं का मानसिक और शारीरिक विकास दोनों हो सके।

### शहीदी दिवस पर कीर्तन दरबार



**नगीना।** मौहल्ला सैयद बाड़ा स्थित गुरुद्वारा सिंह सभा में गुरु तेग बहादुर जी का 350वां शहीदी दिवस श्रद्धा से मनाया गया। गुरुद्वारा सिंह सभा की ओर से महान कीर्तन दरबार आयोजित हुआ। बड़ी संख्या में संगत ने लंगर में प्रसाद ग्रहण किया। आयोजकों ने बताया कि 350 वर्ष पूर्व कश्मीरी पंडितों ने औरंगजेब के धर्म परिवर्तन के दबाव की जानकारी गुरु तेग बहादुर जी को दी थी। गुरु ने उनकी और हिंदू धर्म की रक्षा के लिए बलिदान का दिया था। शहीदी दिवस वाले दिन गुरु के समक्ष तीन शिष्यों भाई सती दास जी, भाई मती दास जी और भाई दयाल जी ने को शहीद किया गया, लेकिन वे अडिग रहे और अंत में उनका शीश धड़ से अलग कर दिया गया। उसी स्मृति में हर वर्ष शहीदी दिवस मनाया जाता है। शाम को कीर्तन दरबार शुरू हुआ। इसके बाद अटूट लंगर का आयोजन किया गया। भाजपा नगर मंडल मंत्री हरमीत सिंह ने कहा कि गुरु तेग बहादुर जी का सर्वोच्च बलिदान धर्म और मानवाधिकारों की रक्षा का प्रतीक है, जो साहस और न्याय के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देता है। कार्यक्रम में क्षेत्र के वरिष्ठ नागरिकों को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर सरदार हरमीत सिंह, एडवोकेट हरदयाल सिंह सोढ़ी, सरदार जगजीत सिंह, कुलजीत सिंह, सुखविंदर सिंह आदि मौजूद रहे।

### स्पेलर की चपेट में आकर युवक घायल

**अफजलगढ़।** थाना क्षेत्र के गांव सीरवासुचंद निवासी रोहित (25 वर्ष) पुत्र ककू ग्राम में ही स्थित एक तेल निकालने वाली मशीन पर देर शाम तेल निकलवा रहा था। तेल निकलवाते समय अचानक से उसका हाथ का कड़ा स्पेलर की चपेट में आ गया। जिससे युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। परिजन उसे गंभीर अवस्था में काशीपुर लेकर गए। जहां पर उसकी गंभीर अवस्था के चलते परिजनों उसे एम्स हॉस्पिटल ऋषिकेश ले गए। जहां उसकी स्थिति नाजुक बताई जा रही है।

### एसआईआर कैम्प के दौरान 350 फार्म भरे



**अफजलगढ़।** नगर के मौहल्ला मुमताज हुसैन, मंझौली व नेजो सराय में शहजाद अहमद सभासद पति की बैठक पर बीएलओ एवं शहजाद हुसैन ने करीब 100 फॉर्म एसआईआर के भरवाकर लोगों की मदद की। एसआईआर फॉर्म भरने को लेकर समाजसेवी युवाओं की तरफ से एक कैंप लगवाया गया। जिसमें शहर के जिम्मेदार लोगों ने नगरवासियों के निःशुल्क फार्म भरवाकर बीएलओ को सौंपे। वहीं अफजलगढ़ कैम्प में एसआईआर के करीब 350 फॉर्म निःशुल्क भरवाए गए। इस कैंप में शहर के तमाम जिम्मेदारों ने हिस्सा लिया। वहीं मौहल्ला मुमताज हुसैन में मरकज मस्जिद के पास मुफ्ती सईद अहमद व मौलाना मुख्तार ने बीएलओ की मदद से 100 फार्म भरवाकर बीएलओ को सौंपें। कैंप में सभासद मौहम्मद इमरोज, समा. जसेवी फईम कस्सार, सुरूश अनवर, मसूद एड., मुफ्ती अब्दुल वसी, सभासद पति शहजाद, सभासद पुत्र इरफान अहमद, समाजसेवी अब्दुल करीम, इकबाल अहमद, मौलाना दानिश, उवैश मुख्तार, इमामुद्दीन कस्सार, अदनान करीम, मौहम्मद समीर आदि उपस्थित रहे।

### तीन लापता युवतियां सकुशल बरामद

**नजीबाबाद।** थाना नजीबाबाद क्षेत्र के एक गांव से तीन युवतियों के घर से बिना बताए जाने की सूचना पर पुलिस द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए तीनों युवतियों को अल्प समय में दिल्ली से सकुशल बरामद कर लिया गया। इस संबंध में पुलिस अधीक्षक, नगर जनपद बिजनौर द्वारा जानकारी दी गई। ज्ञात हुआ है कि तीनों युवतियां आपस में सहेलियां है और तीनों एक साथ सोमवार 24 नवंबर दोपहर बाद घर से बिना बताए घर से चली गई थी। लापता होने की पुलिस को सूचना दी गई थी। सूचना पर क्षेत्राधिकारी नजीबाबाद नितेश प्रताप, थाना प्रभारी नजीबाबाद राहुल कुमार और संबंधित चौकी प्रभारी व पुलिस बल गांव में पहुंचे और परिजनों से जानकारी ली।

### लोकबंधु राज नारायण की जयंती पर गोष्ठी

**बिजनौर।** समाजवादी पार्टी के जिला कार्यालय पर लोकबंधु राज नारायण की जयंती श्रद्धा और सम्मान के साथ मनाई गई। कार्यकर्ताओं एवं पदाधिकारियों ने उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर भावपूर्ण श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर एक विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया, जिसकी अध्यक्षता समाजवादी पार्टी के जिला अध्यक्ष शेख जाकिर हुसैन ने की, जबकि संचालन जिला कार्यालय प्रभारी अहमद खिजर खान द्वारा किया गया। गोष्ठी को संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष शेख जाकिर हुसैन ने कहा कि राज नारायण भारतीय राजनीति के वह व्यक्तित्व थे। जिन्होंने सत्य, संघर्ष और सिद्धांतों के बल पर राजनीति को नई दिशा दी। उनका जीवन लोकतंत्र की रक्षा, सामाजिक न्याय और जन-अधिकारों के लिए समर्पित रहा।

# भाजपा मंडल अध्यक्ष ने बूथ पर अभियान की प्रगति जांची



## शत-प्रतिशत फार्म भरवाएं बीएलओ

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नगीना।** भाजपा मंडल अध्यक्ष श्रीमती अंजली मित्तल ने गहन मतदाता पुनरीक्षण अभियान के तहत बड़े मंदिर स्थित कैंप का दौरा किया।

पूर्व मंडल अध्यक्ष सौरभ मित्तल व वर्तमान मंडल उपाध्यक्ष लवी मित्तल के नेतृत्व में चल रहे इस कैंप में उन्होंने बूथ पर अभियान के जमीनी क्रियान्वयन की प्रगति का जायजा लिया। श्रीमती मित्तल ने सरकारी बीएलओ (बूथ लेवल ऑफिसर) और पार्टी के बीएलए-2 (बूथ लेवल एजेंट) से आग्रह किया कि बूथ पर सभी मतदाताओं के एसआईआर फॉर्म शत-प्रतिशत भरे जाएं। उन्होंने बताया कि पार्टी पदाधिकारी और कार्यकर्ता प्रत्येक बूथ पर इस बात को सुनिश्चित करने के लिए सक्रिय रूप से काम कर रहे हैं।

इस अवसर पर ठाकुर मित्तल, पवन मित्तल, नवीन मित्तल, कालू मित्तल, सचिन मित्तल, आशु मित्तल, लेखपाल सचिन शर्मा सहित कई नागरिक उपस्थित रहे।

# बिजलीघर पर किसानों का धरना जारी

## एसडीओ और जेई के आश्वासन पर नहीं माने किसान



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हल्दौर।** ग्राम कूकड़ा इस्लामपुर में करीब सात माह से फुंके दो ट्रांसफार्मर नहीं बदले जाने को लेकर राष्ट्रीय किसान मजदूर संगठन के बैनर तले किसानों का हल्दौर बिजलीघर परिसर में चल रहा अनिश्चितकालीन धरना-प्रदर्शन मंगलवार को दूसरे दिन भी जारी रहा।

ग्राम कूकड़ा इस्लामपुर में दो पोल पर 63 केवी क्षमता के तीन ट्रांसफार्मर रखें हुए थे। किसानों के अनुसार करीब सात महीने पहले दो ट्रांसफार्मर फुंक गए थे। गांव निवासी मुकेश कुमार, सुखराम सिंह, जयप्रकाश सिंह, बलजीत सिंह, आशाराम, सीताराम, मदनपाल सिंह, जगदीश गहलोत आदि किसानों के नलकूपों पर ट्रांसफार्मर खराब होने के चलते सिंचाई व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई, जिससे उनकी फसलों पर संकट गहराने लगा है। किसानों का कहना है कि विभाग से कई बार शिकायत की गई लेकिन कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई।

सोमवार से उक्त संगठन के कार्यकर्ता उक्त फुंके ट्रांसफार्मर के स्थान पर दूसरे ट्रांसफार्मर रखवाये जाने की मांग को लेकर मंगलवार को दूसरे दिन भी धरने पर डटे रहे। आज एसडीओ अभयपाल सिंह और जेई गौतम कुमार धरना स्थल पर पहुंचे। वार्ता के बाद उन्होंने किसानों को दो दिन के भीतर उक्त ट्रांसफार्मर रखे जाने व किसानों के नलकूप चालू कराने का आश्वासन दिया, जिस पर किसान नहीं माने। किसानों का कहना है कि जब तक ट्रांसफार्मर रखे नहीं जाते उनका धरना-प्रदर्शन जारी रहेगा। किसान अपनी मांग पर अड़े हुए हैं। धरने का नेतृत्व का संगठन के जिला उपाध्यक्ष ठाकुर नरेंद्र सिंह तथा संचालन युवा जिला अध्यक्ष गोविंद उर्फ बिट्टू ने किया। किसानों ने चेतावनी दी कि जब तक दोनों ट्रांसफार्मर बदले नहीं जाते, धरना जारी रहेगा। इस अवसर पर संगठन के ब्लॉक अध्यक्ष सुजान सिंह, जिला सचिव संजीव चौधरी, ब्लॉक सचिव राकेश चौधरी, किसान नेता राजेंद्र सिंह चौहान, इंद्राज सिंह आसाराम, विजयपाल सिंह, गोविंद सिंह, विकास चौहान, सनी, जय प्रकाश सिंह आदि मौजूद रहे।

# निःशुल्क उर्दू कोचिंग सेंटर का शुभारंभ

## उर्दू भाषा के प्रसार हेतु सर सैयद मेमोरियल जूनियर हाई स्कूल ने की पहल



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नगीना।** उर्दू भाषा की तरक्की और नई पीढ़ी में इसके अध्ययन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से सर सैयद कौमी तालीमी समिति सोसाइटी के सौजन्य से सर सैयद मेमोरियल जूनियर हाई स्कूल में निःशुल्क 'उर्दू सीखो कोचिंग सेंटर' का संचालन प्रारंभ कर दिया गया है।

स्कूल के वरिष्ठ सदस्य खालिद नोमानी ने जानकारी देते हुए बताया कि विद्यालय के कोचिंग सेंटर में उर्दू के अनुभवी विद्वान छात्रों को पूर्णतः निशुल्क उर्दू की शिक्षा देंगे।

इस पहल का लाभ किसी भी विद्यालय के छात्र-छात्राएं उठा सकते हैं। जो भी विद्यार्थी उर्दू सीखना चाहता है, वह बिना किसी शुल्क के इस केंद्र में प्रवेश ले सकता है। कोचिंग सेंटर में प्रवेश लेने की अंतिम तिथि 30 नवंबर 2025 निर्धारित की गई है।

शिक्षा समिति के अध्यक्ष तथा समिति के महासचिव डॉ. एहतेशाम नोमानी ने बताया कि उर्दू भाषा हमारी साझा तहजीब और साहित्यिक विरासत की पहचान है। उन्होंने कहा कि इस प्रयास का मुख्य उद्देश्य बच्चों और युवाओं में उर्दू के प्रति रुचि जगाना, उन्हें सही व सरल उर्दू पढ़ने-लिखने की योग्यता प्रदान करना और भाषा के संरक्षण में समाज की सक्रिय भूमिका सुनिश्चित करना है।

उन्होंने आगे बताया कि कोचिंग सेंटर में नियमित कक्षाएं, उर्दू लेखन, पठन, व्याकरण और सुलेख का प्रशिक्षण भी दिया जाएगा, ताकि विद्यार्थी मजबूत बुनियाद के साथ उर्दू सीख सकें। कोचिंग सेंटर का समय 2 से 4 तक रहेगा और एडमिशन फॉर्म भरने का समय 1 से 2 बजे तक है।

# आबादी के पास अजगर दिखने से मचा हड़कंप

## टीम देर से पहुंची, जंगल में चला गया अजगर

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** मण्डावर थाना क्षेत्र के कुंदनपुर गांव में आबादी के नजदीक एक विशाल अजगर देखा गया। मंदिर के पास अजगर दिखने से ग्रामीणों में हड़कंप मच गया। ग्रामीणों ने तत्काल इसकी सूचना वन विभाग और पुलिस को दी।

यह घटना कुंदनपुर टीप गांव की है, जहां ग्रामीणों ने एक बड़े अजगर को रिहायशी इलाके के पास घूमते हुए देखा। अजगर को देखने के लिए बड़ी संख्या में लोग मौके पर जमा हो गए। इस दौरान एक राहगीर ने अजगर का वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। सूचना मिलने पर 112 पुलिस की टीम मौके पर पहुंची। हालांकि, वन विभाग की टीम काफी देर तक घटनास्थल पर नहीं पहुंची। इस बीच, अजगर खेतों से होता हुआ जंगल की ओर चला गया।

ग्रामीणों ने वन विभाग से अजगर को जल्द पकड़ने की मांग दोहराई है। उनका कहना है कि बिजनौर जिले में इन दिनों जंगली जानवर अक्सर आबादी वाले क्षेत्रों के पास दिखाई दे रहे हैं। गुलदार की दहशत अभी कम नहीं हुई थी कि अब सांपों के दिखने से भी लोगों में भय बना हुआ है।

# दो दिवसीय प्रतियोगिता का शुभारंभ

## विजेताओं को पुरस्कार व प्रमाण पत्र वितरित



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** युवा कल्याण एवं प्रादेशिक विकास दल विभाग के तत्वावधान में उत्तर प्रदेश ग्रामीण खेल लीग के अंतर्गत 'विधायक खेल स्पर्धा' 2025-26 विधानसभा सदर बिजनौर का सब जूनियर, जूनियर एवं सीनियर बालक एवं बालिका वर्ग में एथेलेटिक्स, वॉलीबॉल, कबड्डी, भारोत्तोलन एवं बैडमिंटन विधाओं में दो दिवसीय प्रतियोगिता का भव्य शुभारंभ आज नेहरू स्टेडियम में किया गया।

कार्यक्रम का उद्घाटन सदर विधायक सुची चौधरी द्वारा गुब्बारे उड़ाकर किया गया। गुब्बारे को हवा में उड़ाते हुए विधायक द्वारा सभी का उत्साहवर्धन किया गया एवं बच्चों को जीवन में खेलों की उपयोगिता एवं महत्व के बारे में समझाया। प्रतियोगिता के अंतर्गत 100 मीटर सीनियर बालक वर्ग में आनंद कुमार ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। इसी प्रकार 400 मीटर सीनियर बालक वर्ग में प्रियांशु ने प्रथम स्थान प्राप्त किया 100 मीटर सीनियर बालिका वर्ग में ईशु ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। इसी प्रकार 400 मीटर सीनियर बालिका वर्ग में बबली ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। टीम स्पर्धा में वालीबाल जूनियर बालिका वर्ग में डीडीपीएस स्कूल बिजनौर की टीम विजेता रही। प्रतियोगिता में विजयी खिलाड़ियों को जिला क्रीड़ा अधिकारी एवं क्षेत्रीय युवा कल्याण अधिकारियों द्वारा पुरस्कार एवं प्रमाण पत्र वितरित किए गए। कार्यक्रम में जिला क्रीड़ा अधिकारी, बिजनौर, क्षेत्रीय युवा कल्याण अधिकारी, आकाश मलिक, मोनी चौधरी, मौहम्मद दानिश, अंकुर बालियान, व्यायाम प्रशिक्षक भूपेंद्र सिंह, जिला व्यायाम शिक्षक अरविंद अहलावत, कनिष्ठ सहायक प्रांजल दीक्षित आदि लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम का आयोजन आकाश मलिक एवं अंकुर बालियान क्षेत्रीय युवा कल्याण अधिकारियों द्वारा किया गया।

# नाला निर्माण से जल निकासी में सुधार व जल भराव से निजात : अमजद अली



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सहसपुर।** गिरधारी लाल रोड निकट ताल कटोरा रोड पर पिछले दस दिन से चल रहे बड़ा नाला निर्माण बरसात में होने वाली जल भराव जैसी समस्याओं से निजात मिलेगी। वहीं दूसरी ओर स्कूल के छात्राओं एवं यातायात आवागमन बाधित नहीं होगा।

नगर पंचायत सहसपुर अध्यक्षा नाहिद परवीन पति समाजसेवी हाजी अमजद अली अंसारी ने बताया कि गिरधारी लाल रोड पर कई वर्षों से जल भराव की समस्या होती थी। इन परेशानियों को केंद्र मानते हुए हाजी अमजद अली अंसारी ने बड़ा नाला निर्माण का अहम फैसला लिया। जब नाला बनकर तैयार हो जाएगा, तो आने वाले बरसात के मौसम में पानी की निकासी होने से रोड का आवागमन बाधित नहीं होगा व गलियों में पानी भरने जैसी समस्या रोड पर नाले के स्थान पर नाला निर्माण का कार्य तेजी से चल रहा है। इस नाले के निर्माण से बरसात के दौरान जल की निकासी में सुधार होने की उम्मीद है, जिससे क्षेत्र के निवासियों को जलभराव की समस्या से निजात मिलेगी। नाले की चौड़ाई और गहराई बढ़ाई गई है। नाले में जल निकासी के लिए उचित व्यवस्था की गई है। नाले के किनारे सुरक्षा के लिए रेलिंग लगाई जा रही है। नगर के डॉ. अजीमुद्दीन, अली कुरैशी, डॉ. मेराजुद्दीन, डॉ. सुरेश कुमार वर्मा आदि ने नाला निर्माण के कार्य की प्रशंसा की है और उम्मीद जताई है कि इससे जलभराव की समस्या का समाधान होगा। नाला निर्माण का कार्य क्षेत्र के विकास के लिए एक महत्वपूर्ण कदम है।

उम्मीद है कि यह नाला निर्माण क्षेत्र के निवासियों के लिए वरदान साबित होगा।

# द्वारिकेश समूह में 19वां दीर्घकालीन सेवा सम्मान समारोह



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** द्वारिकेश समूह के आरआर मोरारका पब्लिक स्कूल में 24 नवम्बर को 19वां दीर्घकालीन सेवा सम्मान समारोह पूर्ण हर्षोल्लास से मनाया गया।

समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में द्वारिकेश शुगर इण्ड.लि. की द्वारिकेशनगर एवं द्वारिकेशपुरम इकाई के वरिष्ठ अधिशासी उपाध्यक्ष (कॉर्पोरेट) सलिल एस. आर्य एवं द्वारिकेशधाम, बरेली इकाई के वरिष्ठ अधिशासी उपाध्यक्ष अनिल त्यागी उपस्थित रहे। जिनके द्वारा दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया गया। मुख्य महाप्रबन्धक (मां. सं.वि.) सुदर्शन सिंह शेखावत ने सर्वप्रथम द्वारिकेश परिवार के मुखिया मोरारका ने अपने संदेश के माध्यम से बताया कि वें अपने कर्मचारियों एवं अधिकारियों को परिवार का सदस्य बताया और कहा कि संस्थान में सभी द्वारिकेश परिवार के सदस्य के रूप में कार्य करते है तथा प्रत्येक सदस्य अपने समूह के लिए विशेष महत्व रखता है तथा सभी के श्रेष्ठ प्रदर्शन का ही परिणाम है कि आज द्वारिकेश समूह चीनी मिल समूह में अपनी पहचान रखता है। श्री मोरारका ने बताया कि उन्हें अपने सभी सहयोगियों को सम्मानित करने में अत्यन्त प्रसन्नता हो रही है। एके सिंह, उप महाप्रबन्धक (मा.सं. वि.) ने जानकारी दी कि द्वारिकेश समूह अपने उन कर्मचारियों एवं अधिकारियों को जिन्होंने द्वारिकेश परिवार के सदस्य के रूप में 10 वर्षो एवं 25 वर्षो का कार्यकाल पूर्ण कर लिया है को सम्मानित करने के उद्देश्य से इस दीर्घकालीन सेवा सम्मान समारोह का आयोजन करता है। द्वारिकेश समूह पिछले कई वर्षो से इस समारोह का आयोजन कर रहा है। उन्होंने यह भी अवगत कराया कि इस बार यह खुशी दुगनी हो गई है, क्योंकि द्वारिकेश परिवार से जुडे 48 सदस्यों को सम्मानित किया गया। जिसमें चार उन सदस्यों, जिनका पच्चीस वर्षो का कार्यकाल पूर्ण हो गया है तथा 39 सदस्य, जिन्होंने 10 वर्षो का कार्यकाल पूर्ण कर लिया एवं 5 ऐसे सदस्य जिनका 20 वर्षो का कार्यकालपूर्ण हो गया है एवं वर्तमान में वे कार्यकाल अवधि बढ़ाये जाने के कारण कार्यरत है, को सम्मानित किया गया।

इस समारोह में समूह के विद्यालय आर.आर.मोरारका पब्लिक स्कूल के उन छह अध्यापकों को भी सम्मानित किया गया, जिनमें दो अध्यापक जिन्होंने विद्यालय में 20 वर्षो का कार्यकाल पूर्ण कर लिया है तथा चार अध्यापक जिनका 10 वर्षो का कार्यकाल पूर्ण हो गया। इस समारोह में सभी सम्मानित सदस्यों को स्मृति चिन्ह एवं पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

**कार्यालय नगर पालिका परिषद, धामपुर (बिजनौर)**
**सार्वजनिक सूचना**

एतद्द्वारा समस्त हितबद्ध व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि वार्ड सं.-20 के सम्पत्ति संख्या 110/111 जो पालिका के गृहकर / जलकर अभिलेखों में श्री शादाब हुसैन पुत्र श्री लियाकत हुसैन के नाम दर्ज है। अतः श्री शादाब हुसैन पुत्र श्री लियाकत हुसैन का नाम निरस्त कर मोहम्मद अनीस पुत्र मोहम्मद हनीफ का नाम दर्ज किये जाने हेतु प्रार्थना पत्र विचाराधीन है। इस सम्बन्ध में इस सूचना के प्रकाशन के तीस दिवस तक आपत्ति पालिका कार्यालय में प्रस्तुत की जा सकती है। तत्पश्चात समयोपरान्त सामान्य कोई आपत्ति स्वीकार्य नहीं होगी।

**अधिशासी अधिकारी**

**नाम परिवर्तन सूचना**

मैंने अपने नाम को स्पेलिंग Khatun W/o Mohammad Umar से बदलकर Khatoon W/o Mohd Umar कर ली है। भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना जाये। खातून पत्नी मौ. उमर निवासी ग्राम शरफुद्दीन नगर, थाना नगीना देहात, जिला बिजनौर।

# शहर इंचार्ज व कांस्टेबल सस्पेंड

## सट्टा खिलाने पर कार्रवाई से पुलिस विभाग में हड़कंप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शेरकोट।** सट्टे खिलाने वाले माफिया को लिखते समय की वीडियो वायरल होने के बावजूद भी सट्टे का कारोबार नहीं रोक पाने को लेकर एसपी ने शहर इंचार्ज सहित एक कांस्टेबल को सस्पेंड किये जाने से पुलिस विभाग में हड़कंप मच गया।

सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार तीन-चार दिन पूर्व नगर के मौहल्ला खुराड़ा निवासी गंगाराम नामक व्यक्ति अपनी दुकान में सट्टा खिलाने के दौरान किसी व्यक्ति द्वारा वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल कर दी थी। जिस पर पुलिस मजबूर होकर सट्टा खिलाने वाले की दुकान पर छापा मार कर गंगाराम व उसके पुत्र को उठाकर थाने ले गयी। उक्त मामले की वीडियो सोशल मीडिया पर जमकर वायरल होने के बाद भी लगातार सट्टे का कारोबार नहीं रुकने व लापरवाही को लेकर एसपी ने संज्ञान लेते हुए शहर इंचार्ज विपिन कुमार व नगर में तैनात कांस्टेबल सोनू को बीती रात्रि सस्पेंड कर दिये जाने से पुलिस विभाग में हड़कंप मच गया।

बता दें कि नगर में काफी समय से सट्टे के अलावा अवैध कारोबार चरम सीमा पर चल रहे है। जिनका पूर्व में आये थाना प्रभारी को भी नहीं पता है।

कस्बे में तैनात कुछ पुलिसकर्मी इन अवैध कारोबार करने वालों से हमसाज है। उक्त कार्यवाही से पुलिस विभाग में हड़कंप मच गया है।

इस सम्बन्ध में थाना प्रभारी वीरेन्द्र कुमार से बात की तो उन्होंने सट्टे सम्बंधित मामले की वीडियो वायरल होने पर शहर इंचार्ज व कांस्टेबल सोनू को सस्पेंड किये जाने की बात कही है।

### रिश्वत के मामले में दो पुलिसकर्मियों की जोड़ी की चर्चा

**शेरकोट।** कस्बे में तैनात दो पुलिसकर्मियों की जोड़ी आजकल छोटे-छोटे मामलों मे लोगों को डरा धमका कर मोटी रकम वसूले जाने की चर्चा जोरों पर है। यदि नगर मे आपसी झगड़ा या कोई मामूली बात हो जाती है तो इन दोनों की जोड़ी की शुरुआत पचास हजार रुपये से शुरू होती है। कुछ दिन पूर्व एक प्रेमी जोड़े के मामले में भी रकम इस नाम से ली गई की दोनों का फैसला करा दिया जायेगा। लेकिन लड़की द्वारा मुकदमा दर्ज कराने की जिद पर पुलिस को मुकदमा लिखना पड़ा।

### लोकप्रिय हिन्दी दैनिक शाह टाइम्स की खबर सच साबित

**शेरकोट।** लोकप्रिय हिन्दी दैनिक शाह टाइम्स ने 14 सितम्बर के अंक में कस्बे में तैनात एक पुलिसकर्मी की जोड़ी द्वारा अवैध वसूली की खबर प्रकाशित की थी। जिसका अधिकारियों ने संज्ञान लेते हुए उसकी जांच पुलिस क्षेत्राधिकारी अफजलगढ़ को दी गयी थी। लेकिन उस दौरान मामले को रफा दफा कर दिया गया था। लेकिन वह खबर उस समय सच साबित हुई, जब एसपी बिजनौर द्वारा उनमें से एक पुलिसकर्मी को सट्टे के मामले में सस्पेड भले ही कर दिया हो, जबकि अवैध वसूली में लिफ्त दूसरा साथी कार्यवाही के चंगुल से बाहर है। क्योंकि इस पुलिसकर्मियों की जोड़ी का दूसरा साथी सट्टा माफियाओं सहित अन्य अवैध कारोबार करने वालों से हर माह मोटी रकम वसूल कर पुलिस को बदनाम कर रहा है।

### लाइन हाजिर पुलिसकर्मी ने भी इस जोड़ी पर लगाए थे गंभीर आरोप

**शेरकोट।** पूर्व थाना प्रभारी द्वारा एक इमानदारी के साथ कार्य करने वाले कांस्टेबल के खिलाफ लापरवाही बरतने की रिपोर्ट के आधार पर एसपी द्वारा कई सप्ताह पूर्व लाईन हाजिर करने वाले पुलिसकर्मी के खिलाफ जांच के मामले में पुलिसकर्मी द्वारा अपने बयान में दो कांस्टेबलों द्वारा नगर में सट्टे का कारोबार सहित अन्य कारोबार कराने वालों का साथ देने की बात कहने के बावजूद उस पुलिसकर्मी के बयान के आधार पर भी कोई कार्यवाही नहीं की गयी थी। जबकि वह बात सच साबित हो रही है।

# अपराधी या तो अपराध छोड़ दें नहीं तो क्षेत्र छोड़ दें: थाना प्रभारी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**स्योहारा।** नवागत थाना प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार ने पदभार ग्रहण करते ही कानून व्यवस्था को मजबूत करने का बीड़ा उठाया है। उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा कि क्षेत्र में किसी भी प्रकार की आपराधिक गतिविधि को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।



थाना प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार ने चेतावनी देते हुए कहा कि अपराधी या तो अपराध छोड़ दें या फिर क्षेत्र छोड़ दें, क्योंकि अब अपराध करने वालों के लिए कोई ढिलाई नहीं रहेगी। थाना प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार ने बताया कि थाने में आने वाले किसी भी पीड़ित को न्याय दिलाने के लिए पुलिस पूरी ईमानदारी और संवेदनशीलता के साथ कार्य करेगी। उन्होंने कहा कि थाने में आने वाले लोगों को कहीं भटकने की जरूरत नहीं पड़ेगी, क्योंकि उनकी समस्या का समाधान यहीं प्राथमिकता के साथ किया जाएगा। पीड़ित को न्याय दिलाना हमारी पहली जिम्मेदारी है। क्षेत्र की जनता को संदेश देते हुए थाना प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार ने कहा कि कानून का सम्मान करने वालों को पुलिस हमेशा सम्मान देगी लेकिन जो लोग कानून का उल्लंघन करेंगे, उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई अनिवार्य रूप से की जाएगी। थाना प्रभारी निरीक्षक ने साफ कहा कि थाना स्योहारा में भ्रष्टाचार और सिफारिश जैसी कोई जगह नहीं होगी। हर शिकायत का निष्पक्ष निस्तारण किया जाएगा। अपराधियों पर लगातार निगरानी रखी जाएगी और कड़ी कार्रवाई होगी। थाना प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार ने व्यापारियों, युवाओं और आम जनता से शांति सौहार्द और कानून व्यवस्था बनाए रखने की अपील की। उन्होंने कहा कि पुलिस जनता की है और जनता के सहयोग से ही क्षेत्र को अपराधमुक्त बनाया जा सकता है।

## एक नजर

### आसिफ असलम कर रहे एसआईआर में मदद



**चांदपुर।** पिछले दो सप्ताह से लगातार एसआईआर गणना पत्र भरने में सपा युवा नेता आसिफ असलम राष्ट्रीय सचिव (लोहिया वाहिनी) अपनी टीम के साथ एसआईआर फॉर्म भरने का कार्य कर लोगों की मदद कर रहे हैं। मौहल्ला मुफ्ती सराय इमामबाड़ा अंसारियां में कैंप लगाकर अब तक डेढ़ हजार लोगों के फार्म भरकर पुण्य का काम किया। उनके साथ सपा जिला सचिव यूनुस ताऊ, आसिफ असलम, यूनुस शेख रईस, शकील अंसारी, आसिफ भट्टे वाले, अनवर अंसारी, शहनवाज आदि लोग मौजूद रहे। उनका कहना है कि सपा मुखिया पूर्व मुख्यमंत्री भैया अखिलेश यादव के आह्वान पर सपा कार्यकर्ता जनता के बीच पहुंचे और लोगों के फॉर्म भरवाने में मदद की। इस दौरान अनेकों नागरिकों ने अपने अपने बीएलओ के द्वारा उनके फार्म न भरने और अभद्र व्यवहार करने की शिकायतें की। आसिफ असलम ने इस बाबत उपजिलाधिकारी से मिलकर कुछ बीएलओ की लिखित शिकायत करने की बात कहीं है।

### शहीदी दिवस श्रद्धापूर्वक मनाया




**धामपुर।** गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा मे नवम गुरु तेग बहादुर जी महाराज तथा उनके परम शिष्यों एवं अनुयाईयों भाई मतिदास जी, भाई सती दास जी और भाई दयाला जी का350 वां शहीदी दिवस श्रद्धापूर्वक आयोजित किया गया। इस अवसर पर पंजाब के मारकंडा से पधारे बीबी कंबलजीत कौर खालसा के जत्थे ने गुरु वाणी के अमोलक कीर्तन की विभिन्न प्रभावी प्रस्तुतियों से संगत को निहाल किया, जबकि जिला रामपुर के बिलासपुर से आए गुरबाणी प्रचारक ज्ञानी रनजीत सिंह खालसा ने गुरु वाणी विचारों के माध्यम से गुरु तेग बहादुर जी महाराज के समूचे जीवन दर्शन पर विभिन्न संदर्भों तथ्यों और बिंदुओं सहित विस्तार से प्रकाश डाला। गुरु महाराज के वजीर ज्ञानी रघुवीर सिंह ने भी गुरबाणी कीर्तन की प्रस्तुतियां दी। कार्यक्रम में गुरुद्वारा की प्रबंध समिति की ओर से गुरमुख परिवारों को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर सरदार अमरजीत सिंह, गुरुचरण सिंह, सरदार जोगिंदर सिंह, सरदार रविंदर सिंह, सुरजीत हरपाल सिंह चावला, सतवंत सिंह सलूजा, सुरजीत सिंह चावला, डा. अमरजीत सिंह, बुद्ध सिंह आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम का समापन विशाल लंगर से हुआ, जिसमें बड़ी संख्या में पहुंचे गुरमुख परिवारों और नगर के श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया।

### श्री गुरु राम राय स्कूल में जागरूकता कार्यक्रम



**धामपुर।** पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर चलाए जा रहे मिशन शक्ति अभियान तथा यातायात सुरक्षा माह के तहत श्री गुरु राम राय स्कूल सुहागपुर में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व पुलिस क्षेत्राधिकारी अभय पांडे ने किया। उनके साथ कोतवाली प्रभारी मृदुल कुमार तथा महिला पुलिस कर्मी भी मौजूद रहीं। कार्यक्रम में छात्राओं, शिक्षकों व स्थानीय नागरिकों को मिशन शक्ति, महिलाओं की सुरक्षा, सड़क सुरक्षा तथा यातायात नियमों के बारे में विस्तार से बताया गया। पुलिस अधिकारियों ने विद्यार्थियों को महत्त्वपूर्ण हेल्पलाइन नंबर 108, 1090, 112, 102, 1098, 1930 के उपयोग व उनकी आवश्यकता के बारे में जानकारी दी। अधिकारियों ने कहा कि किसी भी प्रकार की आपात स्थिति, महिलाओं से जुड़े अपराध, सड़क हादसे अथवा साइबर ठगी की स्थिति में इन नंबरों के माध्यम से तुरंत मदद प्राप्त की जा सकती है। कार्यक्रम में कोतवाली प्रभारी मृदुल कुमार, महिला आरक्षी, प्रधानाचार्य आरएस यादव, ललित कुमार, राजेंद्र सिंह, शालिनी चौहान, ज्योति रानी, नीलम नेगी, नरेंद्र सिंह, शहाना परवीन सहित समस्त विद्यालय का स्टाफ उपस्थित रहा।

### रामपुर की टीम ने लहराया परचम




**चांदपुर।** अजान ग्रुप, आधारशिला स्कूल और बीकेजी ज्वैलर्स के सहयोग एवं चांदपुर स्पोर्ट्स सोसायटी के प्रयास द्वारा बाबू कैलाश चंद्र मित्तल और सरदार इकबाल सिंह लोहिया जी की स्मृति में द्वितीय विवेक कप हॉकी टूर्नामेंट का फाइनल हुआ। फाइनल रामपुर और मिलक के बीच खेला गया, जिसे रामपुर ने मिलक को 4-0 से हरा ट्रॉफी पर कब्जा किया। टूर्नामेंट रामपुर हास्टल ने लगातार दूसरी बार जीता है। सुबह चांदपुर सीनियर और चंदौसी सीनियर के बीच खेले गए मैच में चांदपुर 4-3 से विजयी रही। चांदपुर की ओर से अफजल फारूकी, मनी लोहिया, नदीम जकी और राहुल बंसल एवं चंदौसी की तरफ से दीपांशु एवं नावेद ने गोल किये। मैच के मुख्य अतिथि अतहर अजान ग्रुप, मित्रविंदा करनवाल, विवेक करनवाल और अमित गोयल विवेक कॉलेज और गोविंद मित्तल एवं हनी तोमर रहे। चांदपुर सोसायटी के अध्यक्ष गजेंद्र कुमार, अफजल फारूकी, रउफ अहमद, नफीस अहमद, मेहर अलम, कौशिक चंद्रा, इमरान अहमद, जुबैर, पटेल, तरुण, रोशन, शैलेन्द्र लोहिया, मनी लोहिया आदि रहे। मैच के फाइनल अवसर पर सफल संचालन शेख इजमाल अहमद, बहार आलम संभाले हुए थे। नाजिम खान, बहार आलम, शेर आलम उर्फ चांद भाई, जुल्फिकार अहमद उर्फ भूरे, काजी शेख रऊफ अहमद, नफीस अहमद आदि उपस्थित रहे।

### पेन पैकिंग के नाम पर रकम ठगी

**कोतवाली देहात।** थाना कोतवाली देहात के ग्राम शादीपुर निवासी आदेश शर्मा की पुत्री दिवांशी के पास एक कंपनी से फोन आया और उसे बताया कि वह पेन पैकिंग करके घर बैठे तीस हजार रुपए प्रति माह कमा सकती है। किशोरी ने फोन कॉल वाले व्यक्ति की बात पर विश्वास कर लिया। इसके बाद किशोरी को बताया कि उसे खाते में 650 रुपए भेजने है, जिनमें से 50 रुपए कार्ड के शुल्क के रूप में रखकर शेष 600 वापस कर दिए जाएंगे। किशोरी ने 650 रुपए डलवा दिए। इसके बाद किशोरी को बताया कि माल उसके पास भेजा जा रहा है, उसके लिए 4550 रुपए और खाते में भेज दे। इसके बाद किशोरी ने गांव के जन सेवा केंद्र से वह धनराशि भी भेज दी। इस तरह तीन बार में किशोरी से 16000 रुपए डलवा लिए गए। पैसे डलवाने के बाद किशोरी से साढ़े आठ हजार रूपए की मांग की गई, जिस पर उसने घटना परिजनों को बताई। परिजनों को फोन करने वाले व्यक्ति ने धमकाने का प्रयास किया और पुलिस में शिकायत करने की बात कही। पीड़ित परिवार ने घटना की सूचना पुलिस को दी है।

# अज्ञात ट्रक की टक्कर से युवक की मौत, चार घायल



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शेरकोट।** अज्ञात ट्रक ने घोड़ा-बग्गी को टक्कर मार देने से बग्गी सवार एक युवक व एक घोड़े की मौके पर ही मौत हो गयी। जबकि बग्गी सवार चार युवक गम्भीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर पुलिस ने घायलो को उपचार हेतु सीएचसी भिजवाया तथा मृतक के शव को पोस्टमार्टम को भेजा।

जानकारी के अनुसार सुबह सवेरे लगभग 4 बजे स्योहारा थाना क्षेत्र के ग्राम बुढेरन निवासी प्रशांत पुत्र नरेंद्र, महेंद्र, वीरू, नितिन व अलीम पुत्र फहीम निवासी गांव मुकरपुरी थाना स्योहारा घोड़ा बग्गी से अफजलगढ़ से धामपुर की ओर जा रहे थे। जब उनकी बग्गी ग्राम मुबारकपुर कुंडे के निकट पहुंची तो अफजलगढ़ की ओर जा रहे अज्ञात ट्रक ने बग्गी को टक्कर मार दी। जिससे प्रशांत (17 वर्ष) व एक घोड़े की मौके पर ही मौत हो गयी। जबकि चार अन्य गम्भीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को उपचार के लिए सीएचसी भेजा तथा मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा।

थानाध्यक्ष ने बताया कि आरोपी वाहन चालक की तलाश की जा रही है।

## घोड़े ने भी दम तोड़ा

# रेलवे ट्रेक पर फंसी लकड़ी से भरी ट्रैक्टर-ट्राली

## ट्रैक पर लकड़ी गिरने से ट्रेनों का आवागमन रूका, यात्री परेशान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नांगल सोती।** रेलवे ट्रेक के बीचों बीच लकड़ी से भरी एक ट्रैक्टर ट्राली फंस गई , जिसके बाद ट्रेक पर लकड़ी बिखर गई। ट्रेक बाधित होने जम्मूतवी-कोलकाता मुख्य रेल मार्ग पर ट्रेन संचालन घंटों तक ठप रहा। इस घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है, जिसे देखकर लोग रेलवे सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल उठा रहे हैं।

सोमवार रात लगभग 21:53 बजे लकड़ी से भरी एक ट्रैक्टर ट्रॉली फाटक पार कर रही थी, तभी अचानक जोरदार झटका लगने से ट्रैक्टर और ट्रॉली अलग हो गए। ट्रॉली सीधे पटरियों पर अटक गई और फाटक के बीचों बीच फंसकर रेलवे ट्रेक पूरी तरह बाधित हो गया। ट्रॉली के फंसते ही अप और डाउन दोनों रूट बाधित हो गए। सबसे पहले अमृतसर से जयनगर जा रही सरयू एक्सप्रेस को फाटक से पहले ही रोकना पड़ा। वहीं पीछे आ रही जनता



एक्सप्रेस को भी बालावाली स्टेशन पर खड़ा कर दिया गया। कई अन्य ट्रेनें भी देरी से संचालित हुई, जिससे यात्रियों को भारी असुविधा झेलनी पड़ी। सूचना मिलते ही रेलवे विभाग की टीम मौके पर पहुंची और जेसीबी मशीन की मदद से ट्रॉली को हटाने का प्रयास शुरू किया। देर रात तक चले रेस्क्यू ऑपरेशन के बाद ट्रेक खाली कराया गया और सुरक्षा जांच पूरी होने के बाद ही ट्रेनों को रवाना किया गया। स्थानीय निवासियों के अनुसार ट्रॉली फंसने के बाद रेलवे फाटक पर भीषण जाम लग गया और वाहन घंटों तक फंसे रहे। लोगों ने नाराजगी जताते हुए कहा कि ऐसी घटनाएं रेलवे और प्रशासन की लापरवाही को उजागर करती हैं। रेलवे विभाग ने पूरी घटना की जांच शुरू कर दी है, जांच के बाद घटना की जिम्मेदारी तय की जाएगी।

### चंदक रेलवे फाटक पर रोज लगता है जाम

**नांगल सोती।** बिजनौर-हरिद्वार मार्ग पर जम्मूतवी कलकत्ता मुख्य रेलवे ट्रेक पर चंदक में रेलवे फाटक पड़ता है। इस रेलवे ट्रेक पर प्रतिदिन 120 से 130 ट्रेनें संचालित होती हैं। वही बिजनौर-हरिद्वार मार्ग से सैकड़ों वाहन गुजरते है, जिस कारण इस फाटक पर दिन भर में कई बार जाम लगता है। राहगीरों को घंटों जाम में फंसे लेने के लिए मजबूर होना पड़ता है।

# भागवत कथा ही परम मोक्ष साधन: संघर्षी

## श्रीमद भागवत कथा का चौथा दिन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चांदपुर।** मौहल्ला काजीजादगान (गोकुलनगर) चन्द्र लोक कालोनी (सिलारा) में स्थित श्री विष्णु धाम मंदिर व आश्रम पर 27 नबम्बर को मंदिर में स्थापित श्री लक्ष्मी नारायण जी के प्राण प्रतिष्ठा वार्षिकोत्सव के उपलक्ष्य में आयोजित श्रीमद् भागवत कथा के चतुर्थ दिवस पर प्रवचन करते हुए कथा प्रवक्ता महंत पं. रविन्द्र भारद्वाज श्री संघर्षी ने कहा कि भक्ति के बल पर ही ईश्वर को अपने आंगन में बच्चा बनाकर नचाया जा सकता है। यह चमत्कार नन्दबाबा जी एवं माता यशोदा ने गोकुल में करके दिखाया है, जब वह जगत के स्वामी को मुट्ठी भर माखन के बदले में अपने आंगन में नांच नचवा रहें हैं।

श्री संघर्षी महाराज जी ने कहा कि भगवान श्री कृष्ण जी की बाल लीलाएं हम सभी के आत्मकल्याण तथ परम् गति के लिए श्रवण करायी जा रही है। कलियुग में केवल श्री मद्भागवत कथा ही परम मोक्ष साधन हैं। श्री संघर्षी महाराज ने कहा कि जिस क्षण संसार में हमारा जन्म जाता है। उसी क्षण मृत्यु हमारे आगे-पीछे डोलने लगती है। जब तक हम पर




ईश्वर की कृपा है, तभी तक हम सुरक्षित है। वरना थोड़ी सी भी सावधानी हटी तभी समझ लो दुर्घटना घटी। ईश्वर की शरणागति ही हमें मृत्यु के संकट से बचा सकती है। श्री संघर्षी महाराज ने कहा कि जितना समय हम दूसरों को समझने में लगा रहे हैं, यदि उसका पिन बराबर समय भी हम अपने को सुधारने में लगा लें, तो मुझे विश्वास है कि विश्व में रामराज्य आज जायेगा। आजकल पर उपदेश कुशल बहुतेरे वाली कहावत चरितार्थ होती जा रही है। आज कथा में यजमान तेज पाल सिंह (बिजली वाले), मनोज वर्मा, श्रीमती प्रकाशो देवी धर्मपत्नी छोटेलाल सिंह (जनरेटर वाले) रहे। इस अवसर पर कथा में परीक्षित के रूप में एड. प्रभात गुप्ता तथा उनके पुत्र एड. मनु गुप्ता सपत्नीक उपस्थित रहे। आज की कथा में कथा प्रवक्ता ने श्री कृष्ण जन्म के प्रसंग को बड़े ही मार्मिक ढंग से भक्तों को श्रवण कराया, जिसे श्रवण कर सभी भक्त भाव विभोर हो गए।

कथा में रजनी प्रजापति, रूपा सैनी, कमलेश सैनी, गीता राठी, सुनीता देवी, सुदेशना देवी, आरती सैनी, कुसुम शर्मा, किरन वर्मा, अम्बिका वसल, एकता अग्रवाल, पूनम देवी, ममता भारद्वाज, सपना त्यागी, बीना, साधना, हेमलता देवी, प्रकाशो देवी, सरोज चौधरी, मधु बंसल, आशा पवार, मंजु सैलानी, कृष्णा प्रजापति, कु. साक्षी पवार, तानिया सैलानी, हिमानी सैलानी, कु. शिखा प्रजापति, तेजपाल सिंह (बिजली वाले), रविन्द्र अग्रवाल (नमकीन वाले) इत्यादि उपस्थित रहे।

# पालिका सभागार में जागरूकता गोष्ठी

## व्यापारी को तकनीकी रूप से जागरूक व सतर्क रहना जरूरी: सीओ

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**स्योहारा।** नगर पालिका सभागार में व्यापारियों की सुरक्षा, साइबर क्राइम की रोकथाम तथा यातायात नियमों के पालन को लेकर पुलिस प्रशासन की ओर से एक महत्वपूर्ण जागरूकता गोष्ठी आयोजित की गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता क्षेत्राधिकारी अभय कुमार पांडे ने की।

गोष्ठी में व्यापारियों को संबोधित करते हुए सीओ अभय कुमार पांडे ने कहा कि ऑनलाइन ठगी, फर्जी लिंक, ओटीपी शेयरिंग, क्विक सपोर्ट ऐप और डिजिटल पेमेंट से जुड़े अपराध तेजी से बढ़ रहे हैं। ऐसे में हर व्यापारी को तकनीकी रूप से जागरूक और सतर्क रहना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने कहा कि किसी भी संदिग्ध कॉल, लिंक, ऐप डाउनलोड या ओटीपी मांगने वाले व्यक्ति से सावधान रहें और तुरंत पुलिस को सूचना दें। सीओ पांडे ने बताया कि साइबर अपराधी नए-नए तरीके अपनाकर लोगों को जाल में फंसा रहे हैं। इसलिए व्यापारी वर्ग को समय-समय पर अपडेट रहना चाहिए और किसी भी ऑनलाइन ट्रांजेक्शन को बेहद सावधानी से करें। इसी के साथ पुलिस ने व्यापारियों को यातायात नियमों के प्रति भी जागरूक



किया। सीओ पांडे ने स्पष्ट कहा कि बिना हेलमेट दोपहिया वाहन न चलाएं। कार चलाते समय सीट बेल्ट अवश्य लगाएं और यातायात नियमों का पालन हर नागरिक के लिए अनिवार्य है। उन्होंने कहा कि सड़क सुरक्षा भी उतनी ही जरूरी है, जितनी साइबर सुरक्षा क्योंकि यह आपकी अपनी जान की सुरक्षा से जुड़ा विषय है। थाना प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार ने भी व्यापारियों से संवाद करते हुए साइबर अपराध की ताजा घटनाओं और उनके बचाव के तरीके विस्तार से बताए।

उन्होंने कहा कि थाना स्तर पर साइबर सेल और पुलिस टीमें लगातार सक्रिय हैं। किसी भी व्यापारी की शिकायत पर तत्काल कार्रवाई की जाएगी। साथ ही उन्होंने कहा कि दुकान व प्रतिष्ठान पर डिजिटल भुगतान के दौरान विशेष सतर्कता बरतें और किसी अंजान व्यक्ति पर भरोसा न करें।

गोष्ठी में शामिल विख्यात समा. जसेवी व शिक्षाविद् डॉ. मनोज वर्मा ने कहा कि समय के साथ साइबर जागरूकता और तकनीकी समझ बढ़ाना अत्यंत जरूरी है। व्यापारी वर्ग यदि सतर्क और अपडेट रहेगा तो किसी भी ऑनलाइन ठगी से बचा जा सकता है। उन्होंने कहा कि प्रशासन और व्यापारियों के बीच बेहतर तालमेल होने से अपराध और भी प्रभावी तरीके से नियंत्रित किए जा सकते हैं। कार्यक्रम में व्यापार मंडल के प्रदेश उपाध्यक्ष मनोज भटनागर, भाजपा नेता अरुण कुमार वर्मा के पुत्र अमित कुमार वर्मा, डॉ. विनीत देवरा सहित नगर के बड़ी संख्या में व्यापारी उपस्थित रहे।

# छह का शांति भंग में चालान



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नहटौर।** मंदिर परिसर की दीवार को लेकर चल रहे विवाद में कहासुनी होने पर थाने पहुंचे ग्रामीणों को निष्पक्ष जांच नहीं होने पर धरना देने की बात कहना महंगा पड़ गया। पुलिस ने इस मामले दोनों पक्षों की तीन महिलाओं सहित छह का शांति भंग में चालान कर दिया।

आज दोपहर करीब क्षेत्र के ग्राम हमीदपुर के ग्रामीण मदन सैनी, योगेंद्र सिंह, मनोज कुमार, कृष्णा, रोहतास, भगवत सिंह, सत्यवीर सिंह, आकाश कुमार, धर्मेंद्र, विद्यावती, उमेश, दुलारी, लक्ष्मी देवी आदि थाने पहुंचे थे। बताया जाता है कि गांव में मंदिर की एक दीवार को लेकर विवाद चल रहा है। दूसरे पक्ष की एक महिला से इसी बात को लेकर कहासुनी हो गई थी। इसके बाद ग्रामीण थाने पहुंचे थे। ग्रामीणों ने इस मामले में निष्पक्ष जांच की मांग की। इसी दौरान थाने में ग्रामीणों ने निष्पक्ष जांच नहीं होने पर धरना देने की बात कह डाली, जिस पर पुलिस ने मदन सैनी, मनोज कुमार आदि को पकड़कर थाने में बैठा लिया। थाने के बाहर मौजूद ग्रामीणों में अफरा तफरी मच गई। इसी मामलों को लेकर भारतीय किसान यूनियन टिकैत के नेता सुजीव चौधरी के नेतृत्व में कार्यकर्ता भी थाने पहुंचे। उन्होंने पुलिस से निष्पक्ष जांच की मांग की। थाना अध्यक्ष धीरज नागर ने बताया कि नीता पत्नी प्रीतम, प्रीतम पुत्र दयाराम, मदन पुत्र रामचरण सिंह, उमेश पत्नी मदन सिंह, मनोज पुत्र भगवत, रामवती पत्नी भगवत का शांतिभंग में चालान कर दिया।

# गन्ना क्रय केंद्रों पर कांटों का निरीक्षण

## कृषकों ने इंडेंट और गन्ना उठान की व्यवस्था पर किया संतोष व्यक्त

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चांदपुर।** जिला गन्ना अधिकारी पी.एन. सिंह ने आज जनपद की चीनी मिलों द्वारा की जा रही गन्ना खरीद व्यवस्था और क्रय केंद्र संचालन का धरातलीय स्तर पर निरीक्षण किया। इस निरीक्षण का उद्देश्य व्यवस्थाओं की पारदर्शिता और किसानों को मिल रही सुविधाओं का आंकलन करना था।

डीसओ ने चांदपुर पहुंच कर पहले चरण में पी.बी.एस. शुगर मिल लिमिटेड के गेट कांटा नंबर 2 ट्रैक्टर टिपलर और ग्रास कांटे का निरीक्षण किया। निरीक्षण में कांटा सही पाया गया। इसी चीनी मिल के क्रय केंद्र सल्लाहपुर की भी जांच की गई, जहां तौल सही मिली। मिल प्रबंधन को निर्देशित किया गया कि हर वाहन पर रिफ्लेक्टर अवश्य लगाए जाएं। उन्होंने निरीक्षण के दौरान क्रय केंद्र पर उपस्थित कृषकों से विस्तृत वार्ता





की गई। कृषकों ने इंडेंट (पर्ची जारी करना) और गन्ना उठान (लिफ्टिंग) की व्यवस्था पर संतोष व्यक्त किया और इसकी प्रशंसा की। उनके द्वारा बताया गया कि यद्यपि गेहूँ की बुवाई चल रही है, फिर भी गन्ना पर्चियों की कोई कमी नहीं है जो सुचारू खरीद को दर्शाता है। जिला गन्ना अधिकारी चीनी मिल धामपुर और चांगीपुर के क्रय केंद्रों पर पहुंचे जहां इसी क्रम में चीनी मिल धामपुर के क्रय केंद्र धुंधली एवं चांगीपुर तथा क्रय केंद्र रतनगढ़ एवं तंगरौला की भी जांच की जो सभी क्रय केंद्रों पर तौल सही पाई जाने पर उन्होंने संतोष जताते कहा कि यह स्पष्ट होता है कि पूरे क्षेत्र में तौल मानकों का पालन किया जा रहा है। चीनी मिल स्योहारा एवं द्वारिकेश का निरीक्षण और ओवरवेट पर भी निर्देश देते कहा कि चीनी मिल स्योहारा एवं द्वारिकेश शुगर मिल अफजलगढ़ के गेट कांटे का निरीक्षण किया मानक बाट (स्टैंडर्ड वेट्स) द्वारा ट्रॉली कांटों का परीक्षण किया गया और कांटा सही मिला। मिल प्रबंधन को ओवरवेट संबंधी विभागीय नियमों का शत-प्रतिशत अनुपालन सुनिश्चित करने हेतु कड़े निर्देश दिए गए। कृषक जागरूकता और मार्गदर्शन पर कहा कि मिल गेट पर उपस्थित कृषकों के हित में उनके साथ विस्तृत चर्चा की गई। यह चर्चा अधिक उत्पादन हेतु पंचामृत खेती (ट्रेंच प्लांटिंग), सहफसली, ड्रिप इरिगेशन, रटून मैनेजमेंट, ट्रेश मल्चिंग, ट्राइकोडर्मा, ऑर्गेनिक फार्मिंग, प्लांट प्रोटेक्शन, फेरोमोन ट्रैप, लाइट ट्रैप, गहरी जुताई और 0238 बीज बदलाव जैसे उन्नत कृषि तकनीकों पर जोर दिया।

# एसआईआर की तिथि बढ़ाये चुनाव आयोग: आरिफ तुर्की

शाह टाइम्स ब्यूरो

**सम्भल।** गहन मतदाता पुनरीक्षण (एसआईआर) कार्य पर निरंतर सवाल उठाती आ रही कांग्रेस ने अब इस समय बढ़ाने की मांग चुनाव आयोग से की है।



जिला कार्यालय पर आयोजित पत्रकार वार्ता में जिलाध्यक्ष आरिफ तुर्की ने कहा कि चुनाव आयोग की ओर से एसआईआर कार्य कराया जा रहा है। मतदाता के पुनरीक्षण कार्य (एसआईआर) के लिए 2003 की मतदाता सूची में नाम होने अथवा उसके सम्बंधी का नाम होने की शर्त रखी गयी है। एसआईआर कार्य तेजी के साथ चल रहा है लेकिन एसआईआर फार्म भरने में मतदाताओं को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है,क्योंकि मतदाता सूचियों में त्रुटियां होने के साथ अन्य काफ दुश्वारियों का सामना करना पड़ रहा है। इससे मतदाता परेशान है और बड़ी संख्या में मतदाता एसआईआर फार्मों को पूरा नहीं कर सके हैं जबकि एसआईआर कार्य पूरा होने में समय भी काफी कम रह गया है। इसलिए चुनाव आयोग को एसआईआर कार्य का समय बढ़ाया जाना ज़रूरी हो गया है। उन्होने कहा कि एसआईआर कार्य की तिथियां नहीं बढ़ायी गयीं तो अनेको परेशानियों के कारण बड़ी संख्या में मतदाताओं के फार्म पूरे करने से रह जायेंगे। इससे मतदाताओं के वोटों का अधिकार से वंचित होना पड़ सकता है। इसलिए चुनाव आयोग इस पर विचार करे और एसआईआर की तिथि को बढ़ाया जाये। वरिष्ठ कांग्रेसी नेता मुशीर खां तरीन ने भी एसआईआर कार्य की तिथि को बढ़ाने की मांग करते हुए लोगों से भी एसआईआर के नाम पर ओटीपी मांगने पर नहीं देने का आहवान किया।



सम्भल- अल कुरैशी कुश्ती दंगल में पगड़ी बांधकर सम्मानित किए पूर्व चेरयमैन व विजयी शुमायला।

# शुमाएला ने बालक पहलवान को एक ही दांव में किया चित्त

शाह टाइम्स ब्यूरो

**सम्भल।** अल कुरैश अखाड़ा के बैनर तले आयोजित दो दिवसीय कुश्ती दंगल में अखाड़े में उतरे पहलवानों ने अपने जौहर का प्रर्दशन कर विरोधी पहलवानों को मात देकर बाजी अपने नाम की।

उपनगरी सरायतरीन के दौलतपुरी मार्ग पर आयोजित दंगल में स्थानीय व दूसरे शहरों से पहुंचे पहलवानों ने अपने जौहर दिखाये। दंगल में पहुंची बिलारी निवासी छोटी पहलवान शुमायला से उप नगरी सराय तरीन निवासी बालक पहलवान ने कुश्ती के लिए हाथ मिलाया। बालिका पहलवाल ने पहले ही दांव में बालक पहलवान को मात देकर जीत अपने नाम की। जबकि असजद पहलवान और अलल्काज पहलवान ने भी अखाड़े पर पहुंचकर कुश्ती को अपने नाम कर लिया। पहलवानों की हौंसला अफजाई के लिए सम्भल नगर पालिका परिषद के पूर्व चैयरमेन एवं भारतीय सद्भावना मंच गो प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय संयोजक हाजी नुसरत ईलाही जामई पहुंचे और पुरूस्कार देकर नवाजा। अल कुरैश अखाड़ा के पदाधिकारियों ने नुसरत ईलाही को पगड़ी बांधकर सम्मानित किया और फूल मालाओं से स्वागत किया। इस मौके पर मौ. शफी कुरैशी, घांसी असलम, वसीम, अंसार पहलवान, अल्फैज पहलवान, हाजी जिशान, जाहिद नूर, मेम्बर एहसान, जाबुन हसन, फिरोज कुरैशी, मौहम्मद आलम, लुकमान कुरैशी, जुनैद कुरैशी आदि मौजूद रहे।

# रजपुरा मिल ने किसानों का 18 करोड़ का किया भुगतान

- पैराई सत्र के किए गए भुगतान से किसानों में खुशी
- मिल प्रशासन ने किसानों के सहयोग पर जताया आभार
- पैराई सत्र में 15.16 लाख गन्ने की हो चुकी है पैराई

शाह टाइम्स ब्यूरो

**सम्भल।** चीनी मिल रजपुरा द्वारा पैराई सत्र 2025-26 के तहत किसानों को दिया किसानों के गन्ने का मूल्य भुगतान में हमेशा अग्रणी रहने वाली धामपुर शुगर मिल की और से पैराई सत्र में दिए गए पहले गन्ना मूल्य का भुगमान कर दिया है। मिल की ओर किसानों को किए गए भुगतान पर किसान संगठनों की ओर हर्ष जताया है।

रजपुरा धामपुर शुगर मिल का वर्तमान 2025-26 का पैराई सत्र शुरू हुए चंद दिन ही हुए हैं। चीन मिल किसानों के गन्ना मूल्य का भुगतान करने में सबसे आगे रहती है। मिल प्रशासन की ओर से किसानो पैराई सत्र का पहला गन्ना मूल्य का 18 करोड़ का भुगतान कर दिया है। इससे किसान संगठनों में खुशी है। चीनी मिल के उपाध्यक्ष आशीष कुमार शर्मा ने बताया कि कुल 18 करोड़ गन्ना मूल्य भुगतान की राशि सीधे किसानों के बैंक खातों में स्थानांतरित कर दी गई है। उन्होंने बताया कि आज तक मिल में 15.16 ला.कु. गन्ने' की पेराई की जा चुकी है। मिल अपनी अधिकतम पैराई क्षमता से लगातार कार्य कर रही है, जिससे किसानों को समयबद्व ढंग से पेराई सुविधा मिल सकें। उन्होंने बताया कि चीनी मिल रजपुरा द्वारा कृषकों की ट्रॉली/ट्रिपलर पर रिफलेक्टर पटी एवं रेडियम पेन्ट करवाया जा रहा है ताकि रात्रि में कोहरे से होने वाली दुर्घटना से बचाव हो सकें। उन्होने कृषकों से अपने गन्ने को औने-पौने दामों में इधर-उधर न बेंचने का आग्रह किया है। जबकि पौधा गन्ना बिल्कुल भी सप्लाई न करने के साथ केवल पेड़ी एवं शरदकालीन गन्ने की ही सप्लाई करने पर ज़ोर दिया है क्योंकि पौधा गन्ना अभी अपिरपक्व (कच्चा) है साथ ही उसकी पेड़ी का फुटाव भी नहीं होगा। चीनी मिल कृषकों का समस्त आपूर्ति योग्य गन्ना खरीदने हेतु प्रतिबद्व है। मिल के वरिष्ठ महाप्रबंधक (गन्ना) इकबाल सिंह ने किसानों से साफ-सुथरा, जड़-पत्ती एवं अगोला रहित गन्ना चीनी मिल को आपूर्ति करने वं समिति पर्ची जारी होने के उपरान्त ही गन्ने की छिलाई करने पर ज़ोर दिया। तथा अपनी पर्ची पर ही गन्ना आपूर्ति कर आगामी सत्र के लिए अपना बेसिक कोटा बढ़ाने का आहवान करते हुए किसानों द्वारा किये जा रहे सहयोग पर भी आभार व्यक्त किया।

# बनियाखेड़ा के आंशिक बिलारी के बूथ का हुआ शत-प्रतिशत डिजिटाइज्ड

शाह टाइम्स,ब्यूरो

**सम्भल।** विधानसभा सभा निर्वाचन क्षेत्रों की निर्वाचक नामावलियों के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के अन्तर्गत जिलाधिकारी डा. राजेन्द्र पैंसिया के निर्देशन में गणना प्रपत्रों के वितरण/संग्रहण, डिजिटलाइजेशन आदि कार्य का निरीक्षण किया। विकासखण्ड असमोली के प्राथमिक विद्यालय रझा के बूथ नं 219 जिसमें कुल 709 मतदाता हैं को बीएलओ मूलचन्द वर्मा शिक्षा मित्र प्राथमिक विद्यालय रझा विकासखण्ड असमोली द्वारा शत प्रतिशत डिजिटाइज्ड कर दिया गया है एवं ब्लॉक बनिया खेड़ा के आंशिक बिलारी के बूथ के मतदाताओं को सहा. अध्यापिका रुबी द्वारा शत प्रतिशत डिजिटाइज्ड किार्य की प्रशंसा की।

# धर्म ध्वजा पुर्नस्थापना पर कराया सुंदरकांड

शाह टाइम्स,ब्यूरो

**सम्भल।** अयोध्या में श्री राम मंदिर पर धर्म ध्वजा पुर्नस्थापित होने पर हिंदू जागृति मंच ने सुंदरकांड का आयोजन करके, प्रसाद वितरण करके गर्व और गौरव व्यक्त किया।

नगर के ठेर मोहल्ले में स्थित शिव मंदिर पर हिंदू जागृति मंच ने सुंदरकांड का गायन किया और अयोध्या में श्री राम जन्मभूमि मंदिर निर्माण पूर्ण होने की उपलक्ष में मंदिर के शिखर पर धर्म ध्वजा पुर्नस्थापित होने की खुशी मनाई। इस अवसर पर हिंदू जागृति मंच के प्रदेश अध्यक्ष अजय कुमार शर्मा ने कहा कि सप्त पुरियों में प्रथम श्री अयोध्या धाम में मर्यादा पुरुषोत्तम प्रभु श्री राम की पावन जन्मभूमि पर दिव्य भव्य श्री राम जन्मभूमि मंदिर निर्माण पूर्ण होने के उपलक्ष्य में मंदिर के शिखर पर धर्म ध्वज की पुर्नस्थापना हिंदू समाज का सशक्त गर्व और गौरव है। यह भारतीय संस्कृति का उद्घोष भी है। हिंदू जागृति महिला मंच की जिलाध्यक्ष मीनू रस्तोगी ने कहा कि अब अयोध्या सुगम, स्वच्छ, आधुनिक, सुरम्य, सक्षम, सांस्कृतिक, आध्यात्मिक और आयुष्मान के रूप में देखी जा रही है। प्रदेश सरकार और केंद्र सरकार तथा संपूर्ण हिंदू समाज के संयुक्त सहयोग से अयोध्या देश ही नहीं संपूर्ण विश्व का स्मरणीय दर्शनीय और पूजनीय स्थल बन रहा है। हिंदू जागृति मंच के प्रदेश महामंत्री सुबोधकुमार गुप्ता ने देश के यशस्वी प्रधनमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा 22 फुट लंबे और 11 फीट चौड़े धर्म धवज को मंदिर पर फहराना अलौकिक और दिव्य क्षण बताया। उन्होंने सभी राम भक्तों को बधाई देते हुए 25 नवंबर को शौर्य दिवस बताते हुए अयोध्या को समाज और धर्म की चेतना का केंद्र बताया। इस अवसर पर सुमनलता शर्मा, चित्र रस्तौगी, विनीता अग्रवाल, इंदु गुप्ता, चित्र गुप्ता, मीनाक्षी वर्मा, मंजू, नमिता अग्रवाल, मीना गर्ग, कमलेश, पुष्पा, पूनम गुप्ता, ज्योति अग्रवाल, शशि अग्रवाल, अनीता अग्रवाल आदि उपस्थित रहीं। सुंदरकांड का संगीतमय पाठ किया। भगवान श्री राम की सामूहिक आरती उपरांत प्रसाद वितरण हुआ और सभी को धर्म ध्वजा पुनःस्थापना की बधाई आदान-प्रदान की। कार्यक्रम का संचालन हिंदू जागृति महिला मंच की जिला महामंत्री ज्योति गुप्ता ने किया।



सम्भल-धर्म ब्वजा की स्थापना पर संदरकांड का पाठ करती महिलाएं।

## एसआईआर कार्य की ली जानकारी

शाह टाइम्स ब्यूरो

**सम्भल।** शक्ति केन्द्र आचार्य मुकेश हकीम राइस सरस्वती इंटर कॉलेज मंडल हयात नगर शक्ति केंद्र प्रभारी एवं अध्यक्ष बूथ न. 307 सय्यद शान अली के साथ एसआईआर के कार्य की जानकारी ली।

# गुरु तेग बहादुर ने धर्म की रक्षा को हासिल की शहीदी

- श्रद्धा भक्ति भावना के साथ मना शहीदी पर्व

शाह टाइम्स ब्यूरो

**सम्भल।** सिक्ख धर्म के वें गुरू तेग बहादुर साहिब का शाहीदी गुरूपर्व शोकमयी वातावरण में श्रृद्धा व भक्ति भावना के साथ मनाया गया।

गुरूद्वारा श्रीगुरूनानक दरबार में आयोजित शाहीदी पर्व पर प्रातः कीर्तन दरबार सजाया गया। जिसमें मुख्य कीर्तनी जत्था के भाई कुलदीप सिंह व उनके साथी मनमीत सिंह, गुरप्रीत सिंह, हरमन जीत सिंह ने अपनी पार्टी के साथ कीर्तन कर संगतों को निहाल कर दिया। इस दौरान बताया गया कि मुगलों के अत्याचार के समय जब जबरन धर्म कबुल कराया जा रहा था और एक समुदाय के लोगों को अपने धर्म का बनाया जा रहा था। तब जुल्म के खिलाफ गुरूजी ने धर्म की रक्षा के लिए दिल्ली के चॉदनी चौक में बलिदान दिया और शहीदी प्राप्त की। उनके साथ उनके परम शिष्य भाईमतिदास भाईसतिदास और भाई दयाला जी ने भी शाहिदी प्रास्त की, लेकिन धर्म नहीं छोड़ा और धर्म की रक्षा के लिए शहिदी हासिल की। इसलिए गुरूजी को धर्म की चादर भी कहा जाता है। गुरूवाएाी कथा से संगतों को निहाल कर गुरू जी के आर्दशों पर चलने पर ज़ोर दिया गया। कार्यक्रम में आनंद साहिब के पाठ के बाद मुख्य ग्रंथी ने अरदास की। जबकि दीवान समाप्ति पर गुरू जी का अटूट लंगर बरताया गया। इस मौके पर रंजीत सिंह, कुलदीप सिंह, सुरेन्द्र सिंह, संरजीत सिंह, गुरविन्दर सिंह, हरदीप सिंह, कुलवीर सिंह, एसपी गम्भीर, अंकुर गुलाटी एड., अभीत सिंह, गुरवचन सिंह, धर्म सिंह, प्रताप सिंह, गुरजीत सिंह, बब्बलू, सूरी, गुलशन मदान, गंगा बिशन, सेवा व सहयोगी रहे। वीर खालसा सेवा दल व महिला सुखमनी सोसायटी के सेवादारों ने भी सेवा की।

# अधिशासी अभियंता ने गुन्नौर विधायक से की सहयोग की अपील

शाह टाइम्स,संवाददाता

**बबराला।** गुन्नौर विधायक राम खिलाडी यादव के आवास पर अधिशासी अभियंता बबराला ने मुलाकात कर बिजली बिल राहत योजना के बारे मे अवगत कराया व सहयोग के लिये आग्रह किया।

बबराला के अधिशासी अभियंता अजय कुमार शुक्ला ने बताया कि विद्युत उपभोक्ताओं को सरचार्ज पर 100 प्रतिशत राहत और मूल बकाया पर भी छूट मिल रही है।1 दिसंबर 2025 से बिजली बिल राहत योजना 2025 लागू होने जा रही है।इस योजना के तहत उपभोक्ताओं को सरचार्ज पर 100 प्रतिशत छूट मिलेगी और इसके साथ ही बिजली के मूल बकाया पर भी 25: तक की छूट का लाभ दिया जाएगा।यह योजना पुराने बकाएदार उपभोक्ताओं को राहत देने और उन्हें फिर से नियमित उपभोक्ता के रूप में जोड़ने का एक महत्वपूर्ण कदम है। इस योजना को तीन चरणों में बांटा गया है और लाभ पहले आओ पहले पाओ के आधार पर दिया जाएगा। पहला चरण 1 दिसंबर 2025 से 31 दिसंबर 2025 तक रहेगा। जिसमें उपभोक्ताओं को मूल बकाया पर 25: तक की छूट मिलेगी। दूसरा चरण 1 जनवरी 2026 से 31 जनवरी 2026 तक चलेगा। जिसमें मूल बकाया पर 20प्रतिशत तक की छूट दी जाएगी। तीसरा चरण 1 फरवरी 2026 से 28 फरवरी 2026 तक होगा। जिसमें उपभोक्ता अपने बकाए पर 15 प्रतिशत तक की छूट प्राप्त कर सकेंगे। गुन्नौर विधाायक रामखिलाड़ी सिंह यादव ने उपभाक्ताओं को योजना का लाभे लेने को जागरूक करने का आश्वासन दिया।



सम्भल-गुन्नौर विधायक से सहयोग की अपील कराते अधिशासी अभियंता।

## मच्छरों से निजात को कराई जाए फागिंग

शाह टाइम्स संवाददाता

**बबराला।** नगर गुन्नौर क्षेत्र में मच्छरों का प्रकोप बढ़ता जा रहा है। मच्छरों ने लोगों की रात की नींद उड़ा रखी हैं।इन पर दवा का छिड़काव व मच्छर मार धुएँ का प्रयोग किये जाने की मांग नगर के व्यवसायी ने ईओ से की है। नगर में मच्छरों की तादाद बढ़ गई है। जिनके काटने पर शरीर पर ददोरे भी पड़ जाते हैं। इसके साथ ही तेज जलन भी होती है। इनसे बीमारियां होने की आशंका बनी रहती है।मच्छरों की संख्या में प्रतिवर्ष इजफा होता जा रहा है। पहले क्षेत्र में इतने मच्छर नहीं थे।

# सहालग ने बढ़ाए सब्ज़ियों के दाम

- मटर, टमाटर गोभी सभी हुई महंगी

शाह टाइम्स संवाददाता

**बबराला।** सहालग शुरू होने के साथ सब्जियों के दाम आसमान छूने लगे हैं। टमाटर की कीमत जहां दोगुनी हो गई है वहीं मिर्ची के दामों में भी उछाल आया है। इसका कारण शादियों में सब्जी की खपत,मंडी में बाहर से कम आवक होना और आसपास के क्षेत्रों से सब्जियों की उपलब्धता न होना है। इस मौसम में जहां हरी मटर की आवक सर्वाधिक होती थी और दाम कम होता था वहीं अब मटर कुछ ही दुकानदार बेच रहे हैं। कारण हरी मटर की कम आवक के कारण ऊंचे दाम हैं। सर्दियों में जो टमाटर सस्ता और अच्छा मिलता था वह भी बाजार में दोगुने दाम पर मिल रहा है। भिंडी, परवल, अरबी के दाम भी बढ़े हैं। ओर तो ओर फ्री के भाव बिकने वाला बथुआ 60 रूपए किलो बिक रहा है। केवल आलू के दामों में गिरावट आई है। स्थानीय किसानों का कहना है कि इस बार बरसात के कारण फसल को नुकसान हुआ था। इसलिए दोबारा सब्जियों की बोआई की इसलिए मंडियों तक सब्जी कम पहुंच रही है। सब्जी विक्रेता गेंदनलाल का कहना है कि सहालग महंगाई का कारण नहीं है बल्कि बाहरी मंडियों का माल न आने के कारण दाम बढ़ गए हैं। सब्जी विक्रेता तोताराम का कहना है कि इस समय तक आसपास के क्षेत्र से सब्जियां आनी शुरू हो जाती थीं पर इस बार उनकी भी आवक नहीं हो रही है। इसलिए हरी सब्जी सस्ती नहीं मिल रही है।टमाटर 30 से 60 हो गया है। मिर्ची 40 से 60, अदरक 60 से 80, कद्दू 10 से 30, मटर 140, धनिया 50 से 80, भिंडी 20 से 40, अरबी 40 से 80, फूलगोभी 20 से 40, मेंथी 80 तो गाजर 50 पर पहुंच गई है।

# समय पर ध्यान न देने पर डायबिटीज हो सकती है घातक

शाह टाइम्स संवाददाता

**बबराला।** शुगर की बीमारी दिन प्रतिदिन बढ़ती जा रही है इस ओर ध्यान देने की आवश्यकता है अब बड़ों ही नहीं बच्चे भी डायबिटीज का शिकार हो रहे हैं। बीमारी का पता न होने पर तबीयत बिगड़ने पर कई बच्चों को बेहोशी की हालत में भी अस्पताल में भर्ती करना पड़ रहा है। डाक्टरों का कहना है कि बच्चों और परिवार में खानपान की आदत, जीवन शैली और कुछ मामलों में आनुवांशिक कारण भी इसके लिए जिम्मेदार है। बच्चों और बड़ों के मधुमेह में फर्क बताया गया कि बच्चों और बड़ों के मधुमेह में फर्क होता है। बड़ों में टाइप टू डायबिटीज होती है। जबकि बच्चे टाइप वन डायबिटीज के शिकार हो रहे हैं। जागरूक न होना भी समस्या को बढ़ाता है। कई बच्चों का समय से इलाज शुरू नहीं हो पाता है। इससे न सिर्फ बच्चे की जान जोखिम में पड़ सकती है। बल्कि, उसके मस्तिष्क के क्षतिग्रस्त होने की भी आशंका रहती है। नगर के जेके हास्पिटल के डा. रिजवान ने बताया कि टाइप वन डायबिटीज में इंसुलिन बहुत कम या बिल्कुल नहीं बनता है। इस कारण बच्चों को रोजाना इंसुलिन इंजेक्शन की जरूरत पड़ती है। इंसुलिन न होने से कोशिकाएं शुगर की मात्र को संतुलित नहीं कर पाती हैं। इससे हृदय, आंख, किडनी, नस समेत हर अंग पर असर पड़ता है। तनाव बढ़ने पर बच्चा अन्य बीमारियों का शिकार भी हो जाता है। जरूरी ये है कि लक्षण देखते ही शुगर की जांच कराएं।



# व्यक्ति के जीवन को पेड़ की तरह होना चाहिए परोपकारी

शाह टाइम्स ब्यूरो

**सम्भल।** भारत सरकार द्वारा संचालित मिशन कर्मयोगी' के तहत पुरुषोत्तम सिंह मेमोरियल एजुकेशनल सोसाइटी के तत्वाधान में 'शिव मंदिर बरेली सराय में 'कल्कि संवाद के चौथे सत्र का आयोजन किया गया। मुख्य वक्ता 'कर्मयोगी स्वामी कृष्णानंद झा ने जनमानस को गीता ज्ञान के माध्यम से ईश्वर का विराट रूप एवं ईश्वरी तत्व ब्रह्मांड से ग्रह से पृथ्वी से देश से प्रदेश से जिला से नगर से घर परिवार से व्यक्ति में व्याप्त है। चराचर में ईश्वर ही है इसलिए हमें हमें किसी से भी ईर्ष्या एवं द्वेष नहीं करना चाहिए। व्यक्ति के जीवन को पेड़ की तरह परोपकारी होना चाहिए।

# रामलीला भारतीय संस्कृति, आर्दश और नैतिक मूल्यों का जीवंत पाठ

शाह टाइम्स,ब्यूरो

**सम्भल।** ग्राम पंचायत सैण्डोरा में आयोजित भव्य रामलीला मंचन के दौरान समाजवादी पार्टी गुन्नौर विधानसभा अध्यक्ष अमित यादव का कमेटी सदस्यों ने पारंपरिक रूप से फूल-मालाओं के साथ स्वागत कर सम्मान किया। मंच पर पहुँचने पर कमेटी अध्यक्ष राजेश यादव, प्रबंधक चन्द्रकेश यादव और कोषाध्यक्ष महिपाल यादव ने प्रदेश एवं क्षेत्रवासियों की ओर से उन्हें शुभकामनाएँ देते हुए कार्यक्रम में शामिल किया। इस दौरान अमित यादव ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि रामलीला केवल मनोरंजन का माध्यम नहीं, बल्कि भारतीय संस्कृति, आदर्शों और नैतिक मूल्यों का जीवंत पाठ है। उन्होंने कहा कि श्रीराम का चरित्र हमें सत्य, त्याग, कर्तव्य, सम्मान और समाज के प्रति जिम्मेदारी जैसे मल्यों को अपनाने की प्रेरणा देता है। अमित यादव ने कहा कि गाँवों में आयोजित होने वाली रामलीलाएँ सामाजिक एकता, भाईचारे और सांस्कृतिक जागरण को मजबूत करती हैं। उन्होंने ग्रामीणों से अपील की कि वे ऐसे आयोजनों में बढ़-चढ़कर हिस्सा लें, क्योंकि यह हमारी युवा पीढ़ी को अपनी जड़ों से जोड़ने का सशक्त माध्यम है। उन्होंने आयोजन समिति की मेहनत, कलाकारों की लगन और ग्रामीणों के सहयोग की सराहना करते हुए कहा कि सामूहिक प्रयास ही रामलीला जैसे संस्मरणीय आयोजनों को सफल बनाता है। कार्यक्रम में आज के प्रसंग का प्रभावशाली मंचन देर रात तक चलता रहा।



सम्भल- ग्राम सैंडोरा में रामलीला मंचन के दौरान सपा नेता अमित यादव का माला पहनाकर सम्मान करते आयोजक।


## कार्यालय नगर पंचायत सिरसी-जनपद सम्भल

पत्रांक सं.:- 810/न.पं.-सिरसी/2025-26 दिनांक:- 24.11.2025

### अति अल्पकालीन निविदा सूचना

समस्त ठेकेदारों/फर्मो को सूचित किया जाता है कि राज्य वित्त आयोग/निकाय निधि के अर्न्तगत प्राप्त धनराशि से ठण्ड एवं शीतलहर से उत्पन्न होने वाली समस्याओं को दृष्टिगत रखते हुए निराश्रित एवं कमज़ोर वर्ग के असुरक्षित व्यक्तियों के बचाव एवं गोवंश हेतु गौशाला में अलाव जलाने का कार्य कराया जाना है। उक्त कार्य की निवदा की दिनांक 27.11.2025 की प्रातः 10:00 बजे से दिनांक 3.12.2026 की अपरान्ह् 05:00 बजे तक नगर पंचायत कार्यालय सिरसी में बिक्री की जायेगी। सीलबन्द निविदा कार्यालय नगर पंचायत सिरसी में रखे निविदा बॉक्स में दिनांक 04.12.2025 को अपरान्ह् 2:00 बजे तक आमंत्रित की जायेगी। उक्त निविदायें दिनांक 04.12.2025 अपरान्ह् 04:00 बजे अध्यक्ष/अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत सिरसी के समक्ष खोली जायेगी। निविदा को स्वीकृत/अस्वीकृत करने का अधिकार सक्षम अधिकारी में निहित होगा। सशर्त निविदा स्वीकार की जायेगी। सम्बन्धित ठेकेदार उपस्थित रह सकते हैं। यदि निविदा तिथि को अवकाश होता है तो निविदा अगले कार्य दिवस को खोली जायेगी। उक्त निविदा से सम्बन्धित विस्तृत जानकारी कार्यालय दिवस में प्राप्त की जा सकती है।

अधिशासी अधिकारी
नगर पंचायत सिरसी,सम्भल

अध्यक्ष
नगर पंचायत सिरसी,सम्भल

# पंजाब नेशनल बैंक का एटीएम ही उखाड़ ले गए चोर

## सिविल लाइंस थाना क्षेत्र लोकोशेड पुल के पास एटीएम मशीन चोरी की घटना से मचा हड़कंप

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** सिविल लाइन क्षेत्र में चोरों ने एक ऐसा अनोखा कारनामा अंजाम दिया, जिसे सुनकर लोगों के होश उड़ गए। फव्वारा चौक के पास स्थित पंजाब नेशनल बैंक का एटीएम चोर देर रात उखाड़कर ले गए और मौके से फरार हो गए। वारदात की जानकारी होते ही पूरे क्षेत्र में हड़कंप मच गया। सुबह जब स्थानीय लोगों ने एटीएस बूथ को खाली देखा तो तुरंत पुलिस को सूचना दी गई।सूचना मिलने पर एसपी सिटी कुमार रणविजय सिंह,सीओ सिविल लाइंस कुलदीप यादव और सिविल लाइन थाने की पुलिस टीम मौके पर पहुंची और घटनास्थल की बारीकी से जांच शुरू की। फॉरेंसिक टीम ने भी मौके





पर पहुंचकर साक्ष्य एकत्रित किए। बताया जा रहा है कि चोरों ने वारदात को पहले से प्लानिंग कर अंजाम दिया। भारी उपकरणों की मदद से एटीएम मशीन को उखाड़ा गया और उसे किसी बड़े वाहन पर लादकर ले जाया गया। फिलहाल यह स्पष्ट नहीं हो पाया है कि मशीन में कितनी नकदी मौजूद थी, लेकिन घटना की गंभीरता को देखते हुए बैंक अधिकारियों को भी मौके पर बुलाया गया।पुलिस ने आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज कब्जे में लेकर चोरों की पहचान का प्रयास शुरू कर दिया है। अधिकारी यह भी जांच कर रहे हैं कि चोरों ने स्थानीय स्तर पर रेकी की थी या बाहरी गिरोह इस वारदात में शामिल है।

सिविल लाइन क्षेत्र जैसे व्यस्त इलाके में एटीएम चोरी की यह वारदात सुरक्षा व्यवस्था पर भी कई सवाल खड़े कर रही है। वहीं, पुलिस का कहना है कि मामला गंभीर है और कई टीमें लगाई गई हैं। जल्द ही आरोपी चोरों को गिरफ्तार कर घटना का खुलासा किया जाएगा।घटना के बाद से क्षेत्र के लोग दहशत में हैं और बैंक तथा एटीएम बूथों की सुरक्षा पर सवाल उठा रहे हैं।

# पुलिस ने किया वारंटी गिरफ्तार



**चन्दौसी ( शाह टाइम्स संवाददाता )।** पुलिस अधीक्षक जनपद सम्भल के निर्देशन में कानून व्यवस्था, अपराध एवं अपराधियों पर प्रभावी नियंत्रण हेतू चलाये जा रहे अभियान के तहत थाना कुढ़फतेहगढ़ पुलिस द्वारा मंगलवार एक नफर वारण्टी अभियुक्त मोरसिंह उर्फ मो. हरसिंह पुत्र रेवती मौर्य निवासी ग्राम सराय ज्वालापुरी थाना कुढ़फतेहगढ़ जनपद सम्भल से संबंधित मु0स0 407/24 धारा 279, 337, 338 भादवि को ग्राम सराय ज्वालापुरी से गिरफ्तार किया गया।

# वैवाहिक सीजन और बाजारों की भीड़ से शहर में लग रहा जाम



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चन्दौसी।** शहर में वैवाहिक सीजन अपने चरम पर पहुंच गया है। लगातार बढ़ रहे शादी-ब्याह के आयोजनों ने यातायात व्यवस्था को गंभीर रूप से प्रभावित करना शुरू कर दिया है। बारात घरों, मैरिज लॉन और बैंक्वेट हॉल के बाहर होने वाली अनियमित पार्किंग से सड़कों पर जाम की स्थिति बन रही है। कई स्थानों पर बारातियों के वाहन सड़क के दोनों ओर खड़े होने से सड़क का बड़ा हिस्सा बाधित हो जाता है, जिससे वाहनों की आवा. जाही बेहद धीमी हो जाती है। स्थानीय निवासियों के अनुसार, शादी के जुलूसों का धीमी गति से घंटों तक सड़क पर चलना भी जाम का प्रमुख कारण है। उधर, शादी और ठंड के मौसम को देखते हुए बाजारों में भी खरीदारों की अच्छी-खासी भीड़ उमड़ रही है। मुख्य बाजारों में पहले से मौजूद अतिक्रमण के कारण सड़कें संकरी हो चुकी हैं, जिस पर दोपहिया और चारपहिया वाहन खड़े होने से स्थिति और अधिक दयनीय हो जाती है। इस वजह से जाम की समस्या अब दिनभर बनी रहती है, जिससे राहगीरों और वाहन चालकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

# 'डायरिया से डर नहीं' कार्यक्रम की समीक्षा बैठक

## पीएसआई इंडिया व केनव्यू के सहयोग से चलाया जा रहा कार्यक्रम

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** स्वास्थ्य विभाग के तत्वावधान में पापुलेशन सर्विसेज इंटरनेशनल इंडिया (पीएसआई इंडिया) और केनव्यू के सहयोग से जिले में चलाये जा रहे "डायरिया से डर नहीं" कार्यक्रम की प्रगति व समीक्षा बैठक सोमवार को देर शाम मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय स्थित सभागार में हुई। बैठक की अध्यक्षता उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. प्रवीन श्रीवास्तव ने की। इस मौके पर डॉ. श्रीवास्तव ने कहा कि डायरिया के मामलों को स्वास्थ्य इकाई के ओपीडी रजिस्टर में दर्ज करने के साथ ही स्थिति के अनुसार इलाज एवं संदर्भन करें। इसके अलावा स्वास्थ्य सेवाओं की रिपोर्टिंग सही तरीके से हेल्थ मैनेजमेंट इन्फार्मेशन सिस्टम (एचएमआईएस) पर अपलोड करना सुनिश्चित किया जाए। पीएसआई इंडिया के मो. रिजवान ने डायरिया से डर नहीं कार्यक्रम के तहत अब तक आयोजित की गयीं गतिविधियों के बारे में विस्तार से बताया। इसके अलावा आगामी कार्ययोजना के बारे में भी बताया और उस पर स्वास्थ्य विभाग का सुझाव भी प्राप्त किया। बैठक में उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. विकास सिंह के साथ जिला कार्यक्रम प्रबंधक रघुबीर सिंह, जिला शहरी स्वास्थ्य समन्वयक प्रमोद कुमार, डीसीएए सचिन भारद्वाज, जिला कम्युनिटी प्रोसेस प्रबंधक चंद्रशेखर, शहरी प्रभारी चिकित्सा अधिकारी, बीपीएम और सीसीपीएम आदि उपस्थित रहे।




# एसडीएम ने जांच कर कानूनी कार्रवाई की दी चेतावनी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सुरजननगर।** सुरजननगर के ताज मार्केट में मतदाता सूची के कार्य में लगी एक बीएलओ (बूथ लेवल अधिकारी) को मतदाताओं द्वारा परेशान करने का मामला सामने आया है। मतदाताओं ने बीएलओ से न केवल बहस की, बल्कि फॉर्म फाड़ने की धमकी भी दी। इस घटना के बाद बीएलओ ने उप-जिलाधिकारी (एसडीएम) से शिकायत की। शिकायत मिलने पर तहसीलदार ने ताज मार्केट पहुंचकर मामले की जांच की और संबंधित व्यक्तियों से बातचीत की।

तहसीलदार ने मतदाताओं को आवश्यक जानकारी देते हुए सख्त चेतावनी दी। उन्होंने कहा कि यदि किसी भी मतदाता या अन्य व्यक्ति ने बीएलओ के साथ दुर्व्यवहार किया, तो उसके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी। तहस.



ीलदार ने लोगों से बीएलओ के कार्य में सहयोग करने की अपील भी की। अधिकारियों ने यह भी स्पष्ट किया कि किसी भी वैध मतदाता का नाम सूची से नहीं काटा जाएगा।

# शक्ति केंद्र पर एसआईआर कार्यों की समीक्षा, बूथ स्तर पर हुआ संवाद



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चन्दौसी।** मंगलवार को शक्ति केंद्र आचार्य मुकेश हकीम राइस सरस्वती इंटर कॉलेज हयातनगर में शक्ति केंद्र प्रभारी एवं बूथ संख्या 307 के अध्यक्ष सैय्यद शान अली तथा बूथ संख्या 308 के अध्यक्ष शकील उर्रहमान के नेतृत्व में विशेष बैठक आयोजित की गई। बैठक में एसआईआर (विशेष पुनरीक्षण) कार्यों की प्रगति का जायजा लिया गया। इस दौरान संबंधित बूथों पर नियुक्त बीएलओ से एसआईआर कार्यों की जानकारी प्राप्त की गई तथा मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्य में सहयोग और प्रगति पर विस्तार से चर्चा की गई। बूथ 307 के बीएलओ संजय गुप्ता और बूथ 308 की बीएलओ फौजिया रूही बैठक में उपस्थित रहे। कार्यक्रम में मुख्य रूप से भाजपा संभल लोकसभा संयोजक पंकज गुप्ता भी मौजूद रहे, जिन्होंने बूथ स्तर पर चल रहे पुनरीक्षण कार्यों को समयबद्ध और सटीक रूप से पूर्ण करने पर जोर दिया।

# एनसीसी दिवस के उपलक्ष में एक साइकिल रैली का हुआ आयोजन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** 23 यूपी बटालियन एनसीसी की सब यूनिट महाराजा अग्रसेन इंटर कॉलेज के एनसीसी कैडेटों ने एनसीसी दिवस के उपलक्ष में एक साइकिल रैली का आयोजन किया। इस रैली में एनसीसी कैडेटों ने गुरु तेग बहादुर जी के 350वें शहादत दिवस पर उन्हें नमन किया और भारतीय सिनेमा जगत की हस्ती श्री धर्मेंद्र जी को श्रद्धांजलि अर्पित की। साइकिल रैली महाराजा अग्रसेन इंटर कॉलेज मुरादाबाद से प्रारंभ होकर ग्रीन मिडोज स्कूल, अटल पथ पर होती हुई पुलिस लाइन के गेट के आगे से जिगर कॉलोनी, चक्कर की मिलक होती हुई वापस महाराजा अग्रसेन इंटर कॉलेज मुरादाबाद पर समाप्त




हुई। एनसीसी कैडेट अपने साइकिलों पर भारत की आन6 बान शान राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा लगा कर चल रहे थे।

मेजर राजीव ढल ने बताया कि इस रैली के माध्यम से एनसीसी की बढ़ती लोकप्रियता को और जन-जन तक पहुंचाने का प्रयास किया गया और साइकिल रैली बढ़ते प्रदूषण के दौर में पर्यावरण संरक्षण का भी संदेश देती है। उन्होंने कहा कि हमें पेट्रोल व डीजल से चलने वाले वाहनों का कम प्रयोग करना चाहिए और हो सके तो आसपास जाना हो तो साइकिल का प्रयोग करना चाहिए।

# फिल्म अभिनेता धर्मेन्द्र को दीं श्रद्धांजलि

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** वैदिक रीति से अंतिम संस्कार होने पर ,इसे वैदिक रीति के लिए गौरव की बात कही गयी।

फिल्म अभिनेता धर्मेन्द्र के मृत्यु पर आर्य समाज स्टेशन रोड मुरादाबाद सहित अन्य समाज के सदस्यों ने शोक व्यक्त करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित की। वरिष्ठ समाजसेवी ज्ञानेंद्र गांधी ने बताया कि एक फिल्म अभिनेता का घर वैदिक रीति से ओतप्रोत था इस कारण उनका अंतिम संस्कार आर्य समाज सांताक्रुज के पुरोहित आचार्य भूपेंद्र शास्त्री द्वारा वैदिक रीति से किये जाने पर आर्य समाज के लिये गौरव की बात कही । उन्होंने बताया कि महर्षि दयानंद सरस्वती के अन्नय पुरोधा, वैदिक मनीषि स्वामी विद्यानंद सरस्वती के संस्कार धर्मेन्द्र के पिता चौधरी केवलराम पर होने से घर में जन्मदिवसों आदि अवसरों पर यज्ञ होने की परम्परा के कारण ही आज अंतिम संस्कार वैदिक रीति से हुआ, इससे आर्य समाज मुरादाबाद के आर्यबंधुओ ने गौरव की अनुभूति की।

श्रद्धांजलि अर्पित करने वालों में ज्ञानेंद्र गांधी डा अभय श्रोत्रिय रमेश सिंह आर्य एडवोकेट, लोकेश आर्य सुदेश आर्य,मीरा सोती, डा राममुनि, यशपाल आर्य, कपिल मुनि, अजबसिंह आर्य आदि रहे।

# बैंकों और एटीएम बूथों पर पुलिस टीमों ने चलाया चेकिंग अभियान

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** जिले में अपराधों पर प्रभावी नियंत्रण और बैंकों की सुरक्षा को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से मुरादाबाद पुलिस ने मंगलवार को व्यापक बैंक चेकिंग अभियान चलाया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सतपाल अंतिल के निर्देशन में जनपदीय पुलिस की विभिन्न टीमों ने शहर और देहात क्षेत्र की सभी प्रमुख बैंक शाखाओं, एटीएम बूथों तथा उनके आसपास के इलाकों में गहन चेकिंग की।अभियान के दौरान पुलिस ने बैंकों के बाहर खड़े संदिग्ध व्यक्तियों, वाहनों तथा आने-जाने वाले ग्राहकों से पूछताछ की। कई स्थानों पर पुलिसकर्मियों ने मोटरसाइकिलों और चार पहिया वाहनों के कागजात भी चेक किए। इसके साथ ही एटीएम के भीतर लगी मशीनों, अलार्म सिस्टम, सीसीटीवी कैमरों और सिक्योरिटी लॉकिंग सिस्टम की तकनीकी जांच भी की गई, ताकि किसी भी संभावित आपराधिक गतिविधि को पहले ही रोका जा सके। पुलिस अधिकारियों ने बैंक शाखा प्रबंधकों से मुलाकात कर सुरक्षा व्यवस्था की कमियों की जानक. ारी ली और उन्हें सुधारने के निर्देश दिए। शाखाओं में तैनात निजी सुरक्षा




कर्मियों को भी सतर्कता बढ़ाने, हर आने-जाने वाले व्यक्ति पर निगरानी रखने तथा किसी भी संदिग्ध हरकत की सूचना तुरंत पुलिस को देने के लिए कहा गया।एसएसपी सतपाल अंतिल ने बताया कि बैंक चेकिंग अभियान नियमित रूप से चलाया जा रहा है, ताकि चोरी, लूट, साइबर धोखाधड़ी और एटीएम तोड़फोड़ जैसी वारदातों पर अंकुश लगाया जा सके। उन्होंने कहा कि शहर में भीड़भाड़ वाले और संवेदनशील क्षेत्रों में पुलिस की गश्त बढ़ाई गई है तथा सभी थाना प्रभारियों को सतर्क रहने के निर्देश जारी किए गए हैं।अभियान के दौरान पुलिस की सक्रियता से बैंक कर्मचारियों और ग्राहकों में सुरक्षा को लेकर विश्वास भी बढ़ा है। पुलिस का कहना है कि भविष्य में भी ऐसे अभियान लगातार जारी रहेंगे।

# छात्रों ने राम मंदिर की पेंटिंग बनाकर व्यक्त की आस्था

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** अयोध्या में आयोजित भव्य शिखर ध्वजारोहण कार्यक्रम को समर्पित करते हुए चित्रगुप्त इंटर कॉलेज के छात्रों ने विद्यालय परिसर में दो मंजिला राम मंदिर की सुंदर पेंटिंग तैयार की। यह विशेष कला प्रस्तुति डॉ. नवनीत गोस्वामी के निर्देशन में बनाई गई, जिसमें छात्रों ने अपनी गहरी धार्मिक आस्था और उत्साह को रंगों के माध्यम से चित्रित किया।कार्यक्रम के दौरान छात्रों ने बताया कि वे और शहर के कई लोग अयोध्या में आयोजित शिखर ध्वजारोहण समारोह में प्रत्यक्ष रूप से शामिल नहीं हो सके। इसके बावजूद उन्होंने अपनी भक्ति और श्रद्धा को व्यक्त करने के लिए पेंटिंग को माध्यम बनाया। छात्रों का कहना था कि यह पेंटिंग केवल कला नहीं, बल्कि राम मंदिर के प्रति उनकी आस्था और गर्व का प्रतीक है।पेंटिंग बनाने वाले छात्रों अंश, वंश, ध्रुव, प्रिंस और केशव ने मिलकर दो मंजिला राम मंदिर की भव्य रूपरेखा तैयार की। छात्रों ने मंदिर के शिखर, स्तंभों, प्रवेश द्वार और पारंपरिक वास्तुकला को अपनी कल्पना और




कौशल से उकेरा। पेंटिंग को देखकर शिक्षक और सहपाठी भी उनकी प्रतिभा से प्रभावित हुए।विद्यालय के कला विभाग से जुड़े शिक्षकों ने बताया कि छात्र लंबे समय से इस पेंटिंग पर काम करना चाहते थे। अयोध्या में आयोजित शिखर ध्वजारोहण का अवसर उन्हें प्रेरणा देकर लाया और इसी कारण विद्यालय में छोटा सा कार्यक्रम आयोजित किया गया। डॉ. नवनीत गोस्वामी ने कहा कि छात्रों की यह पहल उनकी कला में रुचि और सांस्कृतिक मूल्यों के प्रति संवेदनशीलता को दर्शाती है।विद्यालय प्रबंधन ने पेंटिंग तैयार करने वाले छात्रों की सराहना करते हुए उन्हें सम्मानित करने की घोषणा की। पेंटिंग को विद्यालय की प्रदर्शनी गैलरी में लगाया जाएगा, ताकि अन्य छात्र भी प्रेरणा ले सकें।


**उत्तर रेलवे**

**ई-नीलामी**

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक / कोचिंग, (ए.सी.ओ) उत्तर रेलवे मुरादाबाद मंडल के द्वारा वाणिज्य विज्ञापन, मेडिकल आउटलेट, डिजिटल लाकर, एटीएम, स्लीपिंग पॉड्स, हेल्थ एटीएम कियोस्क, प्रधान मंत्री, भारतीय जन औषधि केंद्र, बैटरी ऑपरेटेड व्हीकल, प्रमोशनल किओस्क एवं रेल कोच रेस्टोरेंट के ठेके को संचालन एवं आवंटन हेतु ई-बोलियाँ **website: www.ireps.gov.in** पर दिनांक 10.12.2025 को आमंत्रित की गयी है, इनकी विस्तृत जानकारी, नियम व शर्तें **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। **3653/2025**

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ



**उत्तर रेलवे**

**निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से प्रवर मण्डल अभियन्ता/समन्वय द्वारा निम्नलिखित ई टेन्डर संख्या जिनके बन्द होने की तिथि व समय प्रत्येक सामने अंकित हैं। जो उसी दिन 16:00 बजे तक प्राप्त किये जायेंगे। निम्नलिखित टेन्डर संख्या के अर्न्तगत आंमत्रित किये जाते है। निविदा की धरोहर राशी का भुगतान निविदादाता द्वारा केवल IREPS पोर्टल पर उपलब्ध नेट बैंकिंग, डेबिट कार्ड, केडिट कार्ड आदि के माध्यम से आनलाइन भुगतान करना होगा। डिमाण्ड ड्राफ्ट बैंकर चेक डिपाजिट रसीद आदि स्वीकार्य नहीं होगा। टेन्डर से संबधित अन्य जानकारी वैबसाइट www.ireps.gov.in पर देखें।

| | |
|---|---|
| टेन्डर संख्या | 241-DRM-MB-25-26 dt. 20.11.2025 |
| कार्य का नाम | Flash butt welding of 12/13 mtr loose new rails on various loop lines over Moradabad division. |
| टेन्डर क्लोसिंग दिनांक | 18-12-2025 |
| टेन्डर क्लोसिंग समय | 16:00 hrs |
| अनुमानित लागत | 10,13,28,783.89 |
| धरोहर राशि | 6,56,700.00 |
| सिंगल/टू पैकेट | Two Packet |
| टेन्डर फार्म की लागत | Nil |
| कार्य पूर्ण करने की अवधि | 12 Months |
| बिडिंग आरंभ तिथि | 04.12.2025 |
| आफर की वैधता | 90 दिन |

टेन्डर न. 75/W/2/3/WA/DEN/T/T-Notice दिनांक 24.11.2025 3651/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ


# अर्धवार्षिक परीक्षा के कारण बदली निपुण आकलन की तारीख

**कांठ ( शाह टाइम्स )** परिषदीय विद्यालयों में कक्षा एक व दो के बच्चों का चार दिसंबर से होने वाला निपुण आंकलन आगे बढ़ा दिया गया। एसआईआर की चल रही प्रक्रिया व 28 नवंबर से विद्यालयों में होने वाली परीक्षा को देखते हुए इसे अब 15 जनवरी से 15 मार्च के बीच प्रस्तावित किया गया है। जल्द ही इसके लिए विस्तृत दिशा-निर्देश जारी किए जाएंगे। बेसिक शिक्षा विभाग की ओर से पूर्व में चार दिसंबर से डीएलएड प्रशिक्षुओं से निपुण आंकलन कराए जाने के निर्देश जारी किए गए थे।

हाल ही में अपर मुख्य सचिव पार्थ सारथी सेन शर्मा की ओर से सीडीओ के साथ की गई बैठक में बताया गया कि प्रस्तावित आंकलन अब 15 जनवरी से 15 मार्च के बीच किया जाएगा। इसके लिए डायट प्राचार्य 25 नवंबर को राज्य परियोजना कार्यालय को उपलब्ध कराएंगे।


**कार्यालय ग्राम पंचायत मल्हूपुरा हरदोडॉडी**

**विकास खण्ड-भगतपुर टाण्डा ( मुरादाबाद )।**

पत्रांक: मीमो /ग्राम निधि/ग्राम पंचायत/निविदा/2025-26 दिनांक: 24.11.2025

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

ग्राम पंचायत मल्हूपुरा हरदोडॉडी विकास खण्ड भगतपुर टाण्डा (मुरादाबाद) की आयोजित बैठक दिनांक 02.10.2025 में पारित कार्य योजना के सापेक्ष पंचम राज्य वित्त/15वां वित्त योजनान्तर्गत में निम्न कार्य इस ग्राम पंचायत द्वारा जनहित में कराये जाने है। इच्छुक पंजीकृत आपूर्तिकर्ता/ठेकेदार दिनांक: 02.12.2025 को 12.30 बजे तक अपनी-अपनी निविदाएं अद्योहस्ताक्षरी के कार्यालय में अपने पंजीकरण प्रमाण पत्र/व्यापार कर के विभाग में पंजीकरण प्रमाण पत्र की छायाप्रति के तथा हैसियत प्रमाण पत्रों सहित नियमानुसार जमानत राशि के साथ/एफडीआर आदि संलग्न करते हुए अपनी-अपनी निविदाएं अद्योहस्ताक्षरी के ग्राम पंचायत कार्यालय में जमा कर सकते है। निविदाएं स्वीकृत/अस्वीकृत करने का पूर्ण अधिकार अद्योहस्ताक्षरी को निहित होगा। निविदाएं ग्राम पंचायत मुख्यालय पर दिनांक 02.12.2025 की अपरान्ह 3.30 बजे खोली जायेगी।

| क्र. सं. | कार्य तथा स्थल का नाम | सामग्री का विवरण | कार्य की ल० मी० में | अनुमानित लागत लागत ( रू. लाख में ) | निविदा मूल्य | जमानत धनराशि | कार्य पूर्ण कराने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | जाहिद खां के घर से पुलिया तक नाली/सीसी टाईल्स निर्माण कार्य। | सीमेंट, रेता, रोड़ा, बजरफुट, ईंट सी सी टाईल्स आदि। | 252 मी0 | 394046.28 | 1000 | 2% | 4 माह |
| 2 | निसार के घर से हलीम के घर तक नाली/दीवार/ सी सी टाईल्स निर्माण कार्य। | ,, | 28 मी0 | 107646.75 | 1000 | 2% | 4 माह |
| 3 | साजिद खां के घर से मैन रोड तक नाली/सीसी टाईल्स निर्माण कार्य। | ,, | 42 मी0 | 122903.43 | 1000 | 2% | 4 माह |

**प्रतिबंध/शर्तें:**-1. उपरोक्त कार्य के लिए पंजीकृत फर्म जी.एस.टी. नम्बर सहित निविदा प्रपत्र देय होगा। 2. इस निविदा को बिना बताये पूर्ण या आंशिक रूप से निरस्त करने का अधिकार अद्योहस्ताक्षरी के पास होगा, सशर्त या अपूर्ण निविदाएं किसी भी दशा में मान्य नहीं होगी।

**सचिव/ग्राम प्रधान ग्राम पंचायत मल्हूपुरा हरदोडॉडी**
**विकास खण्ड भगतपुर टाण्डा, मुरादाबाद**

# बिहार बॉर्डर पर सड़क हादसे में कुन्दरकी के युवक की मौत





**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कुन्दरकी।** थाना क्षेत्र के सैफपुर चित्तू गांव में मंगलवार को मातम का माहौल तब और गहरा गया, जब बिहार बॉर्डर के पास हुए सड़क हादसे में मारे गए 22 वर्षीय शानू रजा का शव गांव पहुंचा। जैसे ही शव घर लाया गया, परिजन फफक पड़े और पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गई। जानकारी के अनुसार शानू रजा चार दिन पहले गाजियाबाद से सामान लेकर बिहार के खुदरा बाजार पहुंचे थे। वापसी में ट्रक में दोबारा माल लोड कराने के बाद वह मोटरसाइकिल से ट्रांसपोर्ट पर भाड़ा लेने जा रहे थे, तभी एक अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी और मौके से फरार हो गया। स्थानीय लोगों ने उन्हें अस्पताल पहुंचाया, जहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई।

हादसे की जानकारी मिलते ही परिवार के लोग तुरंत बिहार पहुंचे और मंगलवार को उनका शव गांव लाया गया। सैफपुर चित्तू के कब्रिस्तान में शानू को नम आंखों से सुपुर्द-ए-खघक किया गया। परिजनों के मुताबिक शानू सात भाई-बहनों में चौथे नंबर पर थे। करीब 12 साल पहले बड़े भाई जुबैर रजा की भी दिल्ली में सड़क हादसे में दर्दनाक मौत हो गई थी। अब दूसरे बेटे की मौत ने परिवार को पूरी तरह झकझोर दिया है। पिता मोहम्मद हुसैन और मां भूरी का रो-रोकर बुरा हाल है, जबकि छोटा भाई शाहवेज फिलहाल पढ़ाई कर रहा है। गांव में शानू की मौत की खबर से हर कोई गमगीन है और परिवार के प्रति संवेदना व्यक्त कर रहा है।

# संविधान दिवस की पूर्व संध्या पर विचार गोष्ठी का आयोजन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** मंगलवार को संविधान दिवस की पूर्व संध्या पर भारतीय सोशलिस्ट मंच के तत्वाधान में एक विचार गोष्ठी का आयोजन अम्बेडकर पार्क सिविल लाइन मुरादाबाद में सायं 3 बजे आयोजित किया गया। इस अवसर पर मन्सूर उर रहमान साहब ने अध्यक्षता की तथा संचालन शाहिद हुसैन एडवोकेट ने किया।




इस विचार गोष्ठी में आदित्य कुमार एडवोकेट, मन्सूर उर रहमान, चौधरी सुरेश सिंह एडवोकेट, शाहिद हुसैन एडवोकेट, चौधरी तबारक अली एडवोकेट, मिर्जा अरशद बेग, कासिम मलिक, मुसर्रत हफीज एडवोकेट, एस0 के0 हबीब, कल्लू सिंह एडवोकेट, मौहम्मद फईम, फसी उज्जमा, मोहित, शाकिर, प्रताप सिंह, एहसान अहमद, प्रताप सिंह एडवोकेट, महावीर प्रसाद मौर्य एडवोकेट, रोहिताश कुमार, नीरज त्यागी एडवोकेट आदि मित्रगण मौजूद रहे। इस अवसर पर वक्ताओं ने संविधान के महत्व और इसके संरक्षण के लिए आवश्यक उपायों पर चर्चा की। उन्होंने कहा कि संविधान हमारे देश की आत्मा है और इसका संरक्षण करना हम सभी का कर्तव्य है। उन्होंने कहा कि हमें संविधान के मूल्यों और आदर्शों को अपनाकर देश के विकास में योगदान करना चाहिए। इस अवसर पर शाहिद हुसैन एडवोकेट ने कहा कि भारतीय सोशलिस्ट मंच संविधान के संरक्षण और इसके मूल्यों को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि हम सभी को संविधान के प्रति जागरूक रहना चाहिए और इसके संरक्षण के लिए काम करना चाहिए।

## एक नजर

### विवादित भूमि पर अवैध निर्माण का आरोप, नायब तहसीलदार ने जांच टीम गठित की

**ठाकुरद्वारा।** नगर के नांगलिया रोड स्थित वीआईपी कॉलोनी में विवादित भूमि पर अवैध कब्जा कर निर्माण किए जाने के आरोपों के बाद प्रशासन सक्रिय हो गया है। मामले की गंभीरता को देखते हुए नायब तहसीलदार आदित्य मौर्य ने राजस्व विभाग की संयुक्त जांच टीम का गठन कर विस्तृत जांच के आदेश दिए हैं। चार दिन पूर्व नगर निवासी साजिद खान ने शिकायत दर्ज कराई थी कि उनकी स्वामित्व वाली भूमि पर कुछ लोग अवैध रूप से निर्माण कर रहे हैं, जिसे तत्काल रोका जाना चाहिए। दूसरी ओर आरोपित पक्ष का कहना है कि विवादित भूमि उनकी है, जिसे उन्होंने विधिवत रजिस्ट्री के माध्यम से खरीदा है। साथ ही, उनके पक्ष में न्यायालय द्वारा यथास्थिति (स्टे) आदेश भी जारी है और इसी मामले में उन्होंने पुलिस में मुकदमा भी दर्ज करा रखा है। वहीं शिकायतकर्ता साजिद खान का दावा है कि वह पिछले 25 वर्षों से इस भूमि पर कब्जे में हैं। उनके अनुसार, भूमि की चारदिवारी भी उन्होंने ही बनाई है तथा यह भूमि उन्होंने भी रजिस्ट्री के माध्यम से खरीदी है। मामले ने तूल तब पकडा जब समाजवादी पार्टी के विधायक नवाब जान खाँ भी कोतवाली परिसर पहुंचे और पूरे प्रकरण की निष्पक्ष जांच कराए जाने की मांग उठाई। विधायक ने कहा कि भूमि विवाद को लेकर प्रशासन को पारदर्शी तरीके से दोनों पक्षों की दलीलें सुननी चाहिए। शिकायत प्राप्त होने के बाद नायब तहसीलदार आदित्य मौर्य ने राजस्व निरीक्षक व कोतवाली प्रभारी को मौके का निरीक्षण कर तथ्यात्मक रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए हैं। जांच रिपोर्ट आने के बाद ही अगली कानूनी कार्रवाई तय की जाएगी।

### दहेज में पांच लाख रुपये व कार का विरोध करने पर देवर ने किया दुष्कर्म का प्रयास

**ठाकुरद्वारा।** दहेज में पाँच लाख रुपये और कार की मांग का विरोध करने पर देवर द्वारा दुष्कर्म के प्रयास और पति सहित परिजनों द्वारा मारपीट करने के गंभीर आरोपों के मामले में पुलिस ने पीड़िता की तहरीर पर आठ लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी महिला ने पुलिस क्षेत्राधिकारी आशीष प्रताप सिंह को प्रार्थनापत्र देकर बताया कि उसका विवाह जनपद इंदौर के थाना चाँदपुर क्षेत्र के एक युवक से हुआ था। विवाह के कुछ समय बाद ही ससुराल पक्ष ने पाँच लाख रुपये नकद और एक कार की मांग करना शुरू कर दिया। मांग पूरी न होने पर उसे लगातार प्रताड़ित किया जाने लगा। पीड़िता के अनुसार, जब उसने दहेज का विरोध किया तो मौके का फायदा उठाते हुए उसके देवर ने उसे अकेला पाकर दुष्कर्म का प्रयास किया। महिला ने इसका विरोध किया और शोर मचाया विरोध करने पर पति ने उसके साथ जमकर मारपीट की और उसे घर से बाहर निकाल दिया। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस क्षेत्राधिकारी के आदेश पर पति, देवर, ससुर समेत कुल आठ आरोपियों के खिलाफ दहेज उत्पीडन, मारपीट और दुष्कर्म प्रयास सहित संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

### एनसीसी कैडेट्स ने अभिनेता धर्मेंद्र का चित्र बनाकर दी भावपूर्ण श्रद्धांजलि

**मुरादाबाद।** बॉलीवुड के दिग्गज अभिनेता स्वर्गीय धर्मेंद्र के निधन से पूरे देश में शोक की लहर है। इसी क्रम में मुरादाबाद में 23 यूपी बटालियन एनसीसी के कैडेट्स ने अभिनेता को अनोखे तरीके से अपनी श्रद्धांजलि अर्पित की।मंगलवार को आयोजित श्रद्धांजलि सभा में महाराजा अग्रसेन इंटर कॉलेज के एनसीसी कैडेट सिद्धार्थ कुमार ने धर्मेंद्र का सुंदर हस्तनिर्मित चित्र बनाकर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी। कैडेट द्वारा बनाए गए चित्र को देखकर कार्यक्रम में मौजूद सभी लोगों ने उनकी रचनात्मकता और भावनात्मक लगाव की सराहना की।श्रद्धांजलि सभा के दौरान 23 यूपी बटालियन के मेजर राजीव ढल ने धर्मेंद्र को भारतीय सिनेमा का "चमकता सितारा" और "नेक दिल इंसान" बताते हुए कहा कि उनका जाना फिल्म जगत और भारतीय संस्कृति के लिए अपूरणीय क्षति है। कार्यक्रम में मौजूद अन्य कैडेट्स ने भी अभिनेता के लोकप्रिय गीतों और फिल्मों को याद करते हुए मौन रखकर श्रद्धांजलि दी। विद्यालय के शिक्षकों और एनसीसी अधिकारियों ने कैडेट सिद्धार्थ के प्रयास को प्रेरणादायक बताया और कहा कि यह न सिर्फ श्रद्धांजलि है, बल्कि कला के माध्यम से व्यक्त की गई सच्ची भावनाओं का सुंदर उदाहरण भी है।

# ट्रेनों की बहाली की मांग को लेकर रेलवे महाप्रबंधक के नाम सौंपा ज्ञापन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चन्दौसी।** अखिल भारतीय युवा उद्योग व्यापार मंडल के पदाधिकारियों ने नगराध्यक्ष अनुज वार्ष्णेय अन्नू के नेतृत्व में कार्यवाहक स्टेशन अधीक्षक रजनीश कुमार के माध्यम से रेलवे महाप्रबंधक को ज्ञापन सौंपकर चंदौसी की उपेक्षा पर गहरी नाराजगी जताई। संगठन ने मांग की कि कोविड काल में बंद की गई सभी ट्रेनों को तुरंत पुन: संचालित किया जाए तथा कोहरे का बहाना बनाकर किसी भी अन्य ट्रेन को बंद न किया जाए। व्यापारियों ने कहा कि ट्रेनों के बंद होने से व्यापार बुरी तरह प्रभावित हो रहा है, बाहर से माल मंगाना महंगा पड़ रहा है और छोटे व्यापारियों पर आर्थिक बोझ बढ़ गया है। उनकी मांग है कि चंदौसी जैसे पुराने जंक्शन को नजरअंदाज न किया जाए, क्योंकि ट्रेनों की कमी से बाजारों में खरीदार भी कम पहुंचते हैं और पूरे क्षेत्र की आर्थिक गतिविधियां धीमी हो जाती हैं।



नगराध्यक्ष अनुज वार्ष्णेय अन्नू ने में कहा कि चंदौसी रेलवे स्टेशन दिन प्रतिदिन सफेद हाथी बनता जा रहा है। जंक्शन सिर्फ नाम का रह गया है। हालात ऐसे हैं कि जैसे स्टेशन को हाल्ट में बदल दिया गया हो। नाम मात्र की कुछ ट्रेनें चल रही हैं और केंद्र सरकार नई-नई ट्रेनें तो शुरू कर रही है, पर चंदौसी के साथ लगातार सौतेला व्यवहार किया जा रहा है। कोरोना काल में बंद हुई कई ट्रेनें अभी तक बहाल नहीं हुईं। वहीं कुछ माह बाद कोहरे का बहाना बनाकर बाकी चलने वाली ट्रेनों को भी बंद करने की तैयारी शुरू कर दी जाएगी। इससे न यात्रियों को सुविधा मिलेगी और न व्यापारियों को राहत। इस दौरान डा0 टी0एस0 पाल, शाहआलम मंसूरी, शुभम अग्रवाल, विक्रम, आदित्य राणा, रितिक वार्ष्णेय, जावेद आदि रहे।

# फायर ब्रिगेड ने बैंकों की सुरक्षा व्यवस्थाओं का किया निरीक्षण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चन्दौसी।** शहर में बैंकों की सुरक्षा व्यवस्था का स्तर परखने के लिए फायर ब्रिगेड टीम द्वारा विभिन्न बैंकों का निरीक्षण किया गया। बैंकों में अचानक आग लगने की स्थिति में क्या उपाय किए जाएं, अलार्म सिस्टम कितनी प्रभावी है और सेंसर सही तरीके से कार्य कर रहे हैं या नहीं, इन सभी बिंदुओं का गहनता से परीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान फायर ब्रिगेड एसआई ने बैंक प्रबंधकों से बातचीत कर सुरक्षा तैयारियों का जायजा लिया। टीम ने यह सुनिश्चित किया कि कहीं बैंक असुरक्षित तो नहीं हैं तथा आपात स्थिति में कर्मचारियों को आवश्यक उपकरण और संसाधन पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध हैं या नहीं। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के स्पष्ट निर्देश हैं कि बैंकों की सुरक्षा में किसी भी प्रकार की लापरवाही नहीं होनी चाहिए।



बैंक परिसरों में लगे अलार्म सिस्टम, सेफ्टी सेंसर और सुरक्षा गार्ड की व्यवस्था नियमित रूप से जांची जाए। फायर ब्रिगेड कर्मियों ने एसबीआई, पीएनबी, किसान ग्रामीण बैंक सहित अन्य शाखाओं में निरीक्षण कर कर्मचारियों को आग से बचाव के संबंध में आवश्यक टिप्स दिए। शॉर्ट सर्किट की संभावनाओं, प्राथमिक उपचार, और त्वरित प्रतिक्रिया से संबंधित जानकारी भी साझा की गई। टीम ने बैं कर्मियों से कहा कि सुरक्षा को लेकर किसी भी स्तर पर लापरवाही न बरती जाए, क्योंकि छोटी सी चूक भी बड़े हादसे का कारण बन सकती है।

# जिलाधिकारी ने बूथ लेवल अधिकारी को विशेष गहन पुनरीक्षण 2025 में उत्कृष्ट कार्य के लिए प्रशस्ति पत्र से किया सम्मानित

**शाह टाइम्स संवाददताा**

**ठाकुरद्वारा।** ठाकुरद्वारा विधानसभा क्षेत्र के बूथ संख्या 21 पर तैनात बूथ लेवल अधिकारी (बीएलओ) हेमवीर सिंह को विशेष गहन पुनरीक्षण 2025 में उनके उत्कृष्ट कार्य के लिए 24 नवंबर 2025 को जिला मजिस्ट्रेट अनुज सिंह द्वारा प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। यह सम्मान मुरादाबाद स्थित जिला मजिस्ट्रेट कार्यालय में आयोजित एक कार्यक्रम में प्रदान किया गया। बीएलओ ने अपना कार्य यूपी जिला अधिकारी रजिस्ट्रीकरण अधिकारी प्रीति सिंह के निर्देशन एवं सुपरवाइजर अकरम हुसैन के पर्यवेक्षण में पूरा किया। विशेष बात यह रही कि उनके बूथ पर लगभग 1200 मतदाता होने के बावजूद, उन्होंने शीघ्रता और शुद्धता के साथ कार्य करते हुए 2025 की निर्वाचक नामावली की 2003 की निर्वाचक नामावली से मैपिंग का कार्य पूरा किया तथा सभी गणना प्रपत्रों को बूथ लेवल अधिकारी के एप पर सफलतापूर्वक अपलोड किया। समय-समय पर दिए गए निर्देशों का अच्छे प्रकार से पालन करके ही उन्होंने अपने लक्ष्य को प्राप्त किया।



बतादें कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा देशभर में मतदाता सूची विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान (एसआईआर) का द्वितीय चरण चलाया जा रहा है, जिसका गणना चरण 4 नवंबर, 2025 से 4 दिसंबर, 2025 तक चल रहा है। इसी के तहत बूथ लेवल अधिकारियों द्वारा मतदाता विशिष्ट गणना प्रपत्र (ईएफ) का वितरण और डिजिटलीकरण का कार्य किया जा रहा है। आयोग द्वारा हाल ही में की गई एक महत्वपूर्ण पहल के अनुसार, एक मतदान केंद्र पर अधिकतम मतदाताओं की संख्या 1500 की जगह 1200 निर्धारित की गई है, जिसके चलते हेमवीर सिंह द्वारा 1200 मतदाताओं वाले बूथ पर दक्षतापूर्वक कार्य करना है। इस सम्मान के बाद सूचना पर समस्त बीएलओ में एक उत्साह की लहर देखी जा रही है क्योंकि उनके कार्य को सराहा और प्रोत्साहित किया जा रहा है। चुनाव आयोग द्वारा बेहतर कार्य करने वाले बीएलओ को सम्मानित करने की यह परंपरा अन्य जगहों पर भी देखी गई है।

## बेदखली सूचना

मैंने अपने पुत्र सत्येन्द्र सिंह व पुत्रवधू शैफाली को गलत संगत/ गलत आचरण व दुर्व्यवहार करने के कारण अपनी समस्त चल व अचल संपत्ति से बेदखल कर संबंध विच्छेद कर लिए है। भविष्य में इनके द्वारा किए गए किसी भी गलत कृत्यों/ लेनदेन व मुकदमें बाजी के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होगे। आज के बाद मेरा व मेरे परिवार के किसी भी सदस्य से कोई ताल्लुक व वास्ता नही होगा।
**श्रीमती आशा पत्नी स्वर्गीय महेंद्र बाबू निवासी ब्रह्मपुरी बालाजी मंदिर लाइनपार तहसील व जिला मुरादाबाद।**

# सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर तैनात 102 और 108 एंबुलेंस के टेक्निकल स्टाफ को किया गया प्रशिक्षित

**ठाकुरद्वारा।** उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा चलाई जा रही 108 एवं 102 एम्बुलेंस के कर्मचारियों का रिफ्रेश ट्रेनिंग प्रशिक्षण मंडली स्तर पर चलाया जा रहा है मुरादाबाद मंडल का प्रशिक्षण अमरोहा जिले के सीएससी हसनपुर में प्रशिक्षण कार्य 3 नवंबर से बैच वाइज चलाया जा रहा है जिसमें मुरादाबाद बिजनौर संभल अमरोहा हापुर एवं रामपुर जिले से एंबुलेंस स्टाफ इमरजेंसी मेडिकल टेक्नीशियन को फ्री हॉस्पिटल केयर एवं एंबुलेंस की साफ सफाई उपकरणों के रखरखाव आदि के बारे में प्रशिक्षित किया जाता है । संस्था ईएमआरआई ग्रीन हेल्थ द्वारा चलाए जा रहे इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में प्रशिक्षण देने के लिए तैनात किए गए।



ईएमएलसी मो फैजान एवं नितिन कुमार द्वारा इमरजेंसी मेडिकल टेक्नीशियन को मेडिसिन एवं ऑक्सीजन डिलीवरी सिस्टम के बारे में विधिवत जानकारी दी गई वहीं क्वालिटी टीम दसे आए हुए क्वालिटी ऑडिटर रजनीश कुमार द्वारा मेडिकल इक्विपमेंट के रखरखाव एवं एंबुलेंस की साफ सफाई और उपकरणों का सही समय पर उपयोग करने की जानकारी दी गई! इसी क्रम में सीएससी ठाकुरद्वारा पर तैनात 102 एवं 108 इमरजेंसी मेडिकल टेक्नीशियन विजय प्रकाश संजीत शिवम एवं धर्मेंद्र को प्रशिक्षित किया गया। जिससे क्षेत्र में होने वाली दुर्घटनाओं में घायल व्यक्ति को समय पर प्प्री हॉस्पिटल केयर देखकर और सही समय पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया जा सके जिससे घायल व्यक्ति का सुचारू रूप से इलाज हो सकेगा।

## खोया-पाया सूचना

मेरा हाईस्कूल वर्ष 2022 अनुक्रमांक 1220596367 का प्रमाण पत्र व सह-अंकपत्र वास्तव में कहीं खो गया है।
**मोहित कुमार पुत्र मुनेश सिंह निवासी ग्राम भरतावाला ठाकुरद्वारा, मुरादाबाद।**

# महिलाओं व बालिकाओं को हेल्प लाइन नंबरों की दी जानकारी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चन्दौसी।** उत्तर प्रदेश शासन द्वारा महिलाओं व बालिकाओं के सुरक्षार्थ व स्वालंबन हेतु चलाये जा रहे मिशन शक्ति अभियान (फेज-5.0) के तहत पुलिस अधीक्षक जनपद सम्भल कृष्ण कुमार व अपर पुलिस अधीक्षक (दक्षिणी) जनपद सम्भल अनुकृति शर्मा के निर्देशन में मंगलवार को जनपद के थानों पर नियुक्त महिला पुलिसकर्मियों द्वारा अपने-अपने थाना क्षेत्रान्तर्गत आयोजित कार्यक्रम में बालिकाओं को जागरुक करने के साथ ही महिला संबंधित समस्याओं के निस्तारण कराने के संबंध में चौपाल का आयोजन कर जागरुक किया गया। महिलाओं एवं बालिकाओं के साथ जुड़ कर उन्हें सशक्त एवं सुरक्षित वातावरण देने का प्रयास किया जा रहा है। साथ ही 'मिशन शक्ति 5.0' अभियान के अन्तर्गत जनपद के सभी थानों द्वारा प्रमुख बाजारों, कस्बा, चौराहों, स्कूलों-कॉलेजों, धार्मिक स्थलों तथा अन्य महत्वपूर्ण स्थानों पर महिला पुलिसकर्मियों द्वारा शासन व पुलिस विभाग द्वारा महिलाओं की सुरक्षा और सशक्तिकरण स्वावलंबन हेतु चलाई जा रही विभिन्न विभागों की योजनाओं जैसे मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, निराश्रित महिला पेंशन योजना, उ0प्र0 राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन, राष्ट्रीय पोषण योजना, मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना, बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ, प्रधानमंत्री उज्जवला योजना, पी0एम0 स्वानिधि योजना, पी0एम0 सम्मान निधि योजना, वन स्टाप सेन्टर, आयुष्मान योजना, सुरक्षित मातृत्व आश्वासन सुमन योजना, महिला शक्ति केन्द्र योजना, मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना, कन्या सुमंगला योजना तथा पुलिस विभाग से संबंधित विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों वीमेन पावर लाइन 1090, पुलिस आपातकालीन सेवा-112 इमरजेन्सी कॉल/पैनिक बटन-मोबाइल पर डेमो, सी0एम0 हेल्प लाइन 1076, स्वास्थ्य सेवा हेल्प लाइन-102, एम्बुलेंस सेवा-108, महिला हेल्प लाईन-181, साइबर क्राइम हेल्पलाइन 1930 आदि के बारे मे पंपलेट बांटकर जागरूक किया गया।



## मजबूर परेशान की करें मदद: मंसूर आलम

**कुन्दरकी।** समाजसेवी व प्रसिद्ध निर्यातक मंसूर आलम ने बढ़ती ठंड को देखते हुए लोगों से आपसी सहयोग और सतर्कता बरतने की अपील की है। उन्होंने कहा कि सर्दी का मौसम हर किसी के लिए चुनौती लेकर आता है, लेकिन गरीब, मजदूर और जरूरतमंद परिवार इससे अधिक प्रभावित होते हैं। ऐसे में समाज के सक्षम लोगों को आगे बढ़कर उनकी सहायता करनी चाहिए। मंसूर आलम ने कहा कि ठंड से बचाव के लिए जरूरी है कि लोग गर्म कपड़ों, कंबलों और आवश्यकता पड़ने पर दवाइयों की व्यवस्था सुनिश्चित करें। उन्होंने बताया कि समाज में आपसी सहयोग और मानवता ही सबसे बड़ा धर्म है, इसलिए हर परिवार को अपने आसपास नजर रखनी चाहिए कि कहीं कोई ठंड की वजह से परेशान तो नहीं है। उन्होंने प्रशासन और सामाजिक संगठनों से भी अपील की कि वे रैन बसेरों, सार्वजनिक स्थानों और खुले क्षेत्रों में रहने वालों के लिए विशेष इंतजाम करें। मंसूर आलम ने कहा कि सामूहिक प्रयासों से ही सर्दी जैसी कठोर परिस्थितियों का सामना किया जा सकता है और किसी को भी परेशानी न झेलनी पड़े। स्थानीय लोगों ने भी उनके इस संदेश की सराहना करते हुए कहा कि समाज में जागरूकता और संवेदनशीलता बढ़ाने की दिशा में यह एक महत्वपूर्ण कदम है।




## कार्यालय नगर पंचायत अगवानपुर (मुरादाबाद)

**पत्रांक:**-239/न0पं0अग0/2025-26 **दिनांक:**-24.11.2025

### अति अल्पकालीन कुटेशन सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है। कि नगर पंचायत अगवानपुर में शीत लहर के प्रकोप से बचाव हेतु चयनित स्थानो पर आलाव जलाने हेतु नगर पंचायत सूखी लकडी क्रय करना चाहती है जो सज्जन इस कार्य को करना चाहे वह अपनी सील बन्द कुटेशन लिफाफे में बन्द कर अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में दिनांक 05. 12. 2025 की दोपहर 12.00 बजे तक प्रस्तुत कर सकते है बाद म्याद कुटेशन मान्य नही होगा।

किसी भी कुटेशन को स्वीकृत/अस्वीकृत करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी का होगा।

| | |
|---|---|
| **अधिशासी अधिकारी** | **अध्यक्ष** |
| **नगर पंचायत अगवानपुर** | **नगर पंचायत अगवानपुर** |
| **( मुरादाबाद )।** | **( मुरादाबाद )।** |

## कार्यालय नगर पंचायत अगवानपुर (मुरादाबाद)

**पत्रांक:**-240/न0पं0अग0/2025-26 **दिनांक:**-24.11.2025

### अति अल्पकालीन कुटेशन सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है। कि नगर पंचायत अगवानपुर में ई-नगर सेवा पोर्टल पर सभी टैक्सों से सम्बन्धित आंकडों की ऑनलाइन फीडिंग, ऑनबोर्डिंग, टैक्स बिल जनरेटिंग, ई-नगर सेवा पोर्टल पर अन्य सभी सेवाओं को प्रारम्भ करना, ई-नगर सेवा एवं टैक्स सर्वे से सम्बन्धित अन्य किसी भी तकनीकि सम्स्या का समाधान सम्बन्धित कार्य कराना चाहती है जो सज्जन इस कार्य को करना चाहे वह अपनी सील बन्द कुटेशन लिफाफे में बन्द कर अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में दिनांक 05.12.2025 की दोपहर 12.00 बजे तक प्रस्तुत कर सकते है बाद म्याद कुटेशन मान्य नही होगा।

किसी भी कुटेशन को स्वीकृत/अस्वीकृत करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी का होगा।

| | |
|---|---|
| **अधिशासी अधिकारी** | **अध्यक्ष** |
| **नगर पंचायत अगवानपुर** | **नगर पंचायत अगवानपुर** |
| **( मुरादाबाद )।** | **( मुरादाबाद )।** |



## शाह टाइम्स

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं दीपक काम्पलैक्स, पारकर कॉलेज रोड, मुरादाबाद से प्रकाशित।

**सम्पादक**
**एस.एन. राना**

*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎ 0591-2313314

मुख्यालय:
मोबाइल-9720007290

R.N.I. No. UPHIN/2003/10263
**www.shahtimesnews.com**
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।




# भारत सीरीज गंवाने के संकट में

**भारत की दूसरी पारी में खराब शुरुआत हुई और उसके दोनों ओपनर 21 रन तक पवेलियन लौट गए**

**गुवाहाटी, वार्ता।** दक्षिण अफ्रीका ने अपनी दूसरी पारी चौथे दिन मंगलवार को पांच विकेट पर 260 रन पर घोषित कर भारत के सामने जीत के लिए 549 रन का बेहद मुश्किल लक्ष्य रखा जिसका पीछा करते हुए भारत ने स्टंप्स तक तक दो विकेट पर 27 रन बना लिए हैं। भारत अभी लक्ष्य से 522 रन पीछे है। भारत की दूसरी पारी में खराब शुरुआत हुई और उसके दोनों ओपनर 21 रन तक पवेलियन लौट गए। पहली पारी में छह विकेट लेने वाले मार्को यानसन ने यशस्वी जायसवाल को विकेटकीपर के हाथों कैच कराया जबकि स्पिनर साइमन हार्मर ने केएल राहुल को बोल्ड किया। जायसवाल ने 13 और राहुल ने छह रन बनाए। स्टंप्स के समय साई सुदर्शन दो और नाईट वॉचमैन कुलदीप यादव चार रन बनाकर क्रीज पर थे। दक्षिण अफ्रीका इस मैच में जीत से मात्र आठ विकेट ही दूर है। वहीं भारत की सलामी जोड़ी पवेलियन लौट चुकी है। कल भारत के सामने सबसे बड़ी चुनौती पूरे ओवर खेलने की होगी और इसके लिए भारतीय बल्लेबाजों को बेहतरीन बल्लेबाजी करनी होगी। अब मैच का नतीजा निकलेगा या नहीं निकलेगा यह तो कल पता चलेगा लेकिन अब तक की कहानी यही है कि दक्षिण अफ्रीका ने भारत को चारों खाने चित्त कर दिया है। खेल के आखिरी हिस्से में भारत के दो विकेट गिरे, जायसवाल और केएल राहुल के। मैच में अभी तीन सेशन बाकी हैं, दक्षिण अफ्रीका को जीत के लिए आठ विकेट चाहिए, जबकि इंडिया को 522 रन का बड़ा टारगेट चाहिए-जो असल में पहुंच से बहुत दूर है। इंडिया की जीत की उम्मीद नहीं है, लेकिन अगर वे अपना धैर्य बनाए रखते हैं और पॉजिटिव इरादा दिखाते हैं, तो वे अभी भी ड्रॉ कराने की उम्मीद कर सकते हैं। हालांकि, दक्षिण अफ्रीका की टैक्टिक्स ने कुछ लोगों को हैरान कर दिया। डिक्लेरेशन में देरी करके और बहुत ज्यादा सावधानी बरतकर, उन्होंने बचे हुए इंडियन विकेट लेने के लिए कुछ कीमती ओवर गंवा दिए। एक ऐसे मैच में जिसमें बड़े एक्शन की जरूरत थी, इनिग्स के आखिर में उनकी सुस्त बैटिग ने डिक्लेरेशन को और भी हैरान कर दिया, एक ऐसा ऑप्शन जो इंडिया को बचने का रास्ता दे सकता है। उम्मीद है कि स्पिनर्स 5वें दिन स्क्रिप्ट बनाएंगे। महाराज, हार्मर और मुथुसामी के साथ, साथ ही मार्करम भी मदद के लिए मौजूद हैं, प्रोटियाज के पास खराब पिच का फायदा उठाने के लिए ऑप्शन की कोई कमी नहीं है। और फिर मार्को यानसन हैं। शायद इस टेस्ट के सबसे अच्छे परफॉर्मर। उन्होंने पहली इनिग में जरूरी रन बनाए, और उनकी तेज शॉर्ट-बॉल की बौछार ने तीसरे दिन इंडिया के बैट्समैन को परेशान कर दिया। द.अफ्रीका उनसे उम्मीद करेगा कि वे आखिरी दिन भी वही जोश दिखाएंगे। यह सिर्फ़ दूसरी बार है जब भारत को घरेलू टेस्ट में 500 से ज्यादा का टारगेट दिया गया है। इससे पहले 2004 में नाग. पुर में ऑस्ट्रेलिया ने भारत को 543 रन का टारगेट दिया था। वह मैच वे 342 रन से हार गए थे, जो रनों के हिसाब से उनकी सबसे बड़ी हार है। दक्षिण अफ्रीका ने कल के बिना कोई विकेट खोए 26 रन से आगे खेलना शुरू किया और पांच विकेट पर 260 रन पर अपनी पारी घोषित की।

## चार और टीमें मदुरै चेन्नई पहुंचीं

**मदुरै, वार्ता।** एफआईएच हॉकी मेन्स जूनियर वर्ल्ड कप से पहले उत्साह बढ़ने के साथ, जापान और चिली चेन्नई पहुंच गए, जबकि स्पेन और ऑस्ट्रिया 28 नवम्बर से 10 दिसम्बर तक होने वाले इस बड़े इवेंट के लिए अपनी आखिरी तैयारियां शुरू करने के लिए मदुरै पहुंच गए। जापान, जो अपना चौथा जूनियर वर्ल्ड कप खेल रहा है, सोमवार देर रात पहुंचा। अर्जेंटीना, चीन और न्यूजीलैंड के साथ पूल सी में रखे गए जापानी, भारत के इस दौरे पर अपनी छाप छोड़ने के लिए उत्सुक होंगे। वे 28 नवम्बर को अर्जेंटीना के खिलाफ अपने अभियान की शुरुआत करेंगे, फिर 30 नवम्बर को चीन से भिड़ेंगे, और आखिर में 1 दिसम्बर को न्यूजीलैंड के खिलाफ मैच के साथ अपना ग्रुप स्टेज पूरा करेंगे। जापानी टीम के ठीक बाद चिली टीम थी, जिसे भारत, ओमान और स्विट्जरलैंड के साथ पूल बी में रखा गया है।

## संक्षिप्त खेल समाचार

### रोहित शर्मा पुरुष टी-20 वर्ल्ड कप 2026 के लिए बने टूर्नामेंट एंबेसडर

**मुम्बई, वार्ता।** आईसीसी चेयरमैन जय शाह ने रोहित शर्मा को पुरुष टी-20 वर्ल्ड कप 2026 के लिए टूर्नामेंट एंबेसडर घोषित किया है। 7 फरवरी से 8 मार्च तक चलने वाले 2026 टी-20 विश्व कप को भारत और श्रीलंका मिलकर होस्ट करेंगे। मेजबान भारत और श्रीलंका के अलावा टी-20 विश्व कप में भाग लेने वाली अन्य 18 टीमें हैं: अफगानिस्तान, ऑस्ट्रेलिया, बंगलादेश, इंग्लैंड, दक्षिण अफ्रीका, अमेरिका, वेस्टइंडीज, न्यूज़ीलैंड, पाकिस्तान, आयरलैंड, कनाडा, इटली, नीदरलैंड, नाम. ीबिया, ज़िम्बाब्वे, नेपाल, ओमान और यूएई। भारत मौजूदा डिफ़ेंलडग चैंपियन है, जिसने रोहित की कप्तानी में 2024 टी-20 विश्व कप के फ़ाइनल में बारबाडोस में दक्षिण अफ्रीका को हराकर खिताब जीता था।

### चेन्नई 9-14 दिसम्बर तक स्क्वैश वर्ल्ड कप होस्ट करेगा

**चेन्नई, वार्ता।** चेन्नई 9-14 दिसंबर तक होने वाले वर्ल्ड कप को होस्ट करने के लिए पूरी तरह तैयार है, इसलिए इस चहल-पहल वाले शहर में स्क्वैश का बड़ा धमाका होने वाला है। शहूर शॉपिंग मॉल, एक्सप्रेस एवेन्यू और इंडियन स्क्वैश एकेडमी में होने वाली इस चैंपियनशिप में मेजबान भारत समेत कुल 12 टीमें हिस्सा लेंगी। टीमों को तीन-तीन टीमों के दो-चार ग्रुप में बांटा गया था, जिसमें भारत को ब्राज़ील और स्विट्जरलैंड के साथ रखा गया है। तमिलनाडु सरकार द्वारा स्पॉन्सर किए गए इस इवेंट में दुनिया भर के स्क्वैश खिलाड़ी इस प्रतिष्ठित ट्रॉफी के लिए मुकाबला करने के लिए एक साथ आएंगे, तमिलनाडु के डिप्टी चीफ मिनिस्टर उदयनिधि स्टालिन, जिनके पास स्पोर्ट्स पोर्टफोलियो भी है।

## वेंकटेश प्रसाद केएससीए अध्यक्ष पद के लिए अकेले दावेदार के तौर पर उभरे



● **एक चिन्नास्वामी स्टेडियम में कैंडिडेट की मौजूदगी में सत्यापन पूरा करने के बाद वैलिड लिस्ट जारी की**

**बेंगलुरु, वार्ता।** भारत के पूर्व तेज गेंदबाज वेंकटेश प्रसाद मंगलवार को कर्नाटक स्टेट क्रिकेट एसोसिएशन (केएससीए) के अध्यक्ष पद की दौड़ में अकेले बड़े दावेदार के तौर पर उभरे, क्योंकि चुनाव अधिकारी द्वारा जारी वैध नॉमिनेटेड उम्मीदवारों की फ़ाइनल लिस्ट में दो बड़े उम्मीदवारों, केएन शांतकुमार और सीनियर एडमिनिस्ट्रेटर विनय मृत्युंजय के नाम नहीं थे। इन अचानक हुई चूकों ने चुनावी माहौल को पूरी तरह बदल दिया, यह उस दिन हुआ जब कल्पना वेंकटचर, जो अकेली दूसरी बड़ी दावेदार थीं, ने कथित तौर पर अध्यक्ष पद की दौड़ से अपना नाम वापस लेने की घोषणा की, यह कहते हुए कि वह प्रसाद के खिलाफ़ चुनाव नहीं लड़ना चाहतीं, जिन्हें उन्होंने एक मजबूत लीडर बताया। कर्नाटक हाई कोर्ट के रिट पिटीशन नंबर 34890/2025 के निर्देश पर जस्टिस सुभाष बी अदी की देखरेख में नॉमिनेशन की स्क्रूटनी की गई। इसमें कई पोस्ट के कैंडिडेट को क्लियर कर दिया गया, लेकिन शांतकुमार - जो शुरू में प्रेसिडेंट पद के उम्मीदवार थे, और मृत्युंजय, जो सेक्रेटरी पद के लिए चुनाव लड़ रहे थे, की गैरमौजूदगी के लिए कोई वजह नहीं बताई गई। यह अभी साफ नहीं है कि उनके नॉमिनेशन रिजेक्ट किए गए या वापस ले लिए गए, और मंगलवार को कोई ऑफिशियल सफाई जारी नहीं की गई। इलेक्टोरल ऑफिसर डा. बी- बसवराजू, आईएएस (रिटायर्ड) ने एम- चिन्नास्वामी स्टेडियम में कैंडिडेट की मौजूदगी में वेरिफिकेशन पूरा करने के बाद वैलिड लिस्ट जारी की। ऑनरेरी वाइस प्रेसिडेंट के पद के लिए, पांच कैंडिडेट को मंजूरी दी गई है: डी' विरियोड सिवप्पा, संतोष मेनन, सुजीत सोमसुंदर बी, कल्पना वेंकटचार और बी- एन- मधुकर। ऑनरेरी सेक्रेटरी की रेस में ईएस जयराम, सुजीत सोमसुंदर और संतोष मेनन हैं, जबकि जॉइंट सेक्रेटरी के लिए बीके रवि, एवी शशिधर और अविनाश वैद्य

**2026 टी-20 विश्व कप**

## 15 फरवरी को होगी भारत-पाक की भिड़ंत

● **भारत और पाकिस्तान के ग्रुप में अमेरिका नीदरलैंड और नामिबिया को रखा गया है**



**मुम्बई, वार्ता।** 2026 टी-20 विश्व कप में भारत और पाकिस्तान की भिड़ंत 15 फरवरी को कोलंबो में होगी। टूर्नामेंट के आधिकारिक कार्यक्रम की घोषणा मंगलवार को आईसीसी मुंबई में करेगी। 2025 एशिया कप में भारत और पाकिस्तान के बीच काफी गर्म माहौल में मैच खेले गए थे और इसके बाद ए दोनों टीमें पहली बार भिड़ती हुई नजर आएंगी। यह मैच आर प्रेमदासा स्टेडियम में खेला जाएगा जो टूर्नामेंट में भारत का ग्रुप स्टेज का तीसरा मैच होगा। ईएसपीएन क्रिकइंफो को पता चला है कि भारत और पाकिस्तान के ग्रुप में अमेरिका, नीदरलैंड और नाम. ीबिया को रखा गया है। 7 फरवरी को मुंबई में भारत अपना पहला ग्रुप स्टेज मैच अमेरिका के खलिाफ खेलेगा और यही टूर्नामेंट का पहला दिन भी होगा। 12 फरवरी को दिल्ली में नामीबिया, फिर पाकिस्तान और 18 फरवरी को अहमदाबाद में नीदरलैंड्स के खलिाफ आखरिी ग्रुप स्टेज मैच खेलेंगे। ग्रुप स्टेज के दौरान टूर्नामेंट में प्रति दिन तीन मैच खेले जाएंगे। 7 फरवरी से 8 मार्च तक चलने वाले 2026 टी-20 विश्व कप को भारत और श्रीलंका मिलकर होस्ट करने वाले हैं जिसमें पाकिस्तान अपने सारे मैच कोलंबो या कैंडी में खेल सकता है। फ़ॉर्मेट को 2024 जैसा ही रखा गया है जिसमें 20 टीमों को चार ग्रुप में बांटा जाएगा। हर ग्रुप से टॉप-2 टीमें सुपर -8 में प्रवेश करेंगी जहां फिर से उन्हें दो ग्रुपों में बांटा जाएगा। सुपर-8 के ग्रुपों में टॉप-2 पर रहने वाली टीमें सेमीफ़ाइनल में जगह बनाएंगी। यदि भारत ग्रुप स्टेज से आगे बढ़ता है तो उनके सुपर-8 के तीन मैच अहमदाबाद, चेन्नई और कोलकाता में होंगे। यदि वे अंतिम-4 में पहुंचे तो उनका सेमीफ़ाइनल मुंबई में होगा। ऐसा समझा जा रहा है कि आईसीसी ने कोलंबो या कोलक. ाता को दूसरे सेमीफ़ाइनल के लिए विकल्प में रखा है जिसका निर्णय इस बात पर निर्भर करेगा कि श्रीलंका या पाकिस्तान में से कोई सेमीफ़ाइनल में पहुंच रहा है या नहीं। यदि पाकिस्तान फ़ाइनल में पहुंचा तो इसे कोलंबो में खेला जाएगा अन्यथा फ़ाइनल अहमदाबाद में होगा। मेजबान भारत और श्रीलंका के अलावा टी-20 विश्व कप में भाग लेने वाली अन्य 18 टीमें हैं: अफगानिस्तान, ऑस्ट्रेलिया, बंगलादेश, इंग्लैंड, दक्षिण अफ्रीका, अमेरिका, वेस्टइंडीज, न्यूजीलैंड, पाकिस्तान, आयरलैंड,

## बेल्जियम के खिलाफ भारत 3-2 से हारा

● **सातवें नंबर की टीम भारत ने पक्के इरादे से शुरुआत की और बेल्जियम को दूर रखा**



**इपोह, वार्ता।** भारतीय हॉकी टीम ने मंगलवार को मलेशिया के इपोह में सुल्तान अजलान शाह कप 2025 में बेल्जियम के खिलाफ फाइटिग परफॉर्मेंस दी, लेकिन 3-2 से हार गई। सुल्तान अजलान शाह स्टेडियम में हुआ यह हॉकी मैच पहले सोमवार को होना था, लेकिन भारी बारिश की वजह से इसे स्थगित कर दिया गया।

भारत के लिए अभिषेक (33') और शिलानंद लाकड़ा (57') ने गोल किए, जबकि पूर्व ओलंपिक चैंपियन बेल्जियम के लिए रोमन डुवेकोट (17', 57') और निक. ोलस डी कर्पेल (45') गोल करने वाले खिलाड़ी थे। सातवें नंबर की टीम भारत ने पक्के इरादे से शुरुआत की, दुनिया की नंबर 3 बेल्जियम को दूर रखा और शुरुआती दबाव का सामना किया। भारतीय गोलकीपर पवन को रीस्टार्ट के दोनों तरफ एक्शन में लाया गया, जिससे उनकी टीम बराबरी पर रही और वे लगातार गेम में आगे बढ़ते रहे। बेल्जियम को मैच शुरू होने के 10 मिनट बाद पेनल्टी कॉर्नर से पहला असली मौका मिला, और जल्द ही उन्होंने दूसरा मौका भी बनाया। हालांकि, भारतीय डिफेंस ने मजबूती से खड़े होकर यह पक्का किया कि वे पहले क्वार्टर के बाद बराबरी पर रहें।

भारत ने दूसरे क्वार्टर की शुरुआत फ्रंट फुट पर की, और मौके की तलाश में अच्छे पास दिए। हालांकि, बेल्जियम ने खेल के दौरान बढ़त बना ली, और रोमन डुवेकोट के गोल की मदद से पवन की रुकावट को तोड़ दिया। तुरंत जवाब की तलाश में, दिलप्रीत सिंह ने भारत के लिए एक अच्छा मूव पूरा किया लेकिन खतरनाक खेल के कारण गोल रद्द कर दिया गया। भारत के जोर लगाने और जांच करने के बावजूद, बेल्जियम ने हाफ टाइम तक अपनी 1-0 की बढ़त बनाए रखी। दूसरे हाफ में भारत ने शुरुआत से ही जोरदार शुरुआत की और अभिषेक के शानदार मूव को गोल में बदलकर बराबरी हासिल की। मोमेंटम के साथ, भारतीयों ने दूसरे गोल की तलाश में बेल्जियम पर दबाव बनाया। हालांकि, निक. ोलस डी (45') ने पेनल्टी कॉर्नर पर गोल करके बेल्जियम को बढ़त वापस दिला दी। उन्होंने जल्द ही अपनी बढ़त बढ़ा ली।

## किसान की बेटी और अस्मिता साइक्लिस्ट पूजा बिश्नोई ने रचा इतिहास

● **गेम्स के सातवें एडिशन में मेजबान राज्य राजस्थान के लिए मेडल जीतने वाली पहली एथलीट बन गई**

**जयपुर, वार्ता।** मंगलवार की एक हवादार सुबह जयपुर-आगरा हाईवे पर, सुबह के ट्रैफिक की जानी-पहचानी शांति की जगह रेसिग टायरों की आवाज और दर्शकों का बढ़ता उत्साह ले रहा था। यह खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स 2025 का रोड साइक्लिग इवेंट था, और ठंडी हवा में साइकिल चला रहे राइडर्स में एक युवा महिला भी थी, जिसका स्टार्ट लाइन तक का सफर उन 30 किलोमीटर से कहीं ज्यादा लंबा और मुश्किल था, जिन्हें वह दौड़ने वाली थी। बीकानेर के एक छोटे से गांव की 22 साल की पूजा बिश्नोई, जो एक किसान की बेटी हैं और बिब नंबर-44 पहने हुए हैं, लाइनअप में सिर्फ़ एक और एथलीट नहीं थीं। वह हिम्मत और हिम्मत की कहानी थी-कोई ऐसा जिसने खड़ी सड़कों या तंग मोड़ों से कहीं ज्यादा बड़ी मुश्किलों को पार किया था। इवेंट के आखिर तक, वह महाराजा गंगा सिंह यूनिवर्सिटी को रिप्रेजेंट करते हुए, गेम्स के सातवें एडिशन में मेजबान राज्य राजस्थान के लिए मेडल जीतने वाली पहली एथलीट बन गई। महिलाओं का एलीट 30 किमी इंडिविजुअल टाइम ट्रायल कॉम्पिटिटिव साइक्लिग की तरह जबरदस्त शुरुआत के साथ शुरू हुआ-लेकिन सरप्राइज जल्दी ही आ गया। पूजा आगे निकल गई, और 10 किमी का पहला लैप लीड में पूरा किया। उसकी रिदम पक्की थी, उसका पोस्चर पक्का था, और उसका कॉन्फिडेंस सबको अपनी ओर खींच रहा था। ट्रैक पर कोच हैरान होकर एक-दूसरे को देख रहे थे। देखने वाले आगे झुक रहे थे जैसे उनकी सांसें उसे और आगे धकेल देंगी। ऐसा लग रहा था कि यह एक ऐसी कहानी है जो उलटफेर में बदलने का इंतजार कर रही है। लेकिन साइक्लिग एक ऐसा खेल है जहां अनुभव अक्सर अहम साबित होता है। गुरु नानक देव यूनिवर्सिटी, अमृतसर के लिए राइडिग कर रही अनुभवी मीनाक्षी रोहिल्ला-पटियाला के नेशनल सेंटर ऑफ़ एक्सीलेंस की एक इंटरनेशनल साइक्लिस्ट, जिन्होंने एशिया कप और एशियन चैंपियनशिप में मेडल जीते हैं।

## चेतन सपकल 25 मी. रैपिड फायर में छठे स्थान पर रहे

● **भारतीय शूटर्स ने टोक्यों में 25वें समर डेफलंपिक्स में 16 पदक जीतकर शानदार प्रदर्शन किया**

**टोक्यो, वार्ता।** भारत के चेतन हनमंत सपकल ने 25मी रैपिड फायर पिस्टल में छठा स्थान हासिल किया, जिससे भारतीय शूटर्स ने टोक्यो में 25वें समर डेफलंपिक्स में 16 मेडल जीतकर शानदार प्रदर्शन किया। चेतन, जिन्होंने 564-5ग के स्कोर के साथ तीसरे स्थान पर फाइनल के लिए क्वालीफाई किया था, छह लोगों के फाइनल में आठ के स्कोर के साथ बाहर होने वाले पहले शूटर थे।

साउथ कोरिया के सेउंग ह्वा ली ने गोल्ड जीता, जबकि उनकी टीम के साथी ताए यंग किम ने ब्रॉन्ज और यूक्रेन के सेरही ओहोरोडनिक ने सिल्वर मेडल जीता। भारतीय शूटर्स ने टोक्यो में शूटिग रेंज में अपना दबदबा बनाया, 10 दिनों के कॉम्पिटिशन में शूटिग में कुल 39 मेडल में से 16 मेडल जीते, जिसमें सात गोल्ड, छह सिल्वर और तीन ब्रॉन्ज मेडल शामिल हैं। सबसे सफल शूटर राइफल शूटर माहित संधू रही जिन्होंने दो गोल्ड और दो सिल्वर समेत चार मेडल जीते, उसके बाद पिस्टल शूटर अभिनव देशवाल और प्रांजलि प्रशांत धूमल ने क्रम से दो गोल्ड और एक सिल्वर मेडल जीता।

धनुष श्रीकांत ने भी 10मी एयर राइफल इंडिविजुअल और मिक्स्ड टीम इवेंट में दो गोल्ड मेडल जीते, जबकि मोहम्मद मुर्तजा वानिया (एक सिल्वर और ब्रॉन्ज) और कोमल मिलिद वाघमारे (दो ब्रॉन्ज) ने भी दो-दो मेडल जीते। अनुया प्रसाद ने 10मी एयर पिस्टल विमेंस इवेंट में गोल्ड जीता, जबकि शौर्य सैनी ने 50मी 3पोजिशन में सिल्वर और कुशाग्र सिंह राजावत ने 50मी राइफल प्रोन इवेंट में ब्रॉन्ज मेडल जीता।

## दीप्ति डब्ल्यूपीएल मेगा नीलामी में सबसे ज्यादा डिमांड वाली खिलाड़ी होंगी: वेदा

● **गुजरात जायंट्स को मेगा ऑक्शन में दीप्ती शर्मा पर जरूर विचार करना चाहिए : अंजुम चोपड़ा**


**नई दिल्ली, वार्ता।** जैसे-जैसे टीमें टाटा डब्ल्यूपीएल 2026 मेगा ऑक्शन की तैयारी कर रही हैं और अपनी टीम को मजबूत करना चाहती हैं, सभी की नजरें भारत की टॉप ऑलराउंडर दीप्ति शर्मा और भरोसेमंद बैट्समैन हरलीन देओल पर हैं, जो उनकी लाइन-अप को मजबूत करेंगी। जियो हॉटस्टार के शो 'मोस्ट वांटेड: टाटा डब्ल्यूपीएल 2026 ऑक्शन' में एक्सपर्ट अंजुम चोपड़ा और वेदा कृष्णमूर्ति ने दीप्ति शर्मा के ऑलराउंड असर और हरलीन देओल की वैल्यू को खास भारतीय खिलाड़ियों के तौर पर बताया, जिन पर हर फ्रेंचाइजी करीब से नजर रखेगी। अंजुम चोपड़ा ने अपनी राय साझा करते हुए कहा,षगुजरात जायंट्स को मेगा-ऑक्शन में दीप्ति शर्मा पर जरूर विचार करना चाहिए। दिल्ली कैपिटल्स भी उन्हें एक भारतीय खिलाड़ी के रूप में टारगेट कर सकती है जो बैटिग और बॉलिग दोनों को मजबूत करती है। गुजरात और दिल्ली के बाद यूपी वॉरियर्स उनकी सर्विस लेने में दिलचस्पी रखने वाली तीसरी टीम हो सकती है। गुजरात जायंट्स द्वारा हरलीन देओल को रिलीज किए जाने पर उन्होंने कहा कि मुझे हैरानी है कि गुजरात जायंट्स ने हरलीन देओल को रिलीज किया। वह एक मल्टी-टैलेंटेड भारतीय खिलाड़ी है जो थोड़ी बॉलिग भी कर सकती है, और मुझे उम्मीद है कि वह अपनी बॉलिग स्किल्स को और डेवलप करेगी। ऑक्शन में उसमें अच्छी दिलचस्पी होगी। दीप्ति शर्मा के साथ, वह एक ऐसी भारतीय खिलाड़ी होगी जिसे हर फ्रेंचाइजी टारगेट करेगी क्योंकि टीमें मजबूत भारतीय बैट्समैन और संभावित लीडरशिप ऑप्शन चाहती हैं। वेदा कृष्णमूर्ति ने दीप्ति शर्मा की स्किल्स की तारीफ़ की और बताया कि मेगा नीलामी में वह सबसे ज्यादा डिमांड वाली प्लेयर क्यों होंगी। उन्होंने कहा कि दीप्ति शर्मा पिछले डब्ल्यूपीएल सीजन से एक जानी-मानी मैच-विनर हैं, उन्होंने बैट और बॉल दोनों से शानदार परफॉर्म किया है। उन्होंने हाल ही में खत्म हुए विमेंस वनडे वर्ल्ड कप में प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट का अवॉर्ड भी जीता। मेगा-ऑक्शन में उनकी डिमांड जरूर ज्यादा होगी, और हर फ्रेंचाइज उन पर करीब से नजर रखेगी।

### आईएससीएल ने ग्रैंड ऑफिशियल जर्सी लॉन्च और टीम ओनर्स इंट्रोडक्शन सेरेमनी होस्ट की

**नई दिल्ली, वार्ता।** इंडियन सॉफ्टबॉल क्रिकेट फाउंडेशन की लीडरशिप में आईएससीएल ने अपनी ऑफिशियल जर्सी लॉन्च और टीम ओनर्स इंट्रोडक्शन सेरेमनी होस्ट की, जो पूरे भारत में सॉफ्टबॉल क्रिकेट को प्रोफेशनल पहचान दिलाने की दिशा में एक बड़ा कदम है। इस इवेंट में देश भर के राज्यों, शहरों और इलाकों को रिप्रेजेंट करने वाली 32 टीमों के आने का जश्न मनाया गया, जिसमें अंडमान और निकोबार आइलैंड्स और लक्षद्वीप से पहली बार हिस्सा लेने वाली टीमें भी शामिल थीं।

## नीता अंबानी ने भारत की ब्लाइंड महिला क्रिकेट टीम को दी बधाई





**मुम्बई, वार्ता।** रिलायंस फॉउंडेशन की चेयरपर्सन और संस्थापक नीता एम- अंबानी ने इंडियन ब्लाइंड विमेंस क्रिकेट टीम को पहला ब्लाइंड विमेंस टी 20 वर्ल्ड कप जीतने पर बधाई दी है। नीता अंबानी ने बधाई देते हुए कहा कि हमारी नीली जर्सी वाली लड़कियों ने हमें एक बार फिर गर्व महसूस कराया है, क्योंकि इंडिया की विजुअली इम्पेयर्ड विमेंस क्रिकेट टीम ने पहला टी-20 क्रिकेट वर्ल्ड कप जीता है। उन्होंने हमें दिखाया है कि असली विजन दिल से आता है। उनकी जीत हिम्मत, हिम्मत और कभी न टूटने वाले जज्बे की जीत है। उन्होंने लाखों लोगों के लिए उम्मीद, संभावना और प्रेरणा का रास्ता दिखाया है। उन्हें और उनके परिवारों को मेरी तरफ से दिल से बधाई।

# थाना कटघर पुलिस ने रंगदारी मांगने वाले दो आरोपियों को किया गिरफ्तार

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** थाना कटघर पुलिस ने रंगदारी मांगने के मामले में बड़ी सफलता हासिल करते हुए महज 24 घंटे के भीतर दो आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। मामला 23 नवंबर की रात करीब 12 बजे का है, जब थाना कटघर क्षेत्र के अय्यूब खान को दो व्यक्तियों ने रोककर जान से मारने की धमकी देते हुए रंगदारी की मांग की थी।

जानकारी के अनुसार, अय्यूब खान अनवर हाउस वाली सड़क से गुजर रहे थे, तभी आलम और केसर नाम के दोनों आरोपी अचानक सामने आ गए। आरोप है कि दोनों ने उनके सीने पर तमंचा तानकर 50,000 रुपये की रंगदारी मांगी। मृत्यु के भय से सहमे अय्यूब खान ने अपनी जेब में रखे 3,000 रुपये तत्काल दोनों को दे दिए। पैसे लेकर




आरोपी वहां से फरार हो गए।घटना की जानकारी मिलते ही वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सतपाल अंतिल के निर्देशन में पुलिस अधीक्षक नगर और क्षेत्राधिकारी कटघर के पर्यवेक्षण में विशेष टीम गठित की गई। टीम का नेतृत्व उपनिरीक्षक प्रमोद सोनी कर रहे थे। पुलिस टीम रात में ही गश्त के दौरान सक्रिय रही और मुखबिर की सूचना पर आरटीओ ऑफिस के सामने सम्भल रोड पर दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया।गिरफ्तार आरो. पियों की पहचान मोहम्मद आलम अंसारी एवं केसर उर्फ बाबू निवासी जाहिदनगर, थाना कटघर के रूप में हुई। तलाशी के दौरान पुलिस ने रंगदारी में ली गई 3 हजार रुपये की रकम में से 2,600 रुपये बरामद कर लिए।पुलिस अधिकारियों के अनुसार, दोनों आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

उन्हें आवश्यक कानूनी कार्रवाई पूरी करने के बाद जेल भेज दिया गया है। थाना कटघर पुलिस की त्वरित कार्रवाई से क्षेत्र के लोगों में राहत की भावना है, वहीं पुलिस टीम की कार्यशैली की सराहना भी की जा रही है।

# मोबाइल ठीक कराने को लेकर जमकर चले लाठी-डंडे, चार घायल

**कांठ ( शाह टाइम्स )।** मोबाइल ठीक कराने को लेकर हुई कहा सुनी के बाद झगड़ा बढ़ गया दोनों ओर से जमकर लाठी डंडे चले जिसमें चार लोग घायल हो गए पुलिस ने चारों को चिकित्सा परीक्षण के लिए अस्पताल भिजवाया है। थाना छजलैट के गांव संदलीपुर निवासी उस्मान और फारूक पुत्रगण कलवा मानपुर में मोबाइल मरम्मत की दुकान चलाते हैं बताया गया कि मानपुर निवासी इस्माइल पुत्र मशीद ने अपना मोबाइल उन्हें ठीक करने के लिए दिया था तीन-चार दिन बीतने के बाद वह मोबाइल लेने गए तो वहां किसी बात को लेकर कहा सुनी होने लगी इसके बाद इस्माइल का पुत्र इब्राहिम आ गया आ गया और बात बढ़ने लगी आरोप है कि इस बात से नाराज उस्मान और फारूक ने हमला कर दिया। जिसमें स्माइल और इब्राहिम को काफी छोटे आई दोनों भाई का कहना था की मारपीट करने में उस्मान फारूक जुम्मा फर्जंद आदि दर्जनों लोग शामिल थे। उन्होंने उन सभी के नाम की तहरीर देकर कार्यवाही की मांग जबकि उस्मान और फारूक का कहना था कि उन्हें मोबाइल ठीक करने को दिया गया था लेकिन यह लोग दुकान पर ना आकर घर पहुंच गए और महिलाओं के साथ इन्होंने कहासुनी शुरु कर दी। इस बात को लेकर झगड़ा हो गया जिसमें उस्मान और फारूक भी घायल हो गए शिकायत आने पर पुलिस ने चारों घायलों को कांठ के सरकारी अस्पताल में चिकित्सा परीक्षण के लिए भिजवाया दोनों पक्षों ने एक दूसरे के खिलाफ तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।







# पानी के टब में गिरने से बच्चे की मौत



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**भगतपुर।** थाना क्षेत्र के गांव मल्हूपुरा हरदो दांडी में जैनुल का लगभग एक वर्षीय पुत्र मो जैन घर बार में खेल रहा था उसकी माता मुस्कान घर के काम में लगी थी बही पर पानी से भरा टब रखा था तभी खेलते समय मो जैन पानी से भरे टब में गिर गया जिसकी मौके पर ही मौत हो गयी।

इकलौते बच्चे की मौत से माता सहित सभी परिजनों का रो रोकर बुरा हाल है।



# एसआईआर फॉर्म भरने में तेजी, नगरपालिका ने नागरिकों से समय पर सहयोग की अपील

■ सिर्फ फॉर्म भरकर दें, साथ नहीं लगाना कोई दस्तावेज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चन्दौसी।** शहर में इस समय सरकार का एक अत्यंत महत्वपूर्ण कार्य एसआईआर फॉर्म भरने का अभियान तेजी से चल रहा है। सरकारी मशीनरी पूरी क्षमता के साथ काम में लगी है क्योंकि एसआईआर फॉर्म जमा करने की अंतिम तिथि 04 दिसंबर निर्धारित है। प्रशासन का कहना है कि समय सीमा चूकने पर नागरिकों को कई सरकारी सुविधाओं में बाधा आ सकती है, क्योंकि एसआईआर फॉर्म नागरिकता और पहचान से जुड़े महत्वपूर्ण दस्तावेज हैं। फॉर्म भरने के दौरान प्रत्येक कॉलम में स्पष्ट रूप से निर्देश दिए गए हैं कि क्या जानकारी लिखनी है। बीएलओ और सुपरवाइजर घर-घर जाकर फॉर्म वितरित कर रहे हैं तथा नागरिकों को यह सुनिश्चित करना



है कि वे सही और पूर्ण जानकारी के साथ फॉर्म जमा करें। नगरपालिका अधिशासी अधिकारी धर्मराज राम ने नागरिकों से अपील की है कि एसआईआर फॉर्म को गंभीरता से लें और बीएलओ का पूरा सहयोग करें। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में बीएलओ लोगों के घर-घर पहुंच रहे हैं, इसलिए फॉर्म जमा न होने पर जिम्मेदारी नागरिकों की अपनी होगी। बाद में फॉर्म भरने के लिए लोगों को तहसील या अन्य कार्यालयों के चक्कर काटने पड़ सकते हैं। कुछ बीएलओ ने बताया कि डोर-टू-डोर फॉर्म देने के दौरान कई घरों पर ताला मिला या मोबाइल नंबर बंद मिले, जिससे कार्य में बाधा उत्पन्न हो रही है। इसके बावजूद टीम द्वारा लगातार प्रयास जारी हैं। अधिशासी अधिकारी ने स्पष्ट कहा कि यह एक राष्ट्रीय कार्यक्रम है और इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही उचित नहीं है। उन्होंने नागरिकों से निर्धारित समयावधि में फॉर्म जमा करने की अपील की। नगर के सभी वार्ड सभासद भी लोगों को जागरूक करने और सहयोग जुटाने में सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं। नगरपालिका का कहना है कि नगरपालिका क्षेत्र के सभी नागरिकों को इस राष्ट्रीय कार्यक्रम में विशेष सहयोग देना चाहिए, ताकि प्रक्रियाएं समयबद्ध और सुचारु रूप से पूरी हो सकें। साथ ही बताया गया कि वर्तमान में अपने निवास स्थान से दूर रह रहे हैं तो अपने बीएलओ से संपर्क करें और फॉर्म प्राप्त करें, बीएलओ से संपर्क न हो तो अपने क्षेत्र के मतदान स्थान पर संपर्क करके नंबर प्राप्त कर सकते हैं। यदि और कोई कठिनाई हो तो पार्षद या प्रधान, जनप्रतिनिधि के जरिए बीएलओ से संपर्क किया जा सकता है।

## एक नजर

### भूमिगत गैस पाइपलाइन लीक होने से लोगों की सूझबूझ से टल गया बड़ा हादसा

**बिलारी।** सोमवार की दोपहर से बिलारी नगर के भीड़भाड़ वाले चौराहे रैली चौक में टोरेंट गैस कंपनी की भूमिगत पाइपलाइन जा रही है जिससे नगर के घरेलू उपभोक्ताओं को आपूर्ति होती है अभी नगर में विद्युतीकरण के कारण चौराहे पर एक नया खंबा लगा है जिसके गाड़े जाने से भूमिगत गैस पाइप लाइन कहीं से क्षतिग्रस्त हो गई जिस कारण से दोपहर से ही गैस लीक होने लगी थी तभी शाम को अचानक खंबे की जड़ में से गैस ने आग पकड़ ली आग लगने से लोगों और दुकानदारों में डर की स्थिति बन गई दुकानदारों ने इकट्ठा होकर पानी डालकर गैस बुझाने की कोशिश की परंतु गैस बेकाबू होती चली गई तभी समझदार लोगों ने कंपनी के हेल्पलाइन नंबर पर संपर्क कर कंपनी को सूचना दी तभी मौके पर कंपनी के कर्मचारियों ने आकर आग बुझा कर गैस पर काबू पाया तब लोगों ने राहत की सांस ली इस प्रकार लोगों की सूझबूझ से बड़ा हादसा होने से टल गया।



### पुलिस ने 300 ग्राम चरस सहित एक को किया गिरफ्तार

**बिलारी ( शाह टाइम्स संवाददाता )।** कोतवाली पुलिस ने 300 ग्राम चरस के साथ एक आरोपी को गिरफ्तार किया। उस पर पहले से ही मादक पदार्थ अधिनियम के कई मुकदमे दर्ज हैं। पकड़े गए आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार करके जेल भेज दिया।

कोतवाली पुलिस को सूचना मिली कि ग्वालखेड़ा मोड के पास गांव निवासी इरफान पुत्र अली जान खड़ा हुआ है. उसके पास चरस भी है। इसके बाद पुलिस ने तलाशी के लिए रोका, तलाशी लेने पर उसके पास 300 ग्राम चरस बरामद हुई। दरोगा अनंगपाल सिंह, कांस्टेबल सोमवीर सिंह, मुकुल गौतम आदि ने आरोपी को गिरफ्तार करके कोतवाली लाकर मुकदमा दर्ज करके जेल भेज दिया।

### बकरी को लेकर पुराना विवाद दोबारा उभर आया

**कुंदरकी।** थाना मैनाठेर क्षेत्र में मंगलवार को बकरी को लेकर पुराना विवाद दोबारा उभर आया, जिसके बाद एक युवक पर हमला कर उसे घायल कर दिया गया। मैनाठेर निवासी मतलुब पुत्र छोटे के अनुसार करीब दस दिन पहले उसकी बकरी पड़ोसी के खेत में चली गई थी, जिस पर उस समय मामला आपसी समझौते से शांत करा दिया गया था। मतलुब का कहना है कि मंगलवार दोपहर जब वह अपने घर के बाहर बैठा था, तभी पड़ोसी कासिम और उसके भाइयों ने अचानक आकर उस पर हमला कर दिया। हमले में वह घायल हो गया, जिसके बाद उसका मेडिकल परीक्षण कराया गया है। पीड़ित ने आरोपियों के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की है। पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है।



### एसआईआर को लेकर सपाई गंभीर, भरवाए फॉर्म

**कांठ।** प्रदेश में चल रहे एस आई आर को लेकर समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ता और पदाधिकारी गंभीर है। आज विक्रम सिंह यादव के नेतृत्व में कार्यकर्ता बीएलओ के साथ बूथ नंबर 43 पट्टी मोडा पहुंचे और गांव में घूम-घूम कर जिनके फॉर्म अभी तक नहीं भरे गए थे उनके फार्म भरवाए उन्होंने लोगों से कहा कि इस कार्यक्रम में सहभागिता करते हुए अपने-अपने वोट का एसआईआर कराना बहुत जरूरी है इसलिए किसी भी व्यक्ति का लापरवाही के कारण वोट बनने से नहीं रहना चाहिए। उन्होंने लोगों में फैल रही भ्रांति को भी समझाते हुए दूर किया। इस अवसर पर बीएलओ मोनिका बी एल ए भूरे सिंह यादव जिला उपाध्यक्ष विक्रम सिंह यादव अमजद अली भूरे खान अंजार खान आदि मौजूद रहे।



# आईएफटीएम विश्वविद्यालय में आयोजित हुआ कार्यक्रम

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** आईएफटीएम विश्वविद्यालय में इंस्टीट्यूशंस इना. वेशन काउंसिल (आईआईसी), आईएफटीएम बिजनेस इनक्यूबेशन फाउंडेशन और स्कूल ऑफ कंप्यूटर साइंस एंड एप्लीकेशंस के संयुक्त तत्वावधान में दो दिवसीय ''इंटर/इंट्रा संस्थागत विचार प्रतियोगिता/ चुनौती/ हैकथॉन और सर्वोत्तम विचारों को पुरस्कृत करना और संस्थान के युक्ति नवाचार भंडार'' विषय पर दो दिवसीय कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हो गया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. संजीव अग्रवाल ने आयोजन समिति के सभी सदस्यों की सराहना करते हुए कहा कि विद्यार्थियों को आत्मनिर्भर बनाने के लिए उन्हें विश्वभर में हो रहे विज्ञान और प्रौद्योगिकी के नवाचारों से अवगत कराना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने इस तरह के आयोजनों को नियमित रूप से आयोजित करने की आवश्यकता पर बल दिया। दो दिनों तक चले कार्यक्रम के पहले दिन, स्कूल ऑफ कंप्यूटर साइंस एंड एप्लीकेशंस के विद्यार्थियों ने अपने नवीनतम तकनीकी विचारों को पावरपॉइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से प्रस्तुत किया और अपने नवाचारों का प्रदर्शन किया। दूसरे दिन, चयनित विच. ारों को निर्णायक मंडल के सामने प्रस्तुत किया गया। जिसमें ध्रुव गौड के एआई बेस्ड सिक्योरिटी मॉडल को प्रथम स्थान प्राप्त हुआ।

इस नवाचार को शील्ड ए आई नाम दिया गया, जिसमें यूजर के इंपोर्टेंट डाटा को हर तरीके से सुरक्षित रखने पर जोर दिया गया। दूसरे स्थान पर गुलाम रसूल को एआई बेस्ड सेफ कार ड्राइविंग नवाचार को मिला, जिसे सेल्फ ऑटोमेटेड कार में आसानी से इस्तेमाल किया जा सकता है। तीसरा स्थान अनम फातिमा के प्लॉट डिजाइन टूल को मिला जिसमें केवल इंस्ट्रक्शन के माध्यम से कोई व्यक्ति अपने घर को डिजाइन कर सकता है। इस कार्यक्रम में निर्णायक के रूप में स्कूल के निदेशक डॉ. मिश्रा, कंप्यूटर एप्लीकेशंस के विभागाध्यक्ष डॉ. अरविंद कुमार शुक्ला, कंप्यूटर इंजीनियरिंग के विभागाध्यक्ष डॉ. देवेंद्र कुमार ने अपनी भूमिका निभाई। इस मौके पर कार्यक्रम के अध्यक्ष व स्कूल ऑफ कंप्यूटर साइंस एंड एप्लीकेशंस के निदेशक डॉ. राहुल कुमार मिश्रा ने कार्यक्रम की सफलता पर खुशी व्यक्त करते हुए कहा कि इस आयोजन ने न केवल प्रतिभागियों के कौशल को निखारा, बल्कि उनके भविष्य के तकनीकी दृष्टिकोण को भी प्रोत्साहन दिया है। उन्होंने यह भी बताया कि यह प्रतियोगिता विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों में नवाचार और तकनीकी सोच को बढावा देने के लिए एक महत्वपूर्ण कदम है, और भविष्य में इसे और बड़े स्तर पर आयोजित किया जाएगा। आईएफटीएम बिजनेस इनक्यूबेशन फाउंडेशन के सीईओ डॉ. वैभव त्रिवेदी, आईआईसी के अध्यक्ष डॉ. मनोज कुमार ने सभी प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन किया। आईसीसी के संयोजक डॉ. अतानु नाग ने कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए सभी का धन्यवाद किया। कार्यक्रम के सफल आयोजन में कंप्यूटर एप्लीकेशंस विभाग के एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. ललित जौहरी, कंप्यूटर साइंस इंजी. नियरिंग विभाग के डॉ. अभिषेक कुमार मिश्रा की विशेष भूमिका रही। इस अवसर पर स्कूल के कई शिक्षक व प्रतिभागी छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

# नहर में सफाई कार्य जारी जल्द ही पानी छोड़े जाने की उम्मीद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांठ।** महमूदपुर रजबाहा में सफाई कार्य युद्ध स्तर पर जारी है जिसे जल्द ही पानी छोड़े जाने की उम्मीद बढ़ गई है बता दे की नहर विभाग की बैठक में 30 नवंबर तक पानी छोड़े जाने की बात कही गई थी जिसे लेकर नहर की सफाई का काम शुरू हुआ लगभग काफी हद तक सफाई कार्य पूरा हो चुका है आज मुख्तियारपुर नवादा के पास नहर की सफाई जेस. ीबी द्वारा कराई गई। इससे नहर में निर्धारित समय तक पानी छोड़े जाने की उम्मीद बढ़ गई है। हालांकि अगेती बुवाई के लिए पलेवे का समय तो निकल चुका है लेकिन यदि 30 नवंबर तक नहरो में पानी आ जाता है तो पंछेती बुवाई करने में किसानों को आसानी हो सकती है। मगर इसके बाद छोड़ा गया पानी किसान की फसल के लिए फायदेमंद नहीं होने वाला है किसानों ने निर्धारित तारीख पर ही पानी छोड़े जाने की मांग उठाई है।



# टीएमयू कुलाधिपति ने अयोध्या में धर्म ध्वजारोहण का कमाया पुण्य

## तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी के जीवीसी मनीष जैन और एग्जिक्यूटिव डायरेक्टर अक्षत जैन भी अयोध्या में इन अविस्मरणीय पलों के बने साक्षी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र-ट्रस्ट के आमंत्रण पर तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी, मुरादाबाद के कुलाधिपति श्री सुरेश जैन ने श्रीराम जन्मभूमि मंदिर के शिखर पर धर्म ध्वजारोहण का पुण्य कमाया। इस अविस्मरणीय ध्वजारोहण के साक्षी होने का सौभाग्य टीएमयू के जीवीसी श्री मनीष जैन, एग्जिक्यूटिव डायरेक्टर श्री अक्षत जैन को भी मिला। अभिजीत मुहूर्त में श्रीराम जन्मभूमि मंदिर के शिखर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जैसे ही भगवा ध्वज फहराने की प्रक्रिया प्रारम्भ की तो जय श्रीराम के जयकारों से पूरा परिसर गूंज उठा। धर्म ध्वजा का भगवा रंग, सूर्य का चिन्ह, को. विदार वृक्ष रामराज्य की कीर्ति को दर्शाता है। यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने उम्मीद जताई, यह



धर्म ध्वज प्राण जाए पर वचन न जाए की प्रेरणा बनेगा। साधु-संतों के अलावा राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रमुख मोहन भागवत, राज्यपाल श्रीमती आनंदी बेन पटेल, मुख्यमंत्री श्री योगी आदित्यनाथ आदि की भी इस ऐतिहासिक पल पर गरिमामयी मौजूदगी रही। श्रीराम जन्मभूमि मंदिर के शिखर पर धर्म ध्वजारोहण के अनुष्ठान के बाद समारोह में मौजूद जाने-माने साधु-संतों के संग-संग देशभर से आमंत्रित विशिष्ट अतिथियों ने न केवल भगवान श्रीराम के दर्शन किए, बल्कि भव्य और दिव्य मंदिर में समारोह से अभिभूत अतिथियों ने जमकर सेल्फी और फोटोग्राफी भी की। इन आस्थामय ऐतिहासिक पलों से प्रफुल्लित तीर्थंकर महाव. ीर यूनिवर्सिटी के कुलाधिपति श्री सुरेश जैन बोले, आस्था के धागों से तैयार यह ध्वज केवल वस्त्र नहीं, बल्कि सनातन संस्कृति का साक्षात प्रतीक है।

जीवीसी श्री मनीष जैन, एग्जिक्यूटिव डायरेक्टर श्री अक्षत जैन कहते हैं, हम सबके लिए शिखर ध्वजारोहण उत्सव का यह क्षण अद्वितीय और अलौकिक है। श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र- ट्रस्ट के महासचिव श्री चंपतराय के आमंत्रण पर सोमवार को ही अयोध्या पहुंच गए थे। उल्लेखनीय है, कुलाधिपति श्री सुरेश जैन और जीवीसी श्री मनीष जैन श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र- ट्रस्ट के आमंत्रण पर 22 जनवरी, 2024 को भगवान श्रीराम के प्राण प्रतिष्ठा समारोह का भी हिस्सा बन चुके हैं।

# टिमिट में हुआ ट्रैफिक नियम जागरूकता कैंप आयोजित

**मुरादाबाद।** टिमिट, तीर्थंकर महावीर विश्वविद्यालय, मुरादाबाद के फैकल्टी ऑफ कॉमर्स एंड मैनेजमेंट तथा टिमिट-कॉलेज ऑफ मैनेजमेन्ट द्वारा नेशनल सर्विस स्कीम के सहयोग से ग्राम पट्ठेपुर विष्णोई, मुरादाबाद में "ट्रैफिक नियम जागरूकता कैंप" का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया।इस जागरूकता कैंप में बीबीएके विद्यार्थियों ने सक्रिय रूप से भाग लिया और और स्कूल के छात्रों को सड़क सुरक्षा, ट्रैफिक संकेतों का महत्व, हेलमेट और सीट बेल्ट के अनिवार्य उपयोग, ओवरस्पीडिंग के जोखिम तथा सुरक्षित ड्राइविंग की आवश्यक आदतों के बारे में जानकारी दी। छात्रों ने पोस्टर, नारे और डेमो के माध्यम से लोगों को नियमों का पालन करने के लिए प्रेरित किया।कार्यक्रम का उद्देश्य ग्रामीण समुदाय में ट्रैफिक नियमों से जुड़ी जागरूकता बढ़ाना और सड़क दुर्घटनाओं को कम करने के लिए सही जानकारी प्रदान करना था। ऐसे कार्यक्रम समाज में सुरक्षा संस्कृति को मजबूत करते हैं और युवाओं में सामाजिक उत्तरदायित्व की भावना पैदा करते हैं।टिमिट द्वारा आयोजित यह जागरूकता गतिविधि न केवल शिक्षण के दायरे को बढ़ाती है, बल्कि विद्यार्थियों को समाजसेवा और वास्तविक जीवन के अनुभवों से भी जोड़ती है।





शाह टाइम्स


सम्पादकीय

बुधवार, 26 नवम्बर 2025

# एसआईआर का जाल

बिहार चुनाव के बाद देश के बारह राज्यों में एसआईआर का काम चल रहा है। इसकी जिम्मेदारी उन बीएलओ को दी गई है, जो लोकतंत्र का एक हिस्सा हैं। लेकिन सरकार उन्हें पूरी तरह नजरअंदाज कर रही हैं। ये बीएलओ घर-घर जाकर दस्तावेज इकट्ठा कर रहे हैं और मतदाता सूची को सही और अद्यतन बनाने में जुटे हैं। लोकतंत्र के सबसे बड़े पर्व चुनाव को और अधिक पारदर्शी बनाने के लिए यह प्रक्रिया बेहद जरूरी है। लेकिन जाल ऐसा हो गया है कि बीएलओ का उसमें से निकलना मुश्किल हो रहा है। नतीजतन देश के अलग अलग राज्यों में 16 बीएलओ की मौत हो गई। सरकार की इस प्रक्रिया पर विपक्ष सवाल उठा रहा है और आम जनता भी कई दिक्कतों का सामना कर रही है। इन सबके बीच हम उन बीएलओ को पूरी तरह नजरअंदाज कर रहे हैं, जो इस अभियान में सबसे सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं। इन्हें लोकतंत्र के सच्चे सिपाही कहा जा सकता है, लेकिन यही सिपाही इस समय परेशान हैं, दबाव में हैं, डर में जी रहे हैं और कई ने तो अपनी जान भी गंवा दी है। ये सभी बीएलओ वर्तमान में किसी न किसी स्कूल में शिक्षक, शिक्षा मित्र के रूप में कार्यरत हैं। कई तो ऐसे हैं जो कई चुनाव देख चुके हैं, जिन्होंने हर बार बिना सवाल किए सरकार के आदेशों का हर बार पालन किया है, लेकिन इस बार जमीन पर मिसमैनेजमेंट ऐसी है कि ये शिक्षक भी त्रस्त हो चुके हैं। दूसरी तरफ अधिकारियों द्वारा काम समय से एसआईआर की प्रक्रिया पूरी करने के लिए दबाव बनाया जा रहा है। एक बीएलओ ने दावा किया कि उन्हें टारगेट पूरा न करने पर एफआईआर किए जाने की धमकी दी गई। चुनाव आयोग ने तो यहां तक कह दिया है कि यदि किसी बीएलओ ने सही प्रकार से काम नहीं किया, तो उसके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। बेहतर होता कि सरकार इन्हें पहले संसाधन उपलब्ध कराती और फिर कार्यभार सौंपती। लेकिन ऐसा नहीं हुआ। नतीजा यह हुआ कि 21 नबंवर की रात से 22 नवंबर के मध्य प्रदेश में दो बीएलओ की बीमारी के कारण मौत हो गई। पश्चिम बंगाल में नदिया में बीएलओ रिंकू का शव घर की छत से लटका मिला। राज्य में एसआईआर से जुड़ा दूसरा सुसाइड, तीसरी मौत है। राजस्थान के जयपुर में रविवार को बीएलओ मुकेश जांगिड़ ने ट्रेन के आगे कूदकर जान दी। करौली में बीएलओ की मौत हो गई। सवाई माधोपुर में एक बीएलओ को हार्ट अटैक से मौत हो गई। मध्य प्रदेश में एक रात में 2 बीएलओ की मौत हो गई और एक लापता हो गया, जबकि दो को हार्ट अटैक आया। देश में एसआईआर का इतना विरोध हो रहा है, लेकिन सरकार के ऊपर कोई असर नहीं हो रहा है। इसी से दुखी पश्चिम बंगाल की सीएम ममता बनर्जी ने पैदल मार्च निकालना शुरू कर दिया है। सरकार को चाहिए कि एक बार फिर वह इस बारे में सोच और कोई सकारात्मक समाधान निकाले।

## हमारे देश की आत्मा है संविधान



भारत का संविधान दुनिया के अन्य देशों के लिए भी मार्गदर्शक है, संविधान को जानो, अपनाओ और संविधान के अनुसार जियो, हमारे देश में बोली, भाषा, खानपान सहित अनेक विविधताएं हैं, लेकिन देश की समस्त विविधताओं को एक करने का काम हमारा संविधान करता है, हर विद्यालय, महाविद्यालय के शिक्षण पाठ्यक्रम में संविधान का अध्ययन होना चाहिए भारत का संविधान दुनिया के अन्य देशों के लिए भी मार्गदर्शक है और यह हमारे देश की आत्मा है।

**-ओम बिरला**
**लोकसभा अध्यक्ष**

# यूपी विधानसभा चुनावों में ओवैसी का अखिलेश यादव से मुलाकात का वादा

> रामगढ़ में बसपा उम्मीदवार के जुलूस में एआईएमआईएम के बैनर भी देखे गए। खबर है कि एआईएमआईएम ने अपने समर्थकों से उन जगहों पर बसपा को वोट देने की अपील की जहां उसका कोई उम्मीदवार नहीं था। जबकि बिहार में एआईएमआईएम का चंद्रशेखर आजाद और स्वामी प्रसाद मौर्य की पार्टियों के साथ गठबंधन था। बिहार में बसपा का कुल वोट प्रतिशत 1.62 रहा। ओवैसी ने उत्तर प्रदेश में अपना दल की पल्लवी पटेल और स्वामी प्रसाद मौर्य की राष्ट्रीय शोषित समाज पार्टी के साथ चुनावी गठबंधन के भी संकेत दिए हैं। गौरतलब है कि जून 2021 में एक समाचार चैनल की रिपोर्ट के बाद मायावती ने कहा था, श्यह खबर पूरी तरह से झूठी, भ्रामक और निराधार है।



**एम हसन**

एआईएमआईएम के लिए उत्तर प्रदेश में अपनी जमीन मजबूत करना एक मुश्किल काम है क्योंकि उसे मुसलमानों को अपनी क्षमता का एहसास दिलाना होगा, जबकि सपा अभी तक इस समुदाय पर ऑक्टोपस जैसा नियंत्रण रखती है। यह देखना दिलचस्प होगा कि एआईएमआईएम, गठबंधन में या अकेले, भाजपा विरोधी वोटों को बांट पाती है या नहीं और इससे हिंदुत्व समर्थक ताकतों को एकजुट करने में भी मदद मिल सकती है, क्योंकि उत्तर प्रदेश 2027 के चुनावी संग्राम की ओर बढ़ रहा है।

बिहार विधानसभा चुनाव में 1.85 प्रतिशत वोटों के साथ पांच सीटें जीतने के बाद ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन के अध्यक्ष असदुद्दीन ओवैसी ने अब 2027 के यूपी विधानसभा चुनावों में समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव की राह में रोड़ा अटकाने की धमकी दी है। हालांकि, अपनी पार्टी के लिए मुस्लिम समर्थन की जमीनी हकीकत को अच्छी तरह से जानते हुए अखिलेश यादव ने अब तक ओवैसी के बयानों पर चुप्पी साधे रखी है। हालांकि बिहार में कांग्रेस के निराशाजनक प्रदर्शन के बाद, उत्तर प्रदेश में 2027 के भारतीय गठबंधन का स्वरूप अभी स्पष्ट नहीं है, फिर भी सपा 2027 में पार्टी के साथ चुनावी गठबंधन को लेकर बेहद सतर्क है। 2022 के विधानसभा चुनाव में सपा, कांग्रेस और राष्ट्रीय लोकदल (रालोद) तथा कुछ अलग-अलग गुटों के बीच एक व्यापक गठबंधन था। हालांकि, कांग्रेस केवल दो सीटें ही जीत पाई और रालोद आठ सीटें (2.9 प्रतिशत वोट) जीतने के बाद भाजपा में शामिल हो गई। लगभग 33 प्रतिशत वोटों के साथ सपा ने 111 सीटें जीती थीं। तब एआईएमआईएम का प्रदर्शन बेहद निराशाजनक रहा था। मुस्लिम समुदाय, जो सपा के साथ मजबूती से खड़ा था, ने एआईएमआईएम को पूरी तरह से नजरअंदाज कर दिया था। एआईएमआईएम ने 103 उम्मीदवार उतारे थे, लेकिन एक भी सीट नहीं जीत पाई और उसे केवल 0.49 प्रतिशत वोट मिले। उसे सबसे ज्यादा वोट 36460 (16.27 प्रतिशत) आजमगढ़ के मुबारकपुर से मिले थे, जहां से शाह आलम उर्फ गुड्डू जमाली मैदान में थे। गुड्डू जमाली विधानसभा में बसपा के नेता प्रतिपक्ष थे और चुनाव से पहले सपा में शामिल हो गए थे, लेकिन सपा से टिकट न मिलने पर वे एआईएमआईएम में शामिल हो गए। यह गुड्डू जमाली की व्यक्तिगत छवि ही थी जिसने एआईएमआईएम को भारी वोट दिलाए। इसलिए, बसपा, एआईएमआईएम और कुछ छोटे दलों के तीसरे मोर्चे की किसी भी संभावना की कल्पना करना अभी जल्दबाजी होगी। बसपा प्रमुख मायावती पहले ही यूपी चुनाव अकेले लड़ने का ऐलान कर चुकी हैं। 2022 में, एआईएमआईएम ने छोटे दलों के साथ गठबंधन करने की कोशिशें की थीं, लेकिन यह कोशिश कामयाब नहीं हो पाई। अब बिहार में बसपा और एआईएमआईएम के बीच बहुचर्चित अप्रत्यक्ष गठबंधन के बाद, जहां बसपा विजेता सतीश यादव रामगढ़ ने जीत के बाद एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में मायावती के साथ ओवैसी के पोस्टर लगाए थे, यूपी में दोनों दलों के सपा से मुकाबला करने के लिए एक साथ आने की कहानी गढ़ी जा रही है।

रामगढ़ में बसपा उम्मीदवार के जुलूस में एआईएमआईएम के बैनर भी देखे गए। खबर है कि एआईएमआईएम ने अपने समर्थकों से उन जगहों पर बसपा को वोट देने की अपील की जहां उसका कोई उम्मीदवार नहीं था। जबकि बिहार में एआईएमआईएम का चंद्रशेखर आजाद और स्वामी प्रसाद मौर्य की पार्टियों के साथ गठबंधन था। बिहार में बसपा का कुल वोट प्रतिशत 1.62 रहा। ओवैसी ने उत्तर प्रदेश में अपना दल की पल्लवी पटेल और स्वामी प्रसाद मौर्य की राष्ट्रीय शोषित समाज पार्टी के साथ चुनावी गठबंधन के भी संकेत दिए हैं। गौरतलब है कि जून 2021 में एक समाचार चौनल की रिपोर्ट के बाद मायावती ने कहा था, श्यह खबर पूरी तरह से झूठी, भ्रामक और निराधार है। इसमें जरा भी सच्चाई नहीं है।श मायावती ने तब 2022 में एआईएमआईएम के साथ गठबंधन की संभावना को सिरे से खारिज कर दिया था और वह अपने इस रुख पर अड़ी रहीं। लेकिन अब मायावती उत्तर प्रदेश में मुस्लिम समुदाय का समर्थन हासिल करने की पुरजोर को. शिश कर रही हैं और ओवैसी भाजपा की बी टीम के ठप्पे से छुटकारा पाने के लिए बेताब दिख रहे हैं। यह तभी संभव होगा जब वह बसपा के साथ गठबंधन करने में कामयाब हो जाएं। हालांकि, बसपा सूत्रों ने बताया कि वह अपने मूल वोट बैंक जाटवों की प्रतिक्रिया का आकलन कर रही हैं, जिनकी ग्रामीण इलाकों में मुसलमानों के साथ नजदीकियां बहुत अच्छी नहीं रही हैं, चूंकि इस बहुचर्चित गठबंधन का व्यापक प्रभाव पश्चिमी उत्तर प्रदेश में शाहजहांपुर से लेकर सहारनपुर तक लगभग 100 सीटों पर पड़ सकता है, इसलिए यह देखना दिलचस्प होगा कि क्या जाटव एआईएमआईएम को वोट देने के लिए तैयार होंगे। एआईएमआईएम की तरह, उत्तर प्रदेश का अल्पसंख्यक समुदाय भी बसपा को भाजपा की बी टीम मानता है।

नाम न छापने की शर्त पर एक सपा नेता ने कहा, इसलिए दो बी टीमें सपा से मुकाबला करने के लिए एक साथ आने की कोशिश कर रही हैं। इसमें कोई शक नहीं कि बसपा और एआईएमआईएम के बीच गठबंधन सपा में बड़ी खलबली मचा सकता है और मुस्लिम वोटों के बंटवारे की संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता, लेकिन बसपा को छोड़कर छोटे दलों के साथ गठबंधन से ओवैसी को अपेक्षित परिणाम मिलने की संभावना कम है, जो अखिलेश यादव को सबक सिखाने को तैयार हैं। एआईएमआईएम ने बिहार महागठबंधन से गठबंधन के लिए संपर्क किया था और सिर्फ छह सीटें मांगी थीं, लेकिन यादव परिवार ने हिंदुओं के आक्रोश के डर से इनकार कर दिया। उत्तर प्रदेश में मौजूदा अत्यधिक सांप्रदायिक स्थिति के तहत, मायावती, जो पिछड़े समुदायों को लुभाने और खोए हुए दलित वोट को वापस पाने के लिए पुरजोर प्रयास कर रही हैं, ओवैसी से हाथ मिलाने से पहले गहराई से मूल्यांकन करेंगी, लेकिन दरवाजे के पीछे सौदा, जैसा कि बिहार में कुछ सीटों पर हुआ था, एक संभावना हो सकती है। उन्होंने पश्चिमी उत्तर प्रदेश में समर्थन आधार जुटाने के लिए 6 दिसंबर को नोएडा में एक रैली बुलाई है। पिछले कुछ चुनावों के दौरान बसपा के समर्थन में काफी गिरावट आई है, जो 2022 में लगभग 12 प्रतिशत और 2024 के लोकसभा चुनाव में घटकर नौ प्रतिशत रह गया। प्रतिशत में गिरावट दर्शाती है कि राज्य में जाटव भी भाजपा में चले गए हैं। इस प्रकार बसपा के लिए खोए हुए वोट को वापस लाना और फिर अपनी जीतने योग्य स्थिति में आना एक कठिन कार्य है। पिछले कुछ वर्षों में अधिकांश प्रमुख मुस्लिम नेता बसपा से अन्य दलों में चले गए हैं। एआईएमआईएम के लिए यह काम और भी मुश्किल है क्योंकि उसे मुसलमानों को अपनी क्षमता का एहसास दिलाना होगा, जबकि सपा अभी तक इस समुदाय पर ऑक्टोपस जैसा नियंत्रण रखती है। वरिष्ठ सपा नेता आजम खान की लंबी कैद और रामपुर में उनकी उच्च शिक्षा योजना को मिली क्षति ने समुदाय को काफी ष्भावनात्मक रूप से प्रभावितष किया है। इसलिए, यह देखना दिलचस्प होगा कि क्या एआईएमआईएम, गठबंधन में या अकेले, भाजपा विरोधी वोटों को विभाजित कर पाती है और अप्रत्यक्ष रूप से हिंदुत्व समर्थक ताकतों को एकजुट करने में मदद कर पाती है, क्योंकि उत्तर प्रदेश 2027 के चुनावी समर की ओर बढ़ रहा है।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# विपक्ष मुक्त लोकतंत्र के दुष्प्रयास अभी भी जारी



**तनवीर जाफरी**

7 जून 2013 को गोवा में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की चुनाव अभियान समिति की बैठक के दौरान जिस समय नरेंद्र मोदी को 2014 लोकसभा चुनावों के लिए अभियान समिति का अध्यक्ष मनोनीत किया गया उस समय उन्होंने अपने भाषण में कहा था कि कांग्रेस मुक्त भारत हमारा सपना होना चाहिए। इस आह्वान के फौरन बाद उन्होंने ट्विटर पर भी इसकी पुष्टि करते हुए लिखा था कि वरिष्ठ नेताओं ने मुझ में विश्वास जताया है। हम कांग्रेस मुक्त भारत का निर्माण करने में कोई कसर बाकी नहीं छोड़ेंगे। उसके बाद से अब तक वे इसी बात को दूसरे शब्दों में अपनी चुनावी सभाओं या सार्वजनिक रैलियों आदि में कहते रहते हैं। जैसे कभी देश को ष्कांग्रेस संस्कृति से मुक्तिष दिलाने की बात कभी पंजे से मुक्ति, कभी तुष्टिकरण से मुक्ति तो कभी परिवारवाद व भ्रष्टाचार से मुक्ति के रूप में देश के सबसे बड़े विपक्षी दल कांग्रेस को कोसकर विपक्ष मुक्त लोकतंत्र की अपनी हसरत की अभिव्यक्ति करते रहे हैं। हालांकि 2024 के लोकसभा चुनाव में कांग्रेस की 99 सीटें आने के बाद मोदी की इस हसरत पर विराम लग गया था। फिर भी कांग्रेस के दर्जनों नेताओं को भय लालच आदि के द्वारा अपने पाले में कर कांग्रेस को पूरी तरह कमजोर करने की कोशिश जरूर की गई। अब बिहार चुनाव परिणामों से उत्साहित भाजपा दिल्ली से लेकर कर्नाटक तक एक बार फिर कांग्रेस व विपक्ष को कमजोर करने की कोशिश करने लगी है। इसी उद्देश्य से पिछले दिनों प्रधानमंत्री मोदी ने सूरत में एक कार्यक्रम के दौरान फिर एक बयान दिया है। इस बार मोदी ने कांग्रेस व अन्य विपक्षी सांसदों की पैरवी करते हुए उनके राजनीतिक कैरियर के प्रति चिंता जाहिर की है। मोदी ने कहा कि कांग्रेस के युवा सां. सदों को पार्टी नेतृत्व बोलने नहीं देता, जिससे उनका राजनीतिक कैरियर बर्बाद हो रहा है। उन्होंने यह भी कहा कि जब कांग्रेस और इंडिया गठबंधन के सांसद मुझसे मिलते हैं, तो वे कहते हैं, हम क्या कर सकते हैं? हमारा कैरियर खत्म हो रहा है। हमें संसद में बोलने का मौका ही नहीं मिलता। हर बार यही कहा जाता है कि संसद को ताला लगा दो। उन्होंने कांग्रेस पर और भी हमले किए। मोदी द्वारा विपक्षी सांसदों की फिक्र किए जाने के सन्दर्भ में यह सोचना जरूरी है कि अपनी ही पार्टी के शीर्ष नेताओं का बना बनाया कैरियर समाप्त करने या उन्हें अज्ञातवास अथवा राजनैतिक संन्यास पर भेजने के लिए मजबूर करने वाले प्रधानमंत्री मोदी को आखिर विपक्षी सांसदों के कैरियर की चिंता कैसे सताने लगी ? गुजरात से लेकर दिल्ली तक कितने नेताओं को दरकिनार कर प्रधानमंत्री की कुर्सी तक पहुंचने वाले मोदी को विपक्षी सांसदों के कैरियर की चिंता सताने लगी? लाल कृष्ण आडवाणी ने तो खुद मोदी जी का कैरियर बचाने में उनकी मदद की थी। याद कीजिए 2002 के गुजरात दंगों के बाद तो तत्कालीन प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई ने मोदी को गुजरात के मुख्यमंत्री पद से हटाने की ठान ली थी। उस समय आडवाणी ने ही मोदी का साथ देकर इन की कुर्सी बचाई थी। बाद में मोदी ने आडवाणी जी को कहां पहुंचा दिया ? जिनके पैर छुआ करते थे उन्हें ऐसे मार्ग दर्शन मंडल में भेज दिया जहां से मार्ग दर्शन लेने की किसी को जरूरत ही नहीं होती? मुरली मनोहर जोशी का वाराणसी से टिकट काट कर पहले खुद चुनाव लड़ा बाद में उन्हें भी मार्ग दर्शन मंडल का रास्ता दिखा दिया? मार्गदर्शन मंडल के बारे में बताया गया कि 75 की आयु पार करने वालों को इसमें स्थान मिलेगा परन्तु स्वयं 1950 में जन्मे मोदी भी आज 75 वर्ष की आयु पार कर चुके हैं।

तो क्या 75 के नाम पर अपने अनेक वरिष्ठ नेताओं का कैरियर चौपट करने वाले मोदी जी को स्वयं अपनी आयु 75 होने पर मार्गदर्शक मंडल का रास्ता नजर नहीं आता? केंद्र में 79 वर्षीय जीतन राम मांझी मंत्री बनाए जा सकते हैं। 83 वर्षीय आनंदीबेन पटेल व 81 वर्षीय आचार्य देवव्रत राज्यपाल बनाए जा सकते हैं परन्तु सुब्रमण्यम स्वामी, यशवंत सिन्हा, शत्रुघ्न सिन्हा, अरुण शौरी जैसे नेताओं के कैरियर की कोई फिक्र नहीं ? ऐसे और भी अनेक उदाहरण हैं जो यह दर्शाते हैं कि मोदी को अपने राजनैतिक कैरियर के सिवा किसी और के राजनैतिक कैरियर की कोई फिक्र नहीं होती। लंबे समय तक भाजपा में रहने वाले शत्रुघ्न सिन्हा ने खुद कहा था कि भाजपा में अब लोकतंत्र नहीं, तानाशाही है। पूर्व केंद्रीय मंत्री आर के सिंह को बिहार चुनाव परिणाम आते ही इसलिए पार्टी से निकाल दिया गया क्योंकि उन्होंने न केवल पार्टी के अपराधी नेताओं को पार्टी प्रत्याशी बनाने पर सवाल खड़ा किया था बल्कि अडानी पावर व नीतीश सरकार के बीच हुए कथित 62,000 करोड़ रूपए के बिजली घोटाले का भी खुलासा किया था और इस घोटाले की जांच की मांग की थी। इसलिए कांग्रेस या विपक्षी सांसदों के कैरियर को लेकर चिंतित होना दरअसल उनके कैरियर की चिंता करना नहीं बल्कि अपनी इन कथित चिंताओं का प्रदर्शन कर कांग्रेस व विपक्ष को कमजोर करने की कोशिश मात्र है। कुछ ऐसी ही कोशिशें इन दिनों लालू यादव के परिवार में पड़ी पारिवारिक फूट को लेकर देखी जा रही हैं। यहां भी लालू -तेजस्वी का विरोध करने वाले परिवार के सदस्यों को हवा देने की खबरें आ रही हैं।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# विभिन्न धर्मों व संस्कृतियों को समाहित करता है भारतीय संविधान



**अतुल गोयल**

26 नवम्बर को भारतीय संविधान दिवस मनाया जाता है, जो वास्तव में भारत के लोकतांत्रिक स्वाभिमान का उत्सव है। संविधान सभा ने इसी दिन वह महान दस्तावेज अपनाया था, जिसने हर नागरिक को समान अधिकार, स्वतंत्रता, न्याय और गरिमा का आश्वासन दिया। डॉ. भीमराव अम्बेडकर की दूरदर्शिता और संविधान सभा की सूझ-बूझ ने भारत को विश्व का सबसे बड़ा और सर्वाधिक प्रगतिशील संविधान दिया, जो आज भी हमारी राष्ट्रीय एकता और शक्ति का आधार है। भारतीय संविधान विश्व का सबसे लंबा लिखित संविधान है, जिसे 26 जनवरी 1950 को लागू किया गया था। इसे तैयार करने में करीब तीन वर्ष लंबी अवधि लगी थी। संविधान सभा की अध्यक्षता डॉ। राजेंद्र प्रसाद ने की थी, जिन्होंने इस महान दस्तावेज को अंतिम रूप दिया। डॉ। भीमराव अंबेडकर, संविधान सभा की मसौदा समिति के अध्यक्ष थे, जिन्हें 'भारतीय संविधान के निर्माता' के रूप में जाना जाता है। लोकतंत्र, धर्मनिरपेक्षता और सामाजिक न्याय के सिद्धांतों पर आधारित हमारा संविधान न केवल नागरिकों के अधिकारों की सुरक्षा करता है बल्कि उनके कर्तव्यों को भी परिभाषित करता है। भारत के संविधान को लागू करने के लिए 26 जनवरी का दिन ही इसलिए चुना गया था क्योंकि 1930 में इसी दिन पूर्ण स्वराज्य की घोषणा की गई थी। हालांकि इसे स्वीकृत 26 नवम्बर 1949 को ही कर लिया गया था। इसीलिए 26 नवम्बर को ही 'संविधान दिवस' मनाया जाता है। यह अवसर हमें




संविधान के प्रति सम्मान व्यक्त करने और इसके आदर्शों को बनाए रखने के लिए प्रेरित करता है। यह दिन हमें हमारे संविधान और उसकी विशेषताओं की याद दिलाता है। दरअसल भारतीय संविधान ने देश को एक ऐसा ढ़ांचा प्रदान किया, जो लोकतंत्र, धर्मनिरपेक्षता और न्याय के सिद्धांतों पर आधारित है। यह दिवस हमें संविधान निर्माताओं के योगदान और उनकी मेहनत को याद करने का अवसर देता है। संविधान निर्माण की मांग का इतिहास 19वीं सदी के अंत से ही शुरू हो गया था। सन् 1895 में लोकमान्य बाल गंगाधर तिलक ने यह मांग की थी कि भारत का संविधान भारतीयों द्वारा ही बनाया जाना चाहिए। उनके सहयोगियों द्वारा तैयार किए गए स्वराज्य विधेयक के प्रारूप को ब्रिटिश सरकार ने ठुकरा दिया था। वह पहली बार था, जब स्वतंत्र संविधान सभा के गठन की बात उठाई गई थी। 1922 में महात्मा गांधी ने कहा था कि भारत का राजनैतिक भविष्य भारतीय स्वयं तय करेंगे। उसी के तहत 1924 में पं। मोतीलाल नेहरू ने संविधान सभा के गठन की मांग उठाई। हालांकि, वह मांग भी अंग्रेजों द्वारा अस्वीकार कर दी गई थी। उसके बाद संविधान सभा की मांग लगातार उठती रही लेकिन ब्रिटिश सरकार उसे मानने के लिए तैयार नहीं थी। 1939 में भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस ने अपने अधिवेशन में यह प्रस्ताव पारित किया कि स्वतंत्र भारत के संविधान का निर्माण केवल संविधान सभा द्वारा ही किया जा सकता है। इसके बाद 1940 में ब्रिटिश सरकार ने उस मांग को स्वीकार किया कि भारत का संविधान भारत के लोगों द्वारा बनाया जाएगा। 1942 में ब्रिटिश सरकार ने भारत में संविधान निर्माण की प्रक्रिया को आगे बढ़ाने के लिए क्रिप्स कमीशन का गठन किया। क्रिप्स मिशन ने अपनी रिपोर्ट में कहा कि भारत में एक निर्वाचित संविधान सभा का गठन किया जाएगा, जो भारत के संविधान का प्रारूप तैयार करेगी। यह प्रस्ताव भारतीय स्वतंत्रता संग्राम में एक महत्वपूर्ण मोड़ साबित हुआ। 9 दिसंबर 1946 को सच्चिदानंद सिन्हा की अध्यक्षता में संविधान सभा की पहली बैठक आयोजित की गई। हालांकि, मुस्लिम लीग ने अलग पाकिस्तान की मांग को लेकर उस बैठक का बहिष्कार किया। इसके बावजूद संविधान निर्माण की प्रक्रिया जारी रही। 11 दिसंबर 1946 को संविधान सभा की बैठक में डॉ। राजेंद्र प्रसाद को इसका स्थाई अध्यक्ष चुना गया। वे संविधान निर्माण की पूरी प्रक्रिया के दौरान इस पद पर बने रहे। उनकी अध्यक्षता में संविधान सभा ने अनेक महत्वपूर्ण निर्णय लिए और संविधान का प्रारूप तैयार किया। 14 अगस्त 1947 को भारत डोमिनियन की प्रभुत्ता सम्पन्न संविधान सभा ने पुन: बैठक की। उस बैठक में 29 अगस्त 1947 को संविधान निर्मात्री समिति का गठन किया गया और डॉ. भीमराव अंबेडकर को सर्वसम्मति से उसका अध्यक्ष नियुक्त किया गया।

डॉ. अंबेडकर को भारतीय संविधान का मुख्य शिल्पकार माना जाता है। संविधान प्रारूप समिति की बैठकें कुल 114 दिनों तक चली। संविधान निर्माण के लिए विभिन्न वर्गों, समुदायों और संगठनों के सुझावों को ध्यान में रखा गया। भारतीय संविधान के निर्माण में कुल 2 वर्ष, 11 माह और 18 दिन का समय लगा। इस कार्य पर कुल 63 लाख 96 हजार 729 रूपए का खर्च हुआ। यह अपने आप में एक विशाल और जटिल कार्य था, जिसमें संविधान सभा के सदस्यों ने दिन-रात कड़ी मेहनत की। संविधान निर्माण के दौरान संविधान सभा ने कुल 7635 सूचनाओं पर चर्चा की गई। भारत के संविधान को भारत की विविधता और एकता को ध्यान में रखते हुए तैयार किया गया, जो विभिन्न धर्मों, भाषाओं और संस्कृतियों को समाहित करता है। भारत का संविधान दुनिया का सबसे लंबा लिखित संविधान है, जिसमें विभिन्न विषयों को विस्तारपूर्वक शामिल किया गया है। संविधान में भारत को एक संघीय राज्य घोषित किया गया है, जिसमें केंद्र और राज्य सरकारों के बीच शक्तियों का विभाजन किया गया है। भारतीय संविधान नागरिकों को छह प्रमुख मूल अधिकार प्रदान करता है। यह अधिकार नागरिकों की स्वतंत्रता और समानता की गारंटी देते हैं। भारत में संसदीय प्रणाली अपनाई गई है, जिसमें कार्यपालिका विधायिका के प्रति उत्तरदाई होती है। भारतीय संविधान न्यायपालिका को स्वतंत्र और निष्पक्ष बनाए रखने की व्यवस्था करता है। संविधान में समय-समय पर संशोधन की व्यवस्था की गई है ताकि इसे समय के साथ प्रासंगिक बनाए रखा जा सके। भारत का संविधान लागू हुआ था और उसके बाद से संविधान में कई संशोधन किए गए हैं। अब तक इसमें 440 से भी अधिक अनुच्छेद और 12 अनुसूचियां शामिल हो चुकी हैं। भारतीय संविधान समय के साथ बदलते सामाजिक, आर्थिक, और राजनैतिक परिप्रेक्ष्य को ध्यान में रखते हुए संशोधित किया जाता रहा है। डॉ. भीमराव अंबेडकर भारतीय संविधान के प्रमुख शिल्पकार थे।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# भारत की सख्ती के बाद चीन ने पल्ला झाड़ा

## शंघाई एयरपोर्ट विवाद में नया मोड-बीजिंग ने अरुणाचल की महिला के साथ दुर्व्यवहार का किया खंडन

**बीजिंग/नई दिल्ली।** चीन ने शंघाई एयरपोर्ट पर अरुणाचल प्रदेश की एक भारतीय महिला को परेशान किए जाने के आरोपों को सख्ती से खारिज कर दिया है। बीजिंग में चीनी विदेश मंत्रालय ने कहा कि लंदन से जापान जा रही भारतीय नागरिक पेमो वांगजॉम थोंगडोक के साथ कोई दुर्व्यवहार, हिरासत या दबाव नहीं डाला गया। यह बयान ऐसे समय आया है जब घटना के बाद भारत ने बीजिंग और दिल्ली दोनों जगह चीन को कड़ा विरोधपत्र सौंपा है और साफ कहा है कि अरुणाचल प्रदेश भारत का अभिन्न हिस्सा है।



■ सीमा पर चीन लगातार बढ़ा रहा ताकत, हवाईपट्टी से लेकर रेल नेटवर्क तक बनाने में जुटा, हरकतें जारी

चीनी विदेश मंत्रालय की प्रवक्ता माओ निंग ने आरोपों को खारिज करने के साथ ही यह भी कहा कि थोंगडोक की यात्रा के दौरान चीनी इमिग्रेशन अधिकारियों ने सिर्फ कानून और नियमों के अनुसार प्रक्रिया अपनाई। उन्होंने कहा कि न तो महिला को किसी जबरन कार्रवाई का सामना करना पड़ा और न ही उसे हिरासत में लिया गया। माओ निंग ने कहा कि जांच पूरी तरह कानूनी थी और कानून प्रवर्तन निष्पक्ष रहा। साथ ही उन्होंने दावा किया कि एयरलाइंस ने उन्हें आराम की सुविधा और भोजन भी उपलब्ध कराया। थोंगडोक, जो यूके स्थित भारतीय नागरिक हैं, 21 नवम्बर को लंदन से जापान जा रही थीं। उनका तीन घंटे का ट्रांजिट था, लेकिन उन्होंने आरोप लगाया कि चीनी अधिकारियों ने उनका पासपोर्ट अमान्य बताकर उन्हें रोक लिया। उनका कहना है कि यह इसलिए किया गया, क्योंकि उनके पासपोर्ट में जन्मस्थान अरुणाचल प्रदेश दर्ज है। सोशल मीडिया पर साझा किए गए अपने पोस्ट में उन्होंने बताया कि उन्हें 18 घंटे तक रोका गया और बार-बार पूछताछ की गई। उन्होंने कहा कि यह अनुभव उनके लिए अपमानजनक रहा।

दिल्ली में आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि घटना के दिन ही भारत ने चीन को कड़ा डिमार्श जारी किया। भारत ने साफ कहा कि अरुणाचल प्रदेश 'निस्संदेह' भारतीय क्षेत्र है और वहां के लोग भारतीय पासपोर्ट पर दुनिया में कहीं भी यात्रा करने का पूरा अधिकार रखते हैं। भारतीय वाणिज्य दूतावास ने शंघाई में स्थानीय स्तर पर तुरंत दखल दिया और महिला को सहायता प्रदान की। दूतावास अधिकारियों की मदद से वह देर रात की उड़ान से शंघाई छोड़ सकीं। अरुणाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री पेमा खांडू ने घटना पर नाराजगी जताते हुए इसे अंतरराष्ट्रीय मानकों का उल्लंघन बताया। उन्होंने कहा कि एक भारतीय नागरिक के साथ ऐसा व्यवहार अस्वीकार्य है और यह घटना चीन के रवैये को उजागर करती है।

खांडू ने कहा कि इस तरह की कार्रवाई भारतीय नागरिकों की गरिमा को ठेस पहुंचाने वाली है और भारत को इसे गंभीरता से लेना चाहिए। उन्होंने प्रभावित महिला के साहस की भी सराहना की, जिन्होंने कठिन परिस्थितियों में भारतीय दूतावास से संपर्क किया। वहीं तिब्बत से लगती सीमा पर चीन की पीपुल्स लिबरेशन आर्मी (पीएलए) वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) के करीब लगातार अपनी स्थिति को मजबूत करने में जुटी हुई है। चीनी सेना ने इस इलाके में रसद केंद्र से लेकर संपर्क मजबूत करने के लिए सुविधाएं स्थापित की हैं। हाल ही में चीन ने तिब्बत में एक ड्रोन (मानवरहित हवाई वाहन) परीक्षण केंद्र की स्थापना की है। माना जा रहा है कि 4300 मीटर की ऊंचाई पर बने इस परीक्षण केंद्र में पीएलए और चीनी ड्रोन निर्माता को इन यूएवी के भीषण मौसम और उच्च ऊंचाई वाले हालातों में परीक्षण में मदद मिलेगी।

इस नई एयरफील्ड में एक 720 मीटर लंबी एक हवाईपट्टी, चार हैंगर्स और प्रशासनिक इमारतें शामिल हैं। गौरतलब है कि तिब्बत के पठार का पहाड़ी इलाका और भीषण मौसम सैन्य अभियानों और रसद पहुंचाने की कोशिशों में काफी चुनौतियां पैदा करता है। इस इलाके में तैनात पीएलए के नए रंगरूटों को कई बार ऊंचाई से होने वाली बीमारियों की वजह से अतिरिक्त ऑक्सीजन की जरूरत पड़ती है। चीन की ये हरकतें भारत की जमीनी सीमाओं तक ही सीमित नहीं हैं। दक्षिणी चीन सागर में उसने फिर से पाई गई जमीन पर सैन्य सुविधाएं स्थापित की हैं। इनमें हथियारों को स्थापिक करने से लेकर मुख्य इलाकों में लगातार उपस्थिति बनाए रखने जैसी चीजें शामिल हैं। अमेरिकी वायुसेना के अंतर्गत आने वाले चीन एयरोस्पेस अध्ययन संस्थान (सीएएसआई) की सितम्बर, 2025 की रिपोर्ट के मुताबिक तिब्बत के अंदर और बाहर परिवहन नेटवर्क के अभाव चीनी सेना की भारत की सीमा पर सैन्यबल तैनात करने में एक प्रमुख वजह है।



छत्तीसगढ़। बस्तर जिले के बुरुंडवाड़ा सेमरा गांव में बूथ लेवल अधिकारी (बीएलओ) मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के लिए गणना फॉर्म भरने में मतदाताओं की सहायता करते हुए।

# इजरायली पीएम नेतन्याहू का भारत दौरा फिर टला

**तेल अवीव।** इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू इस साल के अंत में भारत की यात्रा पर आने वाले थे, लेकिन अब एक बार फिर उन्होंने अपनी इस यात्रा को टाल दिया है। उनकी यह यात्रा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात के लिए तय की गई थी। सूत्रों के अनुसार, यह कदम नई दिल्ली में हुए एक भयानक आतंकवादी हमले के बाद सुरक्षा कारणों से उठाया गया है। इस हमले में कम से कम 15 लोग मारे गए और दर्जनों लोग घायल हुए।

मीडिया रिपोर्ट की माने तो नेतन्याहू अब अगले साल नई तारीख तय करेंगे, जब सुरक्षा परिस्थितियों का आकलन हो जाएगा। बता दें कि इस बार को लगाकर इस साल इजरायली पीएम नेतन्याहू ने तीन बार भारत की यात्रा रद्द की है। पहले उन्होंने नौ सितम्बर को भारत यात्रा रद्द की थी। इसका कारण था इजरायल में 17 सितम्बर को होने वाले चुनाव

■ बेंजामिन नेतन्याहू अब अगले साल नई तारीख तय करेंगे

और उससे जुड़े कार्यक्रम। इसके पहले अप्रैल में भी उनकी यात्रा रद्द हो गई थी। नेतन्याहू का भारत यात्रा इजरायल में उनके वैश्विक स्वीकार्यता दिखाने के प्रयास के रूप में देखा जा रहा था। कारण है कि इस साल जुलाई में उनकी पार्टी ने नेतन्याहू की पीएम मोदी, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प और रूस के राष्ट्रपति पुतिन के साथ तस्वीर वाले पोस्टर लगाकर उनकी छवि को मजबूत करने की कोशिश की थी। हालांकि इस बात में भी कोई दोहराई नहीं है कि उनका चुनाव अभियान हमेशा से यह दिखाने पर केंद्रित रहा है कि वह दुनिया के नेताओं के साथ घनिष्ठ संबंध रखते हैं, जो कि इजरायल की सुरक्षा के लिए महत्वपूर्ण हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### यूक्रेन शांति योजना पर रूस की प्रतिक्रिया

**मॉस्को।** रूस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने सोमवार को कहा कि यूक्रेन संकट के समाधान के लिए यूरोपीय संघ का शांति प्रस्ताव रूस को पता है, लेकिन इसके प्रावधान 'अरचनात्मक' माने जा रहे हैं। रूसी राष्ट्रपति के सहयोगी यूरी उशाकोव ने कहा कि इस शांति प्रस्ताव को लेकर बहुत सारी अटकलें लगाई जा रही हैं, लेकिन रूस केवल संयुक्त राज्य अमेरिका से सीधे प्राप्त जानकारी पर ही भरोसा करता है। उशाकोव ने कहा कि अलास्का में चर्चा किए गए प्रस्ताव के कई प्रावधान मॉस्को को स्वीकार्य हैं। रूसी मीडिया के अनुसार, तथाकथित 'यूरोपीय प्रस्ताव' में अमेरिका द्वारा पहले प्रस्तावित 28-सूत्रीय शांति योजना में कई बड़े बदलाव किए गए हैं।

### रूस के साथ ऊर्जा साझेदारी को मजबूत को तैयार चीन

**बीजिंग।** चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने कहा है कि उनका देश रूस के के साथ व्यापक ऊर्जा साझेदारी को मजबूत करने के लिए तैयार है। चीनी राष्ट्रपति ने राजधानी बीजिंग में चल रहे सातवें चीन-रूस ऊर्जा व्यापार फोरम के प्रतिभागियों को टेलीग्राम के माध्यम से यह संदेश भेजा। चाइना सेंट्रल टेलीविजन (सीसीटीवी) ने टेलीग्राम संदेश के हवाले से बताया कि चीन रूस के साथ मिलकर व्यापक ऊर्जा साझेदारी को और मजबूत करने तथा संयुक्त रूप से वैश्विक ऊर्जा उत्पादन को बढ़ाने के लिए काम करने को तैयार है। साथ ही, आपूर्ति श्रृंखला की स्थिरता तथा सुचारू संचालन बनाए रखने के लिए भी काम करने के लिए सहमत है।

### ड्रोन हमले में मरने वालों की संख्या बढ़कर तीन हुई

**मॉस्को।** रूस के रोस्तोव इलाके में ड्रोन हमलों के बाद दो और लोगों की मौत हो गई, जिससे रविवार रात मरने वालों की कुल संख्या तीन हो गई। गवर्नर यूरी स्ल्यूसर ने यह जानकारी दी। स्ल्यूसर ने पहले कहा था कि रोस्तोव इलाके में यूक्रेनी आर्म्ड फोर्सेज़ के हमलों में घायलों की संख्या बढ़कर 10 हो गई है, जिसमें टैगानरोग में एक व्यक्ति की मौत हो गई। गवर्नर ने टेलीग्राम पर कहा कि दुर्भाग्य से डॉक्टर दो और लोगों को नहीं बचा पाए, वे अस्पताल में अपने घावों से मर गए।

# इथियोपिया में 12 हजार साल बाद ज्वालामुखी फटा

**अदीस अबाबा।** इथियोपिया का हेली गुब्बी ज्वालामुखी 12 हजार साल बाद रविवार को फट गया। इस विस्फोट से उठने वाली राख और सल्फर डाइऑक्साइड करीब 15 किमी ऊंचाई तक पहुंच गई। यह लाल सागर पार करते हुए यमन और ओमान तक फैल गई।

सोमवार रात करीब 11 बजे यह राख इथियोपिया से 4300 किमी दूर भारत के राजस्थान, गुजरात, महाराष्ट्र, दिल्ली-एनसीआर और पंजाब तक फैल गई। भारतीय मौसम विज्ञान विभाग (आईडीएफ) ने कहा है कि राख के बादल मंगलवार शाम 7:30 बजे तक भारत से साफ हो जाएंगे और चीन की ओर बढ़ जाएंगे। इस गुबार की वजह से एअर इंडिया ने अपनी 11 उड़ानें रद्द कर दी थीं। एक्सपर्ट्स ने बताया था कि इस गुबार की ऊंचाई

■ राख का 15km ऊंचा गुबार उठा, 4300km दूर दिल्ली पहुंचा, एअर इंडिया की 11 उड़ानें रद्द

इतनी ज्यादा थी कि आम लोगों की जिंदगी पर इसका असर काफी कम हुआ। फिलहाल ज्वालामुखी शांत हो गया है, लेकिन विशेषज्ञों का कहना है कि शील्ड वोल्केनो में शुरुआती विस्फोट के बाद कभी-कभी दोबारा धमाके भी हो सकते हैं। वैज्ञानिकों को यह पता लगाने के लिए कि वहां क्या हो रहा है, सैटेलाइट तस्वीरों और रिमोट सेंसिंग तकनीक पर ही भरोसा करना पड़ रहा है। यह विस्फोट अफार इलाके में हेली गुब्बी ज्वालामुखी में हुआ। यह इतना पुराना और शांत ज्वालामुखी था कि आज तक इसका कोई रिकॉर्ड नहीं था।

# पाकिस्तान ने की आधी रात अफगानिस्तान में 3 एयरस्ट्राइक

## 9 बच्चे और 1 महिला की मौत, तालिबान की चेतावनीः सही समय पर मुंहतोड़ जवाब देंगे

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान ने सोमवार को आधी रात अफगानिस्तान के तीन प्रांत खोस्त, कुनार और पक्तिका में एयरस्ट्राइक की। खोस्त पर किए गए हमले में 10 आम लोगों की मौत हो गई, जिनमें 9 बच्चे और एक महिला शामिल हैं। तालिबान के प्रवक्ता जबीउल्लाह मुजाहिद ने बताया कि खोस्त प्रांत के मुगलगई इलाके में रात करीब 12 बजे पाकिस्तानी विमानों ने एक घर पर बमबारी की। इस हमले में 5 लड़के, 4 लड़कियां और एक महिला की मौत हो गई।

वहीं कुनार और पक्तिका प्रांतों में पाकिस्तान के हमले और छापेमारी में चार नागरिक घायल हो गए। अफगानिस्तान का कहना है कि पाकिस्तान ने यह हमला करके इस्तांबुल में हुए सीजफायर करार को तोड़ा है। घटना के बाद मंगलवार को मुजाहिद ने कहा कि अफगानिस्तान सही समय पर इसका मुंहतोड़ जवाब देगा। उन्होंने सोशल मीडिया पर एक बयान में



■ खोस्त प्रांत के मुगलगई इलाके में रात करीब 12 बजे पाकिस्तानी विमानों ने एक घर पर बमबारी कीः जबीउल्लाह

कहा कि इस्लामिक अमीरात इस हमले की निंदा करता है, अपने हवाई क्षेत्र, क्षेत्र और लोगों की रक्षा करना उसका अधिकार है। इस घटना पर पाकिस्तान की सेना और विदेश मंत्रालय की ओर से अभी तक कोई प्रतिक्रिया नहीं आई है। यह हमला ऐसे समय हुआ जब पाकिस्तान खुद भी सुरक्षा चुनौतियों से जूझ रहा था। इसी शाम पाकिस्तान के पेशावर शहर में फंटियर कांस्टेबुलरी मुख्यालय पर हमला हुआ। यह मुख्यालय सैन्य कैंट क्षेत्र के पास स्थित है। इस आत्मघाती हमले में 6 लोग मारे गए, जिनमें 3 कमांडो और 3 हमलावर शामिल हैं। कई लोग घायल भी हुए हैं। पुलिस की शुरुआती रिपोर्ट के मुताबिक हमलावर खुद को चादर से ढककर पहुंचा था। उसने चौकी पर पहुंचते ही खुद को उड़ा लिया। इसमें 3 पुलिसकर्मी मारे गए। सिक्योरिटी फोर्स के हेडक्वार्टर पर हमले के बाद इलाके में धुआं फैल गया। पाकिस्तान और अफगानिस्तान के बीच हाल के महीनों में तनाव काफी बढ़ा है। अक्टूबर में दोनों देशों की सेनाओं के बीच हुई झड़पों में दर्जनों लोग मारे गए थे, जो 2021 में तालिबान की सत्ता वापसी के बाद सबसे भीषण हिंसा थी। दोनों देशों ने अक्टूबर में दोहा में युद्धविराम समझौते पर हस्ताक्षर किए थे, लेकिन इसके बाद तुर्की में हुई शांति वार्ता किसी लंबे समझौते पर नहीं पहुंच सकी। मतभेद उन उग्रवादी संगठनों को लेकर सामने आए, जिन्हें पाकिस्तान अपने खिलाफ बताता है और जो अफगानिस्तान में पनाह लेते हैं। पाकिस्तान बार-बार अफगानिस्तान पर आरोप लगाता है कि वह पाकिस्तान-तालिबान (टीटीपी) को अपनी धरती से पाकिस्तान में हमले करने दे रहा है। हालांकि, काबुल बार-बार इन आरोपों से इन्कार करता रहा है। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, अफगान सरकार सीधे तौर पर टीटीपी के साथ मिलकर काम नहीं कर रही, लेकिन वह इसे रोकने के लिए भी कोई कदम नहीं उठा रही है। तालिबान सरकार को डर है कि अगर वह टीटीपी पर सख्ती करेगी तो उसके अंदर बगावत हो सकती है।

# खालिस्तानी आतंकियों ने तिरंगे का किया अपमान

## 'भारतीय पीएम को मारो' के नारे लगाए, बच्चे-प्रेग्नेंट महिलाएं शामिल

**ओटावा।** कनाडा के ओटावा में खालिस्तान जनमत संग्रह के दौरान खालिस्तानी आतंकियों ने भारतीय ध्वज शतिरंगेश का अपमान किया। इन लोगों ने भारतीय पीएम और अधिकारियों को मार डालने के नारे लगाए। ये लोग एक अनौपचारिक और गैर-कानूनी वोटिंग में हिस्सा ले रहे थे, जिसे 'खालिस्तान रेफरेंडम' कहा जा रहा है।

इस वोटिंग में एक सवाल पूछा जा रहा था कि श्क्या पंजाब को भारत से अलग करके एक नया आजाद देश खालिस्तान बनाया जाना चाहिए? मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, हजारों लोगों ने इसमें भाग लिया। लोग सुबह से शाम तक पीले रंग के खालिस्तान झंडे हाथ में लेकर करीब दो किलोमीटर लंबी कतार में खड़े रहे। इसका आयोजन आतंकवादी संगठन सिख फॉर जस्टिस (एसएफजे) ने किया था। आयोजकों का दावा है कि ओंटेरियो, अल्बर्टा, ब्रिटिश कोलंबिया और क्यूबेक प्रांतों से



■ पंजाब को अलग करने पर वोटिंग की

53000 से ज्यादा खालिस्तान समर्थक वोट डालने आए। लोग छोटे-छोटे बच्चे, प्रेग्नेंट महिलाओं और बुजुर्गों के साथ आए। वोटिंग स्थल मैकनैब कम्युनिटी सेंटर के बाहर खालिस्तान समर्थकों ने भारत के प्रधानमंत्री, गृह मंत्री और दूसरे नेताओं के खिलाफ 'मार डालो-मार डालो' जैसे नारे लगाए गए। लोगों को भारत के खिलाफ उकसाया। कनाडाई पीएम मार्क कार्नी ने हाल ही में दक्षिण अफ्रीका में जी-20 समिट के दौरान पीएम मोदी से मुलाकात की थी। एसएफजे ने इस बात पर सवाल उठाया कि जब कनाडा में भारत-विरोधी और अलगाववादी गतिविधियां हो रही हैं, तब कनाडाई पीएम भारतीय पीएम से क्यों मिले। भारत सरकार ने इस आयोजन को अवैध बताया और कहा कि यह भारत की संप्रभुता पर हमला है। कनाडा की धरती का इस्तेमाल भारत तोड़ने के लिए किया जा रहा है। दूसरी तरफ भारत और कनाडा ने ट्रेड डील के लिए फिर से बातचीत शुरू करने का ऐलान किया है। दो साल के तनाव के बाद अब दोनों देश व्यापार समझौते पर बातचीत के लिए तैयार हुए हैं। यह फैसला जोहांसबर्ग में जी-20 समिट के दौरान पीएम मोदी और कनाडा के प्रधानमंत्री मार्क कार्नी की द्विपक्षीय मुलाकात में लिया गया है। ऐलान के बाद कॉमर्स एंड इंडस्ट्री मिनिस्टर पीयूष गोयल ने सोमवार को कहा कि 2030 तक दोनों देशों के बीच व्यापार 50 बिलियन डॉलर (4.45 लाख करोड़) तक ले जाने का टारगेट है।

# चीनी अंतरिक्ष यान का सफल प्रक्षेपण

**बीजिंग।** चीन ने मंगलवार को स्पेस स्टेशन से जुड़े अपने मलबे से टकराए स्पेसशिप की जगह एक नया स्पेसक्राफ्ट सफलतापूर्वक लॉन्च किया, जिससे उसके क्रू प्रोग्राम का पहला इमरजेंसी लॉन्च पूरा हो गया। नया लॉन्च किया गया शेनझोउ-22 स्पेसशिप, जो तियांगोंग स्पेस स्टेशन से डॉक किया गया है, ऑर्बिट में मौजूद तीन एस्ट्रोनॉट्स के लिए एक वापसी का स्पेसक्राफ्ट देगा, जो अगले साल अप्रैल में लौटने वाले हैं। पिछले क्रू ने 14 नवम्बर को अपने वापसी स्पेसक्राफ्ट का इस्तेमाल घर लौटने के लिए किया था, जब उनका स्पेसशिप मलबे से टकरा गया था, जिससे व्यू विंडो खराब हो गई थी और वह असुरक्षित हो गई थी। इससे मौजूदा तीन सदस्यों वाले क्रू के पास इमरजेंसी की स्थिति में

■ आईएसएस से चालक दल की वापसी का मिशन अगले वर्ष अप्रैल में वापस लौटेंगे यात्री

बचने का कोई सुरक्षित तरीका नहीं बचा। बता दें कि चीन हर छह महीने में अपने स्पेस स्टेशन के क्रू को रोटेट करता है।

चाइना मैन्ड स्पेस एजेंसी (सीएमएसए) ने कहा कि मंगलवार को, बिना पायलट वाला शेनझोउ-22 स्पेसशिप स्पेस फूड, मेडिकल सप्लाई, ताजे फल और सब्जियों का कार्गो ले गया, साथ ही शेनझोउ-20 स्पेसशिप की टूटी हुई खिड़की को ठीक करने के लिए डिवाइस भी थे। इसका इस्तेमाल अगले साल अप्रैल में मौजूदा तीन मेंबर क्रू को वापस लाने के लिए किया जाएगा। सीएमएसए ने कहा कि क्षतिग्रस्त स्पेसशिप को रिपेयर किया जाएगा और आखिरकार यह धरती पर वापस आएगा, लेकिन सिर्फ कार्गो के साथ और बिना एस्ट्रोनॉट्स के। शेनझोउ-22 स्पेसशिप को लॉन्ग मार्च-2एफ वाई22 कैरियर रॉकेट के ऊपर, उत्तर-पश्चिम चीन के जिउक्वान सैटेलाइट लॉन्च सेंटर से लॉन्च किया गया था। लॉन्च के लगभग 10 मिनट बाद, स्पेसशिप रॉकेट से अलग हो गया और अपनी तय ऑर्बिट में चला गया और बाद में स्पेस स्टेशन से डॉक हो गया। सीएमएसए ने लॉन्च मिशन को पूरी तरह सफल बताया। चीन ने अपना स्पेस स्टेशन तब बनाया जब उसे कथित तौर पर इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन (आईएसएस) से बाहर कर दिया गया था, क्योंकि इस बात की चिंता थी कि चीन का स्पेस प्रोग्राम उसकी मिलिट्री की तरफ से कंट्रोल किया जाता है।

# भारत में बचे 5800 मेनाशे यहूदियों को ले जाएगा इजरायल

**तेल अवीव।** इजराइल ने भारत के पूर्वोत्तर राज्यों में रहने वाले बनेई मेनाशे समुदाय के बचे हुए 5800 यहूदियों को अपने यहां बसाने का फैसला किया है। इन्हें अगले 5 साल में इजराइल ले जाया जाएगा।

ज्यूइश एजेंसी फॉर इजराइल के मुताबिक, सरकार ने रविवार को इस प्लान को मंजूरी दी है। इसके तहत 2030 तक पूरी कम्युनिटी को इजराइल में बसाया जाएगा। इनमें से 1200 लोगों को 2026 में बसाने के लिए पहले ही मंजूर किया जा चुका हैं। ये वे लोग हैं जिनके करीबी रिश्तेदार पहले से इजराइल में बस चुके हैं। 2005 में इजराइल के धार्मिक गुरु लोमो अमार ने इस समुदाय को इजराइली मूल के लोगों की मान्यता दी थी। अभी लगभग इस समुदाय के 2500 लोग इजराइल में रह रहे हैं। वर्तमान में इस समुदाय के कई युवा इजराइली सेना में कॉम्बैट यूनिट्स में सेवाएं दे रहे हैं। इजराइल सरकार के फैसले के बाद यहूदी धर्मगुरुओं (रब्बियों) की अब तक की सबसे बड़ी टीम भारत आएगी है। यह पिछले दस वर्षों में भारत आने वाली पहली आधिकारिक धार्मिक जांच टीम होगी। टीम में रब्बी (यहूदी धर्मगुरु) और धार्मिक कानून (हलाखा) के जानकार शामिल होंगे। यह टीम पूर्वोत्तर भारत के बनेई मेनाशे समुदाय के उन सदस्यों की धार्मिक पहचान की जांच करेगी।

# फ्लाइट में पजामा-चप्पल पहनना बंद करें

## अमेरिकी ट्रांसपोर्ट मिनिस्टर एयरपोर्ट ने कहाः ड्राइंग रूम नहीं समझे

**वाशिंगटन।** अमेरिका के ट्रांसपोर्ट मिनिस्टर शॉन डफी ने लोगों से फ्लाइट के दौरान पजामा, स्लीपर और दूसरे घरेलू कपड़े पहनकर एयरपोर्ट नहीं आने को कहा है।

उन्होंने कहा कि, बच्चों को कुछ छूट मिल सकती है, लेकिन बड़ों को एयरपोर्ट को अपना ड्राइंग रूम समझने की जरूरत नहीं। उन्होंने बताया कि पिछले कुछ सालों में हवाई यात्रियों की सभ्यता में बहुत गिरावट आई है, इसलिए थैंक्स गिविंग की छुट्टियों से पहले पूरे देश में 'सभ्यता अभियान' शुरू किया जा रहा है। न्यू जर्सी के नेवार्क एयरपोर्ट पर शॉन डफी ने कहा कि कृपया एयरपोर्ट पर स्लीपर और पजामा पहनकर न आएं। जींस और एक साफ-सुथरी शर्ट ही काफी है।



■ बच्चों को कुछ छूट मिल सकती है

थोड़ा सम्मान के साथ कपड़े पहनें तो सबका सफर बेहतर हो जाएगा। उन्होंने यात्रियों से कहा कि पायलट और फ्लाइट अटेंडेंट से 'प्लीज' और 'थैंक यू' बोलें, दूसरों की बैग रखने में मदद करें ये छोटी-छोटी बातें पूरे सफर को खुशगवार बना देती हैं। दरअसल, एफएए के आंकड़ों के मुताबिक 2019 के बाद फ्लाइट में झगड़े और बदतमीजी के मामले 400 प्रतिशत तक बढ़ गए हैं। वहीं, बिहेवियरल एक्सपर्ट का कहना है कि कपड़े सिर्फ फैशन नहीं, सम्मान दिखाते हैं। टेक्सास की एटिकेट एक्सपर्ट डायने गॉट्समैन बोलीं पजामा घर में ठीक है, एयरपोर्ट पर नहीं। पूर्व फ्लाइट अटेंडेंट जैकलीन व्हिटमोर ने कहा जैसे कपड़े पहनते हैं, वैसा ही व्यवहार करने लगते हैं। अच्छे कपड़े पहनने से आत्म-सम्मान बढ़ता है और दूसरों के प्रति भी आदर दिखता है। विशेषज्ञों का मानना है कि अच्छे कपड़े पहनना अमीरी-गरीबी का सवाल नहीं, बल्कि एक-दूसरे के प्रति सम्मान का मामला है।

यौन समस्याएं
यौन समस्याओं के विशेषज्ञ

पुराने से पुराने यौन रोग के मरीज एक बार अवश्य मिलें
डा. सम्राट
नशामुक्ति, शराब, बीड़ी, सिगरेट, गुटखा तम्बाकू, प्रोक्सीवॉन कैप्सूल अफीम, चरस, डोडे पोस्त इंजेक्शन व अन्य नशा छुड़ाने का स्थायी ईलाज।
नावल्टी सिनेमा चौक
मुजफ्फरनगर (यू.पी.)
M-9412211108